

के लिए संपर्क करें मो0:
9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 109 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 28 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

# दंगामुक्त यूपी से बदली तस्वीर, दंगाइयों के हितैषियों पर आजीविका का संकट: मुख्यमंत्री योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रदेश को दंगा मुक्त बनाए रखने के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश में दंगाइयों और उनके हितैषियों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है, जबकि प्रदेश के नौजवानों को रोजगार के नए-नए अवसर मिल रहे हैं।

### अयोध्या में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

अयोध्या में नकहा रेलवे ओवरब्रिज और खजांची फ्लाईओवर का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, “यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। बीमारू प्रदेश की छवि से ब्रेक लेकर अब उत्तर प्रदेश पहचान की एक नई रिकोर्डिंग प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ चला है।”

### परिवारवाद और जातिवाद पर हमला

सीएम योगी ने कहा कि जब प्रदेश विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ता है तो परिवारवादी और जातिवादी मानसिकता के लोगों को यह बर्दाश्त नहीं होता। उन्होंने कहा, “जो लोग दंगाइयों के हमपरस्त थे और उनके सामने नाक रगड़ते थे, आज वही लोग परेशान हैं, क्योंकि दंगाइयों को उनके बिल में घुसा दिया गया है।”



### दंगामुक्त प्रदेश से बदली तस्वीर

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को दंगामुक्त करने के अभियान से दंगाइयों के सभी हमदर्द परेशान हो गए हैं, क्योंकि उनकी आजीविका पर असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आजीविका के अवसर दंगाइयों को नहीं, बल्कि प्रदेश के नौजवानों को देने का काम किया है।

### नौजवानों को नौकरी, प्रदेश में निवेश

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने नौजवानों को सरकारी नौकरियां दी हैं और बेहतर माहौल बनाकर प्रदेश में निवेश की नई बहार लाई है। उन्होंने कहा कि जहां सुरक्षा और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर होता है, वहीं निवेश आता है। स्केल को स्किल में बदलकर नौजवानों को उनके ही गांव, जनपद और प्रदेश में रोजगार दिया जा रहा है।

### 45 लाख करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में आए 45 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव डेढ़ करोड़ से अधिक नौजवानों के लिए रोजगार की गारंटी का दस्तावेज हैं। इन प्रस्तावों के जरिए प्रदेश के युवाओं को बड़े पैमाने पर नौकरी के अवसर मिल रहे हैं।

### डबल इंजन सरकार की यात्रा को याद रखना चाहिए

योगी ने कहा कि सभी को 2017 के बाद से डबल इंजन सरकार की यात्रा को याद रखना चाहिए। 2017 से पहले प्रदेश में भय, आतंक, अराजकता, बीमारी और दंगे आम थे। न बेटियां सुरक्षित थीं और न ही व्यापारी। जाति की राजनीति करने वालों ने प्रदेश की पहचान का संकट खड़ा कर दिया था।

### विकास ही नई पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समस्या नहीं, बल्कि समाधान की बात होती है। अब गोरखपुर की पहचान माफिया या अराजकता नहीं, बल्कि विश्वस्तरीय सड़कें, एम्स, फर्टिलाइजर प्लांट, मेडिकल कॉलेज, आयुष विश्वविद्यालय और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जुड़ा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे हैं। (इनपुट: आईएएनएस)

## यूजीसी बिल के विरोध में सवर्ण आर्मी का जोरदार प्रदर्शन, बिल वापस लेने की मांग

सोनभद्र कलेक्ट्रेट में छात्र और समाज के सदस्य हुए शामिल



ब्यूरो चीफ सोनभद्र/
समाज जागरण

सोनभद्र में जनपद कार्यालय परिसर में सवर्ण आर्मी ने यूजीसी की नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने छात्र हितों की रक्षा की अपील करते हुए नए यूजीसी बिल को छात्र विरोधी बताया और तत्काल इसे वापस लेने की मांग की।

### जिलाध्यक्ष अशोक दुबे का आरोप – कानून बढ़ाएगा जातिगत संघर्ष

सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष अशोक दुबे ने कहा कि नए यूजीसी कानून में एक विशेष जाति को संरक्षण दिया गया है, जिससे सवर्ण छात्रों के लिए प्रतिकूल परिस्थितियां बन सकती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कानून विभिन्न जातियों के बीच टकराव बढ़ाएगा।

दुबे ने ‘डिप्टी कमेटी’ के प्रावधान की भी आलोचना की। उनका दावा है कि यह कमेटी ओबीसी और एससी छात्रों द्वारा की गई शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करती है, जबकि सवर्ण छात्रों की शिकायतों पर सुनवाई नहीं होती।

### संगठन की महिला सचिव आरती पांडेय का बयान

जिला महिला सचिव आरती पांडेय ने कहा कि यह विरोध स्वर्ण समाज के साथ कथित भेदभाव के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक्ट एससी-एसटी छात्रों के लिए सुविधा तो देता है, लेकिन सवर्ण समाज के खिलाफ जातिगत भेदभाव बढ़ा रहा है।

उन्होंने जातिगत आरक्षण समाप्त करने और शिक्षा में समान अवसर सुनिश्चित करने की मांग दोहराई।

### आगे की रणनीति

प्रदर्शनकारियों ने अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सवर्ण आर्मी ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। संगठन ने 22 फरवरी 2026 को दिल्ली के जंतर-मंतर पर राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन करने की घोषणा की।

## यूपी दिवस-2026 का भव्य समापन, लोक संस्कृति ने मोहा मन

राजधानी लखनऊ में ‘यूपी दिवस-2026’ के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय भव्य सांस्कृतिक उत्सव का शानदार समापन हुआ। 24 से 26 जनवरी तक राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर चले मुख्य कार्यक्रम में कलाकारों ने उत्तर प्रदेश की समृद्ध कला, संस्कृति, लोक परंपराओं और विकास यात्रा को विविध रंगों में प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। बड़ी संख्या में प्रदेशवासियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को एक विशाल जनोत्सव का रूप दे दिया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

लोक कलाकारों के साथ ओशन बैंड के रॉक फ्यूजन और विनीत सिंह व प्रतिभा सिंह बघेल की प्रस्तुतियों ने पूरे समारोह में खास आकर्षण पैदा किया। कार्यक्रम के दौरान दर्शक देर शाम तक संगीत और नृत्य की लय में डूबे नजर आए।

### शास्त्रीय और लोक कला का संगम

मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों ने प्रदेश की विकास यात्रा को दशार्या, जबकि संस्कृति विभाग की प्रस्तुतियों ने उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर दिया। वाराणसी के



सौरव-गौरव मिश्रा ने कथक नृत्य की शास्त्रीय प्रस्तुति दी, वहीं पूरन महाराज के तबला वादन ने मंच को झंकृत कर दिया। बनारस की श्वेता दुबे और आजमगढ़ के शीतला मोहन मिश्रा के गायन ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। लखनऊ के विशाल गुप्ता के शास्त्रीय नृत्य और उन्नाव के चंद्र भूषण के नाटक मंचन को भी खूब सराहा गया। प्रसिद्ध इंडियन ओशन बैंड के रॉक और फ्यूजन संगीत ने खासकर युवा दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### दूसरे दिन लोक और सुगम संगीत का जलवा

25 जनवरी को मुंबई के विनीत सिंह की सुगम संगीत प्रस्तुति समारोह का मुख्य आकर्षण रही। इसके साथ ही झांसी के वीरेंद्र सिंहल की बुंदेली गायकी और लखनऊ की रंजना अग्रहरी के लोक गायन ने मंच पर मिट्टी की खुशबू बिखेर दी। वाराणसी के गणेश पाठक के भजन, झांसी की वंदना कुशवाहा के राई लोकनृत्य और राहुल-रोहित मिश्रा की कथक जोड़ी ने लय-ताल का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। दिल्ली के हरीश तिवारी के शास्त्रीय गायन और लखनऊ के इल्मास खान के तबला वादन को भी दर्शकों ने खूब सराहा।

### समापन दिवस पर भक्ति और लोक रंग

26 जनवरी को समापन दिवस पर प्रसिद्ध गायिका प्रतिभा सिंह बघेल के भजन और सुगम संगीत ने श्रोताओं से जमकर तालियां बटोरीं। मथुरा की सुधा पाल के लोक नृत्य और दिल्ली की देविका एस. मंगलामुखी के कथक नृत्य ने भारतीय सांस्कृतिक परंपरा की झलक दिखाई। लखनऊ के अजय पांडेय के लोक गायन और कौशांबी के छेदीलाल के बिरहा गायन ने लोक जीवन के भावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। रायबरेली के शिव व शिवांग के गायन सहित विभिन्न घरानों की प्रस्तुतियों ने समारोह को यादगार बना दिया।

### ओडीओपी-ओडीओसी और कला गांव रहे आकर्षण

यूपी दिवस समारोह में मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं ओडीओसी (एक जिला-एक व्यंजन) और ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) के स्टॉल भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। ओडीओसी के पारंपरिक व्यंजनों ने स्थानीय स्वाद से परिचय कराया, जबकि ओडीओपी उत्पादों ने प्रदेश की कारीगरी और शिल्प परंपरा को सामने रखा।

### ‘कला गांव’ में दिखा ग्रामीण उत्तर प्रदेश

संस्कृति विभाग द्वारा बसाए गए ‘कला गांव’ में उत्तर प्रदेश के ग्रामीण परिवेश की सजीव झलक देखने को मिली। रामायण पात्रों की वेशभूषा में कलाकार, कठपुतली नाच, रस्सी पर करतब और खाट पर चाय की व्यवस्था ने दर्शकों को आंचलिक यूपी का अनुभव कराया। इन प्रस्तुतियों ने मनोरंजन के साथ-साथ प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और धरोहरों पर गर्व करने का अवसर भी प्रदान किया।

(इनपुट: आईएएनएस)

## UGC नियमों पर अब संसद में आर पार

नई दिल्ली. संसद का बजट सत्र बुधवार को शुरू हो रहा है. लेकिन आगाज के साथ ही विपक्ष के तेवर तीखे हो गए हैं. शिवसेना की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नए ड्राफ्ट नियमों को लेकर केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर सीधा हमला बोला है. प्रियंका ने साफ कर दिया है कि अगर इन नियमों को वापस नहीं लिया गया, तो वह सड़क से लेकर संसद तक सरकार को घेरेंगी.

# पीएम मोदी ने आईईडब्ल्यू 2026 का किया उद्घाटन, भारत-यूरोपीय संघ के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को सराहा

समाज जागरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को इंडिया एनर्जी वीक (आईईडब्ल्यू) 2026 कॉन्क्लेव के चौथे एडिशन का वर्चुअली उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को सभी डील्स की जननी और दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तालमेल का एक बेहतरीन उदाहरण बताया।

### पीएम मोदी ने प्रतिनिधियों को किया संबोधित

उद्घाटन के बाद प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी एनर्जी और सस्टेनेबिलिटी पर चर्चा करने के लिए भारत



आए हैं, मैं सभी का स्वागत करता हूं। इंडिया एनर्जी वीक (आईईडब्ल्यू) बहुत कम समय में बातचीत और एक्शन के लिए एक ग्लोबल प्लेटफॉर्म बन गया है। उन्होंने आगे कहा कि आज भारत एनर्जी सेक्टर के लिए अपार अवसरों की भूमि बन गया है।

### भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था

इस बात पर जोर देते हुए कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिसका मतलब है कि यहां एनर्जी प्रोडक्ट्स की मांग लगातार बढ़ रही है, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ग्लोबल मांग को पूरा करने के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। आज हम पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स के लिए दुनिया के टॉप पांच देशों में से हैं। हमारा एक्सपोर्ट 150 से ज्यादा देशों तक पहुंचता है। भारत की क्षमता आपके लिए बहुत उपयोगी होगी, इसीलिए एनर्जी वीक जैसा प्लेटफॉर्म हमारी पार्टनरशिप को बढ़ावा देने के लिए एक बेहतरीन जगह है।

*अमेरिका से खिसकते पुराने दोस्त, भारत बना नई वैश्विक राजनीति का ‘ब्राइट स्पॉट’*

## वॉशिंगटन छोड़ अब दिल्ली-बीजिंग की दौड़

### ट्रंप की टैरिफ सुनामी ने पलट दिया पूरा गेम, भारत बना 'ब्राइट स्पॉट'

नई दिल्ली: दुनिया की भू-राजनीति में अचानक ऐसा भूचाल आया है, जिसकी गूंज वॉशिंगटन से लेकर बीजिंग, लंदन, पेरिस और नई दिल्ली तक सुनाई दे रही है। डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक टैरिफ नीति ने पश्चिमी देशों में बेचैनी पैदा कर दी है। जो देश कल तक अमेरिका के भरोसे अपनी अर्थव्यवस्था चला रहे थे, वे अब नए साझेदारों की तलाश में भारत और चीन की ओर रुख कर रहे हैं।

### यूरोप-कनाडा से भारत की ओर कूटनीतिक कतार

यूरोपीय यूनियन के शीर्ष नेता भारत का दौरा कर चुके हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी भारत आने वाले हैं, जबकि फ्रांस के राष्ट्रपति का दौरा भी तय माना जा रहा है। यह बदलाव अचानक नहीं है, बल्कि ट्रंप की टैरिफ धमकियों से पैदा हुए आर्थिक संकट का सीधा नतीजा है।

विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिका की संरक्षणवादी नीति ने उसके सहयोगी देशों को यह सोचने पर



मजबूर कर दिया है कि अब केवल वॉशिंगटन पर निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है।

### ब्रिटेन का यू-टर्न: चीन से दोस्ती की नई कोशिश

सबसे चौंकाने वाला घटनाक्रम ब्रिटेन में देखने को मिल रहा है। अमेरिका का सबसे भरोसेमंद सहयोगी रहा ब्रिटेन अब चीन के साथ रिश्ते सुधारने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के प्रस्तावित चीन दौरे को इसी रणनीतिक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

### जब ब्रिटेन को चीन पर भरोसा नहीं था

ब्रिटेन-चीन रिश्तों में लंबे समय से अविश्वास रहा है। इसका प्रतीक था दक्षिणी इंग्लैंड के ऑक्सफोर्डशायर में स्थित ‘द सेल’ नामक कार्यालय, जहां हुआवेई के उपकरणों की कड़ी निगरानी होती थी।

ब्रिटिश साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ, जिनके पास उच्चतम सुरक्षा मंजूरी थी, वहां हुआवेई के हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर कोड की जांच करते थे ताकि किसी भी तरह की चीनी जासूसी को रोका जा सके।

## फाटक संख्या 138/SPL तीन दिन रहेगा बंद

गौतमबुद्धनगर 27 जनवरी 2026: उत्तर मध्य रेलवे, दादरी के अंतर्गत ग्राम अस्तौली (दनकौर स्टेशन से 3 किमी पूर्व) स्थित रेलवे फाटक संख्या 138/SPL पर ट्रैक रेल नवीनीकरण एवं मरम्मत कार्य के चलते 28 जनवरी 2026 सुबह 8 बजे से 30 जनवरी 2026 शाम 6 बजे तक आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा।

रेलवे प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि उक्त अवधि में वैकल्पिक मार्ग के रूप में फाटक संख्या 139/सी (दनकौर स्टेशन के पास स्थित फ्लाईओवर) का उपयोग करें।

अपने व्यवसाय को दें नई पहचान – समाज जागरण न्यूज पोर्टल के साथ

अब आपकी खबर और विज्ञापन सीधे लाखों पाठकों तक!

समाज जागरण – एक भरोसेमंद, निष्पक्ष और तेजी से उभरता हिंदी न्यूज पोर्टल, जो दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश सहित पूरे हिंदी भाषी राज्यों में अपनी सशक्त डिजिटल पहुँच रखता है।

## "छात्रों को बांटकर राजनीति करना चाहती है सरकार,"

समाज जागरण

**सीतामढ़ी:** यूजीसी बिल 2026 को लेकर छात्रों में लगातार असंतोष बढ़ता जा रहा है. विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों का मानना है कि यह बिल शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के बजाय समाज और छात्रों को आपस में बांटने का काम करेगा. छात्रों का कहना है कि इस कानून से कॉलेज और विश्वविद्यालयों का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित होगा और आपसी सौहार्द में कमी आएगी. पढ़ाई के साथ-साथ करियर को लेकर भी छात्रों में भय का माहौल बन रहा है.

### छात्र अध्ययन सिन्हा ने कहा सिर्फ छात्र ही नहीं स्टाफ भी होंगे परेशान

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र अध्ययन सिन्हा ने कहा कि यूजीसी बिल समाज और छात्रों को तीन हिस्सों सवर्ण, ओबीसी और एससी-एसटी में बांटने का प्रयास है. उन्होंने कहा कि पहले छात्र जाति से ऊपर उठकर एक साथ बैठते-पढ़ते थे, लेकिन अब आने वाले समय में हालात और अधिक तनावपूर्ण हो सकते हैं. स्टूडेंट्स का कहना है कि पहले मजाक या छोटी-मोटी नोकझोंक को आपसी समझ से सुलझा लिया जाता था, लेकिन अब वही बातें कानूनी हथियार बन सकती हैं. इससे न सिर्फ छात्र, बल्कि शिक्षक और कॉलेज स्टाफ भी परेशान हो सकते हैं. पहले से मौजूद एंटी-रैगिंग सेल के रहते यदि यह बिल लागू हुआ तो करियर खराब होने और ब्लैकलिस्ट होने का खतरा बढ़ जाएगा. उन्होंने सरकार से इस बिल को वापस लेने या संशोधित करने की मांग की.

### “शिक्षा और रोजगार से हटाकर जातिगत विवाद में उलझा रही है सरकार”

ग्रेजुएशन के छात्र रूपेश चौबे ने कहा कि यूजीसी बिल 2026 सरकार की मानसिकता को दशार्ता है, जिसमें छात्रों को शिक्षा और रोजगार जैसे मूल मुद्दों से हटाकर जातिगत विवादों में उलझाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि सरकार के पास न तो पर्याप्त फंडिंग है और न ही रोजगार की ठोस योजना, इसलिए वह समाज और छात्रों को जातिवाद में बांटकर राजनीति करना चाहती है. रूपेश का कहना है कि यह बिल स्वर्ण छात्रों के लिए विशेष रूप से घातक साबित होगा. यदि समय रहते सरकार ने इस बिल को वापस नहीं लिया, तो हालात गंभीर हो सकते हैं, क्योंकि इतिहास गवाह है कि छात्र ही बड़े सामाजिक और राजनीतिक बदलावों की धुरी होते हैं.

### “मंत्री, विधायक और सांसद भी स्पष्ट करें अपना रुख”

इंजीनियरिंग के छात्र कौशल चौबे ने यूजीसी बिल को हर दृष्टिकोण से गलत बताया. उन्होंने कहा कि यह बिल न तो शिक्षा सुधार की दिशा में है और न ही छात्रों की सुरक्षा के लिए उचित है. कौशल का कहना है कि इस कानून से छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ के बीच अविश्वास और भेदभाव बढ़ेगा.

# यूजीसी के नये नियमों से अगड़े-पिछड़े में फूट, सियासत भी तेज

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के एक नए नियम ने उच्च शिक्षा संस्थानों ही नहीं, समाज में भी आग लगा दी है। बीजेपी अभी तक जिस हिन्दू समाज को एकजुट करने के लिए बड़े-बड़े कार्यक्रम चला रही थी, सबको एक मंच पर लाने की कोशिश कर रही थी, उसके सामने यूजीसी ने ऐसा ह्यधर्म संकटह्ण पैदा कर दिया है, जिसके एक तरफ खाई तो दूसरी तरफ कुंआ है। हिन्दू समाज अगड़े-पिछड़ों में बंट कर एक-दूसरे के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। ऐसे में सरकार समाज के एक वर्ग को साधती है तो दूसरा नाराज हो जाता है, दूसरे को साधती है तो पहला नाराज हो जाता है। वैसे तो यूजीसी ने नए नियम बनाते हुए इससे जातिगत भेदभाव रोकने का दावा किया है, लेकिन इसी नियम ने सवर्ण छात्रों के लिए इसे खतरा बताते हुए हिन्दुओं में अगड़े-पिछड़ों के बीच नई दरार पैदा कर दी है। वैसे यह नियम सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बने हैं, लेकिन यह नियम सुप्रीम कोर्ट की मंशा के कितना अनुरूप हैं, यह चर्चा का गरमागरम मुद्दा बन गया है। बहरहाल, ऐसा लगता है कि यूजीसी के ये नियम समाजवादी पार्टी को राजनीतिक लाभ दे सकते हैं, जबकि भाजपा को नुकसान पहुंचाने की आशंका है। वहीं कुछ बुद्धिजीवी यह भी मानते हैं कि बीजेपी ने दलितों और पिछड़ों की बड़ी आबादी को अपने पक्ष में करने के लिए नए बदलाव किए थे, क्योंकि यह मानकर चला जा रहा था कि सवर्ण मतदाताओं के सामने बीजेपी के अलावा कहीं और जाने का रास्ता नहीं है। उधर, इस मुद्दे पर चल रहे आंदोलन तेज होते जा रहे हैं। वहीं, यूजीसी के नए नियम और माघ मेला विवाद के बाद सुर्खियों में आए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान को लेकर उत्तर प्रदेश के जिला बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और आंदोलन पर उतर आए।

पहले बात विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के उस नियम की, जिसे उसने 13 जनवरी 2026 को उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता बढ़ावा देने वाला नया नियम बताते हुए जारी किया, जो 15 जनवरी से सभी मान्यता प्राप्त कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में लागू भी हो गए। इन नियमों का उद्देश्य कैंपसों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के साथ होने वाले कथित भेदभाव को समाप्त करना बताया गया है। हर संस्थान को समान अवसर केंद्र स्थापित करना अनिवार्य कर दिया गया, जिसमें समता समिति बनेगी जो शिकायतों का निपटारा करेगी। लेकिन इन नियमों ने सवर्ण छात्रों में भय पैदा कर दिया क्योंकि भेदभाव की परिभाषा में केवल इन्हीं वर्गों को पीड़ित माना गया है, जबकि सवर्णों को संभावित अत्याचारी ठहराया जा सकता है। झूठी शिकायतों पर कोई सजा न होने से दुरुपयोग की आशंका बढ़ गई। सवाल यह है कि यूजीसी के सामने ऐसी क्या आवश्यकता थी इन नियमों की, यह प्रश्न इसलिए उठाया गया क्योंकि पहले से ही भेदभाव रोकने के उपाय मौजूद थे। आलोचकों का कहना है कि ड्राफ्ट में अन्य पिछड़ा वर्ग को शामिल न करने पर आपत्ति हुई, तो अंतिम रूप में जोड़ा गया, जिससे सामान्य वर्ग के छात्र उच्च कटऑफ तथा पूर्ण शुल्क का बोझ सहते हुए और असुरक्षित हो गए। रोहित वेमुला मामले तथा सर्वोच्च न्यायालय के निदेशों के बाद यह कदम उठाया गया, लेकिन इससे हिन्दू समाज में नई फूट पड़ रही है। सवर्ण संगठनों ने इसे सामाजिक तनाव फैलाने वाली साजिश करार दिया। कहां हुई चूक, तो चूक यही है कि नियम एकतरफा बने, सवर्णों के अधिकारों की अनदेखी की गई तथा झूठी शिकायतों पर अंकुश न लगाया। वहीं दूसरी तरफ इसे हिन्दुओं के बीच मतभेद पैदा करने का जिम्मेदार यूजीसी तथा केंद्र सरकार को ठहराया जा रहा है। सवर्ण आर्मी तथा राष्ट्रीय हिंदू सनातनी सेना जैसे संगठनों ने आरोप लगाया कि यह हिन्दू एकता तोड़ने का प्रयास है। भाजपा सरकार पर इल्जाम है कि वह पिछड़े वर्गों को साधने के चक्कर में सवर्ण भाइयों को कुर्बान कर रही है। इससे समाज में अगड़े-पिछड़ों का भाईचारा खतरे में पड़ गया।

बात समाजवादी पार्टी की करें तो नए नियम से समाजवादी पार्टी को बड़ा फायदा हो सकता है क्योंकि वह पिछड़े तथा दलित वोटों पर निर्भर है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं, ऐसे में सवर्ण असंतोष से भाजपा के पारंपरिक वोट बैंक में सेंध लग सकती है। पार्टी के नेता इसे सामाजिक न्याय का हथियार बना सकते हैं। वहीं भाजपा को भारी नुकसान की संभावना है क्योंकि उसके कई युवा मोर्चा पदाधिकारी तथा सवर्ण नेता इस्तीफा दे चुके हैं। पार्टी को सवर्णों का समर्थन खोने का डर सता रहा है। यह मुद्दा उग्र रूप धारण कर सकता है क्योंकि सोशल मीडिया पर अभियान तेज है तथा सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर हो चुकी है। यदि नियम वापस न हुए तो पूरे देश में आंदोलन फैल सकते हैं।

गौरतलब है, आंदोलनों की शुरूआत 15 जनवरी के बाद हुई जब सोशल मीडिया पर विरोध शुरू हुआ। लखनऊ के हजरतगंज में राष्ट्रीय हिंदू सनातनी सेना ने विशाल प्रदर्शन किया, जिसमें अध्यक्ष राहुल हिंदू ने इसे काला कानून बताते हुए विधानसभा घेराव की चेतावनी दी। कणनी सेना भी सड़कों पर उतर आई। जौनपुर में संगठनों ने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। दिल्ली में सवर्ण समाज ने यूजीसी कार्यालय घेराव का ऐलान किया। ठाकुर शिवम सिंह ने इसे एकता के लिए खतरा बताया। बरेली के उप जिलाधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने पद से इस्तीफा दे दिया। भाजपा युवा मोर्चा नोएडा के उपाध्यक्ष राजू पंडित समेत दस पदाधिकारियों ने त्यागपत्र दिए। जयपुर तथा अन्य शहरों में सवर्ण संगठन सड़कों पर उतरे। हैशटैग ह्लजैसे नियम वापस लोह्ण प्रचारित हो रहे हैं। लखनऊ इकाई से भाजपा नेता भी विरोध में हैं। आंदोलन शांतिपूर्ण रहे लेकिन तनाव बढ़ रहा है। यदि मांगें न मानी गईं तो यह चरमरा सकता है।

**अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार**
**लखनऊ ( उ. प्र.) मो-9335566111**

## उच्च शिक्षा में समानता बिल: चिंताएँ और वास्तविकता

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा लागू किए गए समानता को बढ़ावा देने वाले ह्लउच्च शिक्षा में समानता बिलह्व ने उच्च शिक्षा के परिसरों को एक बार फिर उस बहस के केंद्र में ला खड़ा किया है, जिसे भारत बार-बार टालता आया है। समानता की कीमत क्या होनी चाहिए और उसका बोझ किस पर पड़े - कागज पर यह नियम जातिगत भेदभाव के विरुद्ध एक सख्त और समयबद्ध ढांचा प्रस्तुत करते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इन्होंने भय, अविश्वास और प्रतिरोध की एक नई राजनीति को जन्म दिया है। यह टकराव केवल सवर्ण बनाम आरक्षित वर्ग या समर्थन बनाम विरोध का नहीं है, बल्कि यह उस असहज प्रश्न से जुड़ा है कि क्या न्याय की जल्दी में न्याय की प्रक्रिया कुचली जा सकती है।

वऋछ का तर्क अपने आप में असंगत नहीं है। देश के विश्वविद्यालय दशकों से सामाजिक असमानताओं के बोझ को ढोते रहे हैं। दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के छात्रों द्वारा भेदभाव, उपेक्षा और मानसिक उत्पीड़न की शिकायतें बार-बार सामने आती रही हैं। कई मामलों में संस्थागत चुप्पी और उदासीनता ने हालात को और भयावह बनाया। ऐसे में समान अवसर केंद्र, इक्विटी समिति, 24७7 हेल्पलाइन और मोबाइल इक्विटी स्क्वॉड जैसी व्यवस्थाएँ कागजी सुधार नहीं, बल्कि एक जवाबदेह तंत्र स्थापित करने की कोशिश प्रतीत होती हैं। शिकायत पर 24 घंटे में जांच शुरू करने और सीमित समय में कार्रवाई का प्रावधान उस धीमे न्याय के विरुद्ध प्रतिक्रिया है, जिसने पहले कई पीड़ितों को निराश किया।

लेकिन नीति केवल अपने उद्देश्य से नहीं, बल्कि अपने प्रभाव से आँकी जाती है। उत्तर भारत के कई राज्यों में सामान्य वर्ग के छात्र और शिक्षक जिस तरह सड़कों पर उतर आए हैं, वह बताता है कि इन नियमों ने समाज के एक बड़े हिस्से में असुरक्षा की भावना पैदा की है। करणी सेना, ब्राह्मण महासभा, कायस्थ महासभा, वैश्य संघ और सवर्ण समाज समन्वय समिति जैसे संगठनों का विरोध केवल राजनीतिक शोर नहीं है; उसमें एक डर छिपा है– कि कहीं समानता की आड़ में एक नया असंतुलन न पैदा हो जाए।

विरोधियों की सबसे बड़ी आशंका दुरुपयोग की है। शिकायत मिलते ही जांच शुरू करने और त्वरित कार्रवाई के प्रावधान को वे ह्लपहले सजा, बाद में सुनवाईह्व के रूप में देख रहे हैं। यह डर निराधार नहीं माना जा सकता, क्योंकि कानूनों के दुरुपयोग की बहस भारत में नई नहीं है। SC/ST अत्याचार निवारण अधिनियम से जुड़े सामाजिक अनुभवों–चाहे वे वास्तविक हों या धारणा-आधारित–ने इस भय को और गहरा किया है। जब प्रक्रिया इतनी कठोर हो कि प्रारंभिक छंटनी या सुनवाई का स्पष्ट ढांचा न दिखे, तो अविश्वास पनपना स्वाभाविक है।

इक्विटी समिति की संरचना ने भी सवाल खड़े किए हैं। रउ/रळ, डइउ, महिलाओं और दिव्यांगों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना सामाजिक न्याय के लिहाज से जरूरी हो सकता है, लेकिन सामान्य वर्ग का कोई औपचारिक प्रतिनिधि न होना निर्णय प्रक्रिया पर संदेह को जन्म देता है। यह बहस इस बात की नहीं है कि हाशिये के समूहों को क्यों जगह दी गई, बल्कि इस बात की है कि जब एक पूरा सामाजिक वर्ग निर्णय की मेज से अनुपस्थित हो, तो निष्पक्षता का भरोसा कैसे बने। समानता का दावा तभी मजबूत होता है, जब वह सभी को सुनने की इच्छा भी दिखाए।

इन नियमों पर उठ रहे संवैधानिक सवाल इस बहस को और गंभीर बनाते हैं। अनुच्छेद 14 कानून के समक्ष समानता की गारंटी देता है, लेकिन समानता का अर्थ समान प्रक्रिया भी है। यदि किसी विशेष समूह के लिए अलग और अधिक दंडात्मक व्यवस्था खड़ी की जाती है, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत–विशेषकर सुनवाई का अधिकार–पूरी तरह सुरक्षित हैं। सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तावित जनहित याचिकाएँ इसी चिंता का प्रतिबिंब हैं।

सोशल मीडिया और राजनीति ने इस मुद्दे को और तीखा बना दिया है। #फङ्ग'' ु''वऋछ जैसे हैशटैग नीति-आलोचना से ज्यादा पहचान की राजनीति का औजार बन गए हैं। कुछ धार्मिक और राजनीतिक नेता इस विवाद को अपने समर्थक आधार को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। नतीजा यह है कि एक जटिल नीति बहस भावनात्मक ध्रुवीकरण में बदलती जा रही है, जहाँ तर्क की जगह नारे और भय ले रहे हैं।

फिर भी, इस पूरे विवाद में एक सच्चाई अनदेखी नहीं की जा सकती–भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव वास्तविक है और उसे नजर अंदाज करना किसी भी रूप में न्यायसंगत नहीं होगा। सवाल यह नहीं है कि भेदभाव से सुरक्षा दी जाए या नहीं, बल्कि यह है कि वह सुरक्षा कैसी हो। क्या ऐसा ढांचा बनाया जा सकता है, जो पीड़ित को त्वरित राहत दे, लेकिन साथ ही किसी निर्दोष को असहाय न छोड़े? क्या समानता स्थापित करने के लिए ऐसी प्रक्रियाएँ अपनाई जा सकती हैं, जो नए डर और नए विभाजन न पैदा करें?


**महेन्द्र तिवारी**

# भारत का 77 वां गणतंत्र बनाम स्त्री विमर्श।

भारत के 77वें गणतंत्र में प्रवेश करते हुए जब हम लोकतांत्रिक व्यवस्था की पड़ताल करते हैं तो यह स्थिति हमारे सामने खड़ी होती है कि क्या स्वतंत्रता की यह यात्रा स्त्रियों को भी उसी गरिमा, समानता और अधिकार तक पहुँचा पाई है जिसका वादा संविधान ने जोर शोर से किया था। वास्तविकता यह है कि आज भी स्त्री भारतीय लोकतंत्र में केवल संख्या नहीं बल्कि स्वीकृति, सहभागिता और निर्णायक उपस्थिति की तलाश में संघर्षरत है।

स्वतंत्रता आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली स्त्री आज भी सत्ता, नीति और सामाजिक निर्णयों के केंद्र से दूर रखी जाती है। संसद से पंचायत तक प्रतिनिधित्व की बात हो या शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम और सुरक्षा के सवाल, हर जगह स्त्री की भागीदारी सीमित और संघर्षपूर्ण दिखाई देती है। लोकतंत्र ने उसे मताधिकार तो दिया पर मानसिक स्वतंत्रता अभी अधूरी है, अभी पुरुषों के निर्देशन में ही में ही कार्य संपादित करना पड़ता है। कानूनी अधिकार तो प्रदत्त किए हैं पर सामाजिक चेतना का विस्तार नहीं हुआ है, बेटी बचाओ से लेकर बेटी पढ़ाओ तक के नारे गूंजे लेकिन बेटी को निर्णयकर्ता बनाने का साहस समाज अभी तक नहीं जुटा पाया है।, स्त्री आज भी दोहरी जिम्मेदारियों के बोझ निर्वहन कर रही है। जहाँ एक ओर उससे आधुनिक होने की अपेक्षा की जाती है तो दूसरी ओर परंपराओं की जंजीरों में जकड़कर उसकी उड़ान के पंख काट दिए गए है।

कार्यस्थलों पर समान वेतन की लड़ाई हो या घर के भीतर अदृश्य श्रम की अनदेखी, स्त्री का श्रम आज भी कम आँका जाता है, डिजिटल युग में प्रवेश के बावजूद तकनीक और संसाधनों तक उसकी पहुँच सीमित है जिससे नया लोकतांत्रिक स्पेस भी पुरुष प्रधान होता जा रहा है।

राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रश्न दशकों से प्रतीक्षा में है जो यह दशार्ता है कि लोकतंत्र स्त्री को भागीदार नहीं बल्कि प्रतीक भर मानता रहा है, हिंसा के आँकड़े बताते हैं कि स्त्री का शरीर आज भी सत्ता, वर्चस्व और असहिष्णुता का मैदान बना हुआ है और न्याय की प्रक्रिया उसके लिए लंबी, जटिल और कई बार अपमानजनक हो जाती है। यह विडंबना ही है कि जिस लोकतंत्र की बुनियाद समानता पर टिकी है उसी लोकतंत्र में स्त्री को अपनी अस्मिता सिद्ध करनी पड़ती है, नए संदर्भों में देखें तो स्त्री केवल पीड़िता नहीं बल्कि परिवर्तन की वाहक भी है, स्वयं सहायता समूहों से लेकर स्टार्टअप संस्कृति तक, आंदोलन से लेकर साहित्य और मीडिया तक, स्त्री अपनी नई भाषा गढ़ रही है जो अधिकार के साथ आत्मसम्मान की भी मांग करती है। आज की स्त्री दया नहीं अवसर चाहती है, संरक्षण नहीं साझेदारी चाहती है और प्रतिनिधित्व नहीं बल्कि निर्णय में हिस्सेदारी चाहती है, 77वें गणतंत्र का गर्व तभी सार्थक होगा जब लोकतंत्र केवल पुरुष अनुभव का विस्तार न रहकर स्त्री दृष्टि से भी पुनर्परिभाषित होगा, जब नीति निर्माण में स्त्री का जीवन अनुभव शामिल होगा, जब घर, समाज और सत्ता तीनों स्तरों पर बराबरी की संस्कृति विकसित होगी, क्योंकि स्त्री की स्वतंत्रता किसी एक वर्ग का प्रश्न नहीं बल्कि लोकतंत्र की गुणवत्ता की कसौटी है और जब तक स्त्री अपनी उपस्थिति नहीं बल्कि अपना स्थान सुनिश्चित नहीं कर लेती तब तक भारतीय लोकतंत्र अधूरा, असंतुलित और आत्मगौरव से वंचित ही रहेगा।

इसी संघर्षपूर्ण लोकतंत्र में कुछ स्त्रियाँ ऐसी भी हैं जिन्होंने तमाम बाधाओं, उपेक्षाओं और सामाजिक दीवारों को तोड़कर अपनी पहचान गढ़ी और व्यवस्था को आईना दिखाया, द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति पद तक पहुँचना आदिवासी स्त्री की उस यात्रा का प्रतीक है जो सदियों से हाशिये पर रही है। उनके राष्ट्रपति बना आदिवासी गौरव का बड़ा प्रतीक है। कल्पना चावला ने अंतरिक्ष में भारत की स्त्री चेतना को नई ऊँचाई दी, मैरी कॉम ने यह साबित किया कि सीमित संसाधनों और सामाजिक बंधनों के बावजूद एक स्त्री विश्व मंच पर भारत का गौरव बन सकती है। इरोम शर्मिला ने अहिंसक संघर्ष के माध्यम से लोकतंत्र को उसकी संवेदनशीलता याद दिलाई, फातिमा शेख और सावित्रीबाई फुले की विरासत को आगे बढ़ाती आज की शिक्षिकाएँ आज भी शिक्षा को स्त्री मुक्ति का हथियार बना रही हैं। अरुणिमा सिन्हा ने शारीरिक अक्षमता को पराजित कर यह सिद्ध किया कि स्त्री की शक्ति सहानुभूति की मोहताज नहीं होती। मिताली राज और पीवी सिंधु ने खेल के मैदान में पुरुष वर्चस्व को चुनौती दी, किरण बेदी ने प्रशासन में स्त्री नेतृत्व की कठोर लेकिन संवेदनशील छवि प्रस्तुत की, अंजू बॉबी जॉर्ज से लेकर बछेंद्री पाल तक पहाड़ और मैदान दोनों जगह स्त्री ने अपने साहस की छाप छोड़ी, ये नाम केवल व्यक्तिगत सफलताएँ नहीं हैं बल्कि उस लोकतंत्र की खामियों के बीच उग आए प्रतिरोध के दीप हैं जो यह बताते हैं कि स्त्री अवसर मिले तो नीति, नेतृत्व और नवाचार में किसी से पीछे नहीं है, फिर भी यह विडंबना बनी हुई है कि इन उदाहरणों को अपवाद मान लिया जाता है और स्त्री की सामूहिक स्थिति जस की तस बनी रहती है, 77वें गणतंत्र का वास्तविक गर्व तब होगा जब इन संघर्षरत स्त्रियों की कहानियाँ प्रेरणा भर नहीं बल्कि नीति और सामाजिक व्यवहार का आधार बनेंगी, जब लोकतंत्र स्त्री को प्रतीक नहीं बल्कि सहभागी मानेगा, क्योंकि इन स्त्रियों का संघर्ष यह स्पष्ट करता है कि स्त्री की सफलता दया से नहीं बल्कि अधिकार, अवसर और आत्मसम्मान से जन्म लेती है। जब तक यह समझ व्यापक नहीं होती तब तक भारतीय लोकतंत्र में आधी आबादी के अपने हक तथा सहभागिता की अपेक्षा में इंतजार कर रही होगी।


**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार,**
**लेखक, चिंतक, स्तंभकार, रायपुर**
**छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

# निवेश आधारित विकास के लिए तटस्थ नीति और साफ-सुथरे भरोसेमंद नियम क्यों हैं जरूरी

साल 2025 काफी हद तक अनौपचारिक क्षेत्र की मजबूती की कहानी लिख गया मगर अब अवसर है कि 2026 में औपचारिक क्षेत्र को दुरुस्त किया जाए बजट जिस पृष्ठभूमि में तैयार होता है वही आगे का माहौल तय करती है। मगर इस साल हालात भ्रमित करने वाले लग रहे हैं। ऐसे पर्याप्त संकेत हैं जो यह बताते हैं कि आर्थिक वृद्धि कमजोर और मजबूत दोनों है। कुछ लोगों का तर्क है कि आर्थिक वृद्धि तेजी की ओर बढ़ रही है। वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के आंकड़े मजबूत रहे हैं और कई क्षेत्रों में ऋण आवंटन बढ़ रहा है। मगर कुछ लोगों का यह भी कहना है कि अच्छा दौर खत्म हो गया है।



वर्ष 2025 में कई बातें अनुकूल रहीं मसलन अच्छा मॉनसून, तेल की कम कीमतें, मुद्रास्फीति में कमी आदि। ये सभी बातें अनौपचारिक क्षेत्र के लिए फायदेमंद थीं। नीतिगत नरमी जैसे कर दरें कम रहने से खपत को मदद मिली और कम ब्याज दरों से भी खूब मदद मिली। मगर वह दौर शायद पीछे चला गया है। ऐसे लोगों का कहना है कि नॉमिनल जीडीपी वृद्धि बेहद कमजोर रही है और व्यापार घाटा पूरा करने के लिए विदेशी निवेश अपर्याप्त रहा है। पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) के आंकड़े भी मजबूत रहने के बाद अब कमजोर होने लगे हैं।

मगर हमारा मानना है कि वास्तविकता कहीं न कहीं इन दोनों दलीलों के बीच है। भारत इस समय एक महत्त्वपूर्ण बिंदु पर खड़ा है। साल 2025 काफी हद तक अनौपचारिक क्षेत्र की मजबूती की कहानी लिख गया मगर अब अवसर है कि 2026 में औपचारिक क्षेत्र को दुरुस्त किया जाए। ऋण आवंटन में वृद्धि और पूंजीगत व्यय में मजबूती के रूप में कुछ सकारात्मक संकेत देख रहे हैं। ऋण आवंटन बढ़ रहा है मगर यह सिलसिला लगातार बनाए रखना मुख्य चुनौती है। रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, बिजली और धातु जैसे कुछ क्षेत्रों में पूंजीगत व्यय बढ़ रहा है। मगर यह बहुत व्यापक नहीं है। पूर्व में मजबूत निवेश (जिससे घरेलू वृद्धि को बढ़ावा मिला) केवल उन वर्षों में हुआ जब निर्यात मजबूत था। अमेरिका द्वारा भारत के निर्यात पर लगाए गए शुल्क में अगर कमी होती है तो वह एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

अनौपचारिक से औपचारिक क्षेत्र में और खपत से निवेश में सफल बदलाव सुनिश्चित करने के लिए नीति निमार्ता क्या भूमिका निभा सकते हैं? इसमें दो चीजें मदद कर सकती हैं। पहली, अल्पावधि में राजकोषीय और मौद्रिक नीति के बीच एक अच्छा संतुलन और दूसरी है मध्यम अवधि में रिटर्न बढ़ाने और जोखिम कम करने वाले महत्त्वपूर्ण सुधार।

आइए, शुरूआत राजकोषीय और मौद्रिक नीति के बीच संतुलन के साथ करते हैं। क्या राजकोषीय एवं मौद्रिक नीति एक स्थिर संतुलन की ओर बढ़ सकती है जो स्थिरता और पूवार्नुमान प्रदान करे? क्या यह नीति सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के साथ-साथ निवेशकों और बचतकताओं के हितों के बीच एक अच्छा संतुलन बना सकती है? बेहतर संतुलन अक्सर तटस्थ नीति की अवधारणा से संबंधित होता है मगर व्यवहार में इसका क्या मतलब है?

राजकोषीय मोर्चे पर घाटा और ऋण अनुपात ऊंचे स्तर पर बना हुआ है। केंद्र सरकार का लक्ष्य वित्त वर्ष 2031 तक सार्वजनिक ऋण अनुपात को कम कर कोविड पूर्व स्तर तक ले जाना है जिसके लिए अगले पांच वर्षों में निरंतर राजकोषीय सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता होगी। आगामी बजट में हम सरकार से निरंतर संयम बरतने की उम्मीद करते हैं यानी वित्त वर्ष 2027 के लिए राजकोषीय घाटा सीमित रखने का लक्ष्य और (वित्त वर्ष 2026 के 4.4 फीसदी से जीडीपी का 4.2 फीसदी) घटाना। यह लक्ष्य हासिल करने के लिए बुनियादी ढांचे पर खर्च लगातार जारी रखते हुए योजनाओं की संख्या घटाकर इसे थोड़ा समेकित करने की उम्मीद करते हैं।

मगर असल समस्या राज्य सरकारों की वित्तीय स्थिति से जुड़ी है। राज्यों में राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के अभाव में सार्वजनिक ऋण अनुपात अगले कुछ वर्षों तक बढ़ता रहेगा। हालांकि, अच्छी बात यह है कि 3 फीसदी की राजकोषीय सीमा राज्यों का घाटा सीमित रख सकती है। कुल मिलाकर, राजकोषीय नीति 2026 तक तंग रहने की संभावना है।

हम जॉन टेलर द्वारा प्रतिपादित ढांचे में तटस्थ मौद्रिक नीति का अनुसरण करते हैं। पिछले एक दशक में भारत के लिए यह नीति कारगर रही है। हमें लगता है कि अगले साल मुद्रास्फीति 4 फीसदी के लक्ष्य से ठीक नीचे रहेगी (आंशिक रूप से चीन से आयातित अपस्फीति के कारण) जिससे ब्याज दरें बढ़ाने का कोई दबाव नहीं है। वास्तव में अगर वृद्धि दर में गिरावट आती है तो और ढील देने की गुंजाइश है।

सख्त राजकोषीय और आसान मौद्रिक नीति का एक संयोजन (जो एक बेहतर आर्थिक संतुलन बनाता है) पूरे वर्ष सभी परिसंपत्ति श्रेणियों के लिए सकारात्मक होना चाहिए खासकर अन्य उभरते बाजारों की तुलना में कम प्रदर्शन वाले वर्ष के बाद। भारत का केंद्रीय बैंक बॉन्ड खरीद रहा है और हम बजट में राजकोषीय विवेक की उम्मीद करते हैं। जहां तक शेयरों की बात है तो हाल में हुई आर्थिक सुधारों की घोषणाएं, नॉमिनल जीडीपी वृद्धि में क्रमिक वृद्धि और अधिक उचित मूल्यांकन से मदद मिलनी चाहिए। मुद्रा की बात करें तो रुपया पहले ही बहुत गिर चुका है जबकि बेहतर बॉन्ड और शेयर अनुमान पोर्टफोलियो निवेश बढ़ा सकते हैं।

ये सभी उपाय अस्थायी तौर पर तो आर्थिक गतिविधियां प्रोत्साहित कर सकते हैं मगर अर्थव्यवस्था एवं बाजार में निरंतर वृद्धि के लिए सुधार महत्त्वपूर्ण हैं। पिछले वर्ष में कुछ अहम आर्थिक सुधार शुरू हुए हैं और हमें उम्मीद है कि 2026 में उन्हें और अधिक सक्रियता से आगे बढ़ाया जाएगा। घरेलू मोर्चे पर इनमें क्रमशः केंद्र और राज्य सरकार के स्तर पर विनियमन हटाने का अभियान शामिल है। बाहरी मोर्चे पर इनमें सीमा शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं जैसे गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) को कम करना और न केवल पश्चिमी देशों के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करना शामिल है बल्कि पूर्वी देशों (क्षेत्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ बेहतर ढंग से एकीकृत होने के लिए) के साथ व्यापार संबंध गहरे करना भी शामिल है।

मगर कहानी यहां खत्म नहीं होती। ऊपर जिन सुधारों का जिक्र है वे अगर अच्छी तरह लागू किए जाएं तो फायदे (रिटर्न) बढ़ सकते हैं। मगर हमें जोखिम कम करने की भी उतनी ही जरूरत है। यहां नीतिगत पारदर्शिता, स्थिरता और पूवार्नुमान योग्य बातों पर ध्यान केंद्रित करना अहम है। नियम-कायदे या उनकी व्याख्या को अचानक बदल देना ठीक नहीं होगा। यह सब इस महत्त्वपूर्ण नीतिगत हालात में अधिक स्वागत योग्य निवेश वातावरण तैयार करने में योगदान कर सकते हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# सांसद की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

## नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना अथॉरिटी को सख्त निर्देश, ब्लैक स्पॉट सुधार में तेजी के आदेश

समाज जागरण ब्यूरो
गौतम बुद्ध नगर, 27 जनवरी 2026
लोकसभा सांसद गौतम बुद्ध नगर डॉ. महेश शर्मा की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सेक्टर-27, नोएडा में संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सख्त निगरानी एवं ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

### 35 नए ब्लैक स्पॉट सुधार कार्यों में तेजी, 152 हाई रिस्क हॉटस्पॉट्स की रिपोर्ट तलब

बैठक में नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि 35 नए चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधार कार्यों में तेजी लाई जाए तथा नवंबर माह में चिन्हित 152 दुर्घटना हॉटस्पॉट्स पर अब तक की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट 10 दिन के भीतर प्रस्तुत की जाए। सभी सुधार कार्य समयबद्ध, गुणवत्ता-युक्त एवं मानकों के अनुरूप करने के निर्देश दिए गए।

### दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान कर स्थायी समाधान पर जोर

बैठक में सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित आंकड़ों की समीक्षा करते हुए दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों की पहचान कर उनके स्थायी, व्यावहारिक एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। सभी ब्लैक स्पॉट्स पर सड़क अभियान्त्रिकी से जुड़े आवश्यक सुधार कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

इनमें वैज्ञानिक ढंग से स्पीड ब्रेकर निर्माण, रिफ्लेक्टिव चेतावनी संकेतक, दिशा सूचक बोर्ड, ट्रैफिक सिग्नल, रोड मार्किंग, पर्याप्त स्ट्रीट लाइटिंग एवं सीसीटीवी कैमरों की स्थापना शामिल है। सुधार कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग और भौतिक सत्यापन पर भी जोर दिया गया।




### सड़क सुरक्षा के लिए 4ए मॉडल को सुदृढ़ करने के निर्देश

बैठक में कहा गया कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों के पालन तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि शिक्षा, प्रवर्तन, अभियान्त्रिकी और आपातकालीन देखभाल (4ए मॉडल) के समन्वित एवं प्रभावी क्रियान्वयन से ही सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर इमरजेंसी लेन, गति सीमा की समीक्षा तथा यातायात शांत करने वाले उपायों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए।

### दुर्घटना घायलों के लिए कैशलेस इलाज योजना के प्रचार पर जोर

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा जानकारी दी गई कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के लिए पैनल अस्पतालों में 1.5 लाख रुपये तक की कैशलेस उपचार योजना संचालित की जा रही है। बैठक में योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए, ताकि अधिक से अधिक लोग समय पर इसका लाभ उठा सकें।

### स्कूल वाहनों की सुरक्षा को प्राथमिकता

बैठक में विद्यालय यानों की सुरक्षा पर विशेष चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि सभी स्कूल वाहनों की फिटनेस जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसमें सीसीटीवी, जीपीएस, प्रशिक्षित चालक व सहायक स्टाफ की उपलब्धता, चालकों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा सुरक्षा मानकों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त गुड सेमेरिटन को प्रोत्साहित करने, यातायात पार्क एवं प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने तथा जनसामान्य को सड़क सुरक्षा अभियानों से जोड़ने पर भी विचार किया गया। सभी विभागों को IRAD पोर्टल पर शत-प्रतिशत डाटा अपलोड के निर्देश दिए गए।

### बैठक में उपस्थित अधिकारी

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, जिलाधिकारी मेधा रूपम, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा सतीश पाल, डीसीपी ट्रैफिक मनीषा सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे सहित तीनों प्राधिकरणों एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

अंत में विभागों ने बैठक में दिए गए निदेशों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण अनुपालन का आश्वासन दिया।

सौजन्य : सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# शीतलहर एवं कड़ाके की ठण्ड से बचाव हेतु क्या करें-क्या न करें : जनहित में एडवाइजरी जारी

गौतम बुद्ध नगर 27 जनवरी 2026ः अपर जिलाधिकारी (वि०रा०) गौतमबुद्धनगर अतुल कुमार ने बताया कि के शीतलहर एवं कड़ाके की ठण्ड से बचाव के दृष्टिगत जनहित में एडवाइजरी जारी की गई है। इस एड-वाइजरी में जनसामान्य को शीतलहर/ठण्ड के दौरान अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों तथा क्या करें-क्या न करें के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जिनका पालन कर नागरिक शीतलहर एवं कड़ाके की ठण्ड के प्रभाव से स्वयं को सुरक्षित रख सकते हैं।

**शीतलहर/ठण्ड से पहले**

* रेडियो सुनें यह जानने के लिए कि क्या शीतलहर आने वाली है, स्थानीय मौसम पूवार्नुमान के लिए टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें।
* सर्दियों के कपड़ों का पर्याप्त स्टॉक रखें। कपड़ों की कई परतें अधिक सहायक होती हैं।
* आपातकालीन आपूर्ति तैयार रखें।
* फ्लू, बहती/बंद नाक या नाक से खून आने जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है, जो आमतौर पर ठंड के लबे समय तक संपर्क में रहने के कारण विकसित होती है, या बढ़ जाती है। इस तरह के लक्षणों के लिए डॉक्टर से सलाह लें।

**शीतलहर / ठण्ड के दौरान**

* मौसम की जानकारी और आपातकालीन प्रकिया की जानकारी का बारीकी से पालन करें, और सलाह के अनुसार कार्य करें।
* जितना संभव हो घर के अंदर रहें और ठंडी हवा के संपर्क से बचने के लिए यात्रा कम से कम करें।
* भारी कपड़ों की एक परत के बजाय ढीले-ढाले, हल्के, हवारोधी गर्म ऊनी की कई परतें पहनें। टाइट कपड़े रक्त सचार कम करते हैं।
* अपने आप को सूखा रखें, यदि गीला है, तो अपने सिर, हाथ, और पैर की उगंलीयों को पर्याप्त रूप से ढकलें क्योंकि गर्मी को अधिकांश नुकसान शरीर के इन्हीं हिस्सों से होता हैं।
* दस्तानों की जगह दस्तानें को प्राथमिकता दें। दस्तानें ठण्ड से अधिक गर्मी और इन्सुलेशन प्रदान करते हैं, क्योंकि उंगलियां अपनी गर्मी साझां करती हैं, और कम सतह क्षेत्र को ठण्ड के संपर्क में लाती है।
* गर्मी के नुकसान को रोकने के लिए टोपी और मफलर का उपयोग करें. इसुलेटेडध/वॉटरप्रूफ जुते पहनें।
* शरीर के तापमान का संतुलन बनाए रखने के लिए स्वस्थ भोजन खाए।
* पर्याप्त रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाएं रखने के लिए विटामिन-सी से भरपूर फल और सब्जियां खाए।
* नियमित रूप से गर्म तरल पदार्थ पियें इससे ठण्ड से लड़ने के लिए शरीर में गर्मी बनी रहेगीं।
* अपनी नियमित रूप से तेल, पैट्रोलियम जैली या बॉडी कीम से मॉइस्चराइज करें।
* बुजुर्गों और बच्चों का ख्याल रखें और अकेले रहने वाले पड़ोसीयों, खासकर बुजुर्गों से उनका हालचाल पूछे।
* आवश्यकतानुसार आवश्यक सामग्री को भण्डारण करें। पर्याप्त पानी संग्रहित करें क्योंकि पाइप जम सकते हैं।
* गैर-औद्योगिक भवनों के लिए ताप इन्सुलेशन पर गाइड का पालन करें और आवश्यक तैयारी उपाय करें।
* ठंडी लहरों के संपर्क में आने पर शीतदंश के लक्षणों जैसे सुन्नता, उंगलियों, पैर की उंगलिया कान की लोब और नाक की नोक पर सफेद या पीला दिखना।
* लंबे समय तक ठंड के संपर्क में रहने से त्वचा पीली, कठोर और सुन्न हो सकती है, और शरीर के खुले हिस्सों जैसे उंगलियों, पैर की उंगलियों, नाक और कानों पर कालें छालें पढ़ सकतें हैं। तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।
* कपकपीं को नजर अंदाज न करें, यह महत्वपूर्ण पहला सकेंत है, की शरीर की गर्मी कम हो रही है, और यह जल्दी से घर के अन्दर लौटने का सकेंत हैं।
* पालतू जानवरों को घर के अन्दर लें जाए। इसी तरह, मवेशियों या घरेलू पशुओं को भी अन्दर लें जाकर ठंड के मौसम से बचाएं।
* शीत लहर के गंभीर संपर्क से हाइपोथर्मिया हो सकता है, शरीर के तापमान में कमीं जिससे कपकपीं, बोलने में कठिनाई, नींद आना, मांसपेशियों में अकड़न, भारी सांस लेना, कमजोरी और ध्यान चेतना की हानि हो सकती हैं, हाइपोथर्मिया एक चिकित्सीय आपात स्थिति हैं, जिसके लिए तत्काल चिकित्सा ध्यान देने की आवश्कता होती हैं।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# पैरामाउंट इमोशंस सोसाइटी में धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

समाज जागरण
संदीप गर्ग / नोएडाः ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित पैरामाउंट इमोशंस सोसाइटी में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही जोश और हर्षोल्लास के साथ महोत्सव के



रूप में मनाया गया। इस अवसर पर एओए अध्यक्ष विवेक दीक्षित, अन्य एओए सदस्यों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने तिरंगा फहराकर राष्ट्रगान गाया। कार्यक्रम से पूर्व सोसाइटी परिसर में सुरक्षा टीम के साथ झंडा मार्च का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति ने माहौल को देशप्रेम से सराबोर कर दिया।

एओए अध्यक्ष विवेक दीक्षित ने कहा कि 26 जनवरी हमें स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निमार्ताओं के बलिदान की याद दिलाता है। उन्होंने सोसाइटी के चहुंमुखी विकास का संकल्प दोहराते हुए निवासियों से आदर्श सोसाइटी निर्माण की अपील की। कार्यक्रम का समापन आपसी मिठाई वितरण के साथ हुआ।

इस अवसर पर गौरव अग्रवाल, संकल्प शर्मा, ऋषि शर्मा, रणजीत बिष्ट, रोहित गुप्ता, सुशांत सिरोही, डॉ. राजेश गुप्ता, विशाल पाल, सुदर्शन टेकरीवाल, राज कपूर, केएल शर्मा, एनके शर्मा, अनुभव जैन सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष निवासी उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन मंच ने नोएडा प्राधिकरण के नवनियुक्त सीईओ से की शिष्टाचार भेंट

समाज जागरण
संदीप गर्ग / नोएडाः भारतीय किसान यूनियन मंच के पदाधिकारियों ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक कार्यालय सेक्टर-6 पहुंचकर नवनियुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करूणेश से शिष्टाचार भेंट की और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

सीईओ कृष्णा करूणेश ने किसानों को आश्वासन दिया कि किसानों एवं गांवों से जुड़ी सभी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी तथा किसानों और प्राधिकरण के बीच किसी प्रकार का गतिरोध नहीं होने दिया जाएगा।



यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल त्यागी ने कहा कि किसान शहर के विकास के साथ-साथ अपने और अपने बच्चों के विकास की भी अपेक्षा रखते हैं, इसलिए गांवों के विकास एवं किसानों की समस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

इस अवसर पर प्रमोद त्यागी, चरन सिंह प्रधान, सुरेन्द्र प्रधान, अशोक चौहान, मुनेश प्रधान, सोनू लोहिया, बीर सिंह टाइगर, आशीष चौहान, मास्टर बीर सिंह, रिंकू यादव, लोकैश चौहान, उमेश चौहान, प्रिंस भाटी, अमन चौहान सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

# भाऊराव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

समाज जागरण
संदीप गर्ग / नोएडाः भाऊराव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर, नोएडा में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अजय अग्रवाल (आईसीओएएस) सहित विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा डम्बल एवं लेजियम नृत्य, योग प्रदर्शन, देशभक्ति गीत, हिंदी एवं



अंग्रेजी उद्बोधन तथा लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। विद्यार्थियों ने 'पंच परिवर्तन' विषय पर सामूहिक गीत भी प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि अजय अग्रवाल ने विद्यार्थियों से 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। डॉ. दिनेश ने भारतीय संस्कृति और राष्ट्र निर्माण पर विचार रखे।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य बीके गुप्ता ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् के साथ हुआ।

# वाहन खड़ा करने को लेकर जेवर में दो गुटों में मारपीट, दो आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण
संदीप गर्ग / नोएडाः थाना जेवर क्षेत्र में वाहन खड़ा करने को लेकर हुए विवाद में दो गुटों के बीच गाली-गलौज व मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 26 जनवरी की है, जब मोहल्ला सल्लियान, कस्बा जेवर निवासी




कुंवरपाल के यहां पुत्र की सगाई का कार्यक्रम चल रहा था।
गली में वाहन खड़े होने को लेकर नितिन उर्फ दरिया और शिवकुमार उर्फ शिवा द्वारा वाहन हटाने को कहा गया, लेकिन वाहन नहीं हटाए गए। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गई।
पुलिस ने मामले में धारा 115(2)/352/351(1)/324(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार अन्य लगाए गए आरोप असत्य एवं निराधार हैं। मामले में विधिक कार्रवाई जारी है।

# 77वें गणतंत्र दिवस पर उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया

## वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजन रॉय ने किया ध्वजारोहण, पीएसी बैंड ने दी मनोहारी प्रस्तुति

समाज जागरण
लखनऊ, 27 जनवरी 2026। 77वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर माननीय उच्च न्यायालय, लखनऊ पीठ परिसर में गरिमामयी एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लखनऊ पीठ के वरिष्ठ न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति श्री राजन रॉय द्वारा बड़े गौरव के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया तथा पी.ए.सी. बैंड द्वारा मनोहारी प्रस्तुति



दी गई। तत्पश्चात माननीय वरिष्ठ न्यायमूर्ति के साथ अन्य माननीय न्यायमूर्तिगण एवं उनके जीवनसाथी, माननीय सेवानिवृत्त न्यायमूर्तिगण, उच्च न्यायालय के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण, उत्तर प्रदेश के अपर महाधिवक्तागण, मुख्य स्थायी अधिवक्तागण, शासकीय अधिवक्ता तथा अवध बार एसोसिएशन के सदस्यों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। समारोह के दौरान संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता के प्रति निष्ठा व्यक्त की गई। पूरे परिसर में देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव का वातावरण बना रहा।

# आशियाना आर्किड सोसाइटी में बच्चों व महिलाओं ने फहराया तिरंगा

ग्रेटर नोएडा। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर गामा-2 स्थित आशियाना आर्किड सोसाइटी में बच्चों एवं महिलाओं ने मिलकर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम में देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण देखने को मिला।

ध्वजारोहण के पश्चात सोसाइटी के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य एवं कविता पाठ शामिल रहा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बच्चों के उत्साह की सराहना की। समारोह का समापन जय हिन्द के



उद्घोष के साथ हुआ।

# सेक्टर-142 थाना पुलिस ने चोरी के चार मोबाइल फोन सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

समाज जागरण
संदीप गर्ग / नोएडाः थाना सेक्टर-142 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त रवि सिंह पुत्र राणा सिंह को मेट्रो स्टेशन



सेक्टर-137 नोएडा के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से विभिन्न कंपनियों के चोरी के चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। अभियुक्त की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है और वह मान सरोवर पार्क, शाहदरा, दिल्ली का निवासी है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध धारा 317(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नोएडा सेक्टर-61 के रॉयल स्टेट गार्डन में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

समाज जागरण
नोएडा के सेक्टर-61 स्थित रॉयल स्टेट गार्डन में इस वर्ष 26 जनवरी का आयोजन पूरे उत्साह, गरिमा और आधुनिक अंदाज में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रेसिडेंट एफसीए डॉ. मनोरंजन मोहंती जी ने किया, जिनके हाथों विधिवत ध्वजारोहण संपन्न हुआ। जैसे ही तिरंगा लहराया, पूरा परिसर देशभक्ति के नारों और तालियों से गूंज उठा। इस मौके पर सोसाइटी में कल्चरल इवेंट्स का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। देशभक्ति गीत, नृत्य और छोटी-छोटी प्रस्तुतियों के जरिये बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का माहौल पारि-वारिक, सकारात्मक और ऊर्जा से भरा रहा। आयोजन की एक खास झलक तब देखने को मिली जब The Times of India ने यहां अपनी एक न्यूजपेपर स्कीम लॉन्च



की। इससे स्थानीय निवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला और लोगों ने इस पहल को जानकारी और जागरूकता से जोड़कर देखा। इस आयोजन को सफल और सुव्यवस्थित बनाने में सामुदायिक विकास समिति की अहम भूमिका रही। रॉयल गार्डन की कलचुरल कमिटी आनंदिता के सदस्यों ने कार्यक्रम की योजना से लेकर व्यवस्थाओं तक हर स्तर पर सक्रिय योगदान दिया। मंच व्यवस्था और अनुशासन ने यह साबित किया कि जब समुदाय एकजुट होकर काम करता है, तो किसी भी आयोजन को यादगार बनाया जा सकता है। रॉयल गार्डन एस्टेट का यह गणतंत्र दिवस समारोह एक औपचारिक आयोजन के साथ साथ समुदाय, संस्कृति और संविधान के प्रति सम्मान का जीवंत उदाहरण बना।इस प्रोग्राम को सफल बनाने मे कुमार शैलेन्द्र, सेक्रेटरी , अनुज त्यागी , वाईस प्रेजिडेंनेट , गौरव जैतिक, कोसाध्यक, निशा सिंह , विनीशा और सरिता किशोर इत्यादि का साहजोग सराहनीय रही.

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# शहीद स्मारक पर गणतंत्र दिवस समारोह

## शहीद स्क्वाड्रन लीडर आई.एच. नकवी को नातिनझ्नातियों की भावभीनी श्रद्धांजलि

समाज जागरण
नोएडा। 77वां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 को सेक्टर-29, नोएडा स्थित शहीद स्मारक पर अत्यंत गरिमामय एवं भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया। स्मारक परिसर में राष्ट्रीय ध्वज के साथ तीनों रक्षा बलों के ध्वज शान से लहराते रहे, जिससे पूरे वातावरण में देशभक्ति की भावना प्रबल हो उठी। इस अवसर पर गौतम बुद्ध नगर के पूर्व सैनिकों एवं नागरिकों ने स्मारक पर अंकित 45 वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि यह स्मारक देश का एकमात्र त्रि-सेवा शहीद स्मारक है, जिसे 13 अप्रैल 2002 को तीनों सेनाध्यक्षों द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल जी.एल. बख्शी द्वारा समाधि स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित करने से हुई। इसके बाद फ्लाइट लेफ्टिनेंट जे.पी. शर्मा, कर्नल छिब्बर, श्रीमती थापर, श्रीमती नर्गिस नकवी अपने बच्चों व पौत्र-पौत्रियों सहित, श्रीमती सुदेश एवं डॉ. संगीता, नरेश शर्मा, श्रीमती नरूरियाल, के. सिंह एवं परिवार, श्रीमती विजय गुप्ता सहित अन्य शहीदों के परिजनों ने पुष्पांजलि



अर्पित की।
वरिष्ठ पूर्व सैनिकों में लेफ्टिनेंट जनरल आर.सी. चड्ढा, सुरिंदर वर्मा, वाई.पी. खुराना, ब्रिगेडियर बाली,



अशोक मेहिद्रत्ता, कमांडर नरेंद्र महाजन, कर्नल शशि वैद, ओ.पी. मेहता, आई.पी. सिंह, एस. खरबंदा, सुपाहिया, महेंद्र कुमार, कैप्टन कोहली, समीर कोहली, संस्था की कार्यकारिणी के सदस्य तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।
समारोह का सबसे भावुक क्षण तब आया, जब शहीद स्क्वाड्रन लीडर आई.एच. नकवी की नातिनझ्नातियों अनाया, रयान एवं शनाया नकवी ने अपने दादा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दृश्य ने उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर दिया।
स्मारक की पवित्रता एवं सौंदर्य को बनाए रखने में योगदान देने वाले कर्मचारियों के सम्मान स्वरूप मिठाइयों का वितरण भी किया गया।
मीडिया से बातचीत में कमांडर नरेंद्र महाजन ने बताया कि वार्षिक श्रद्धांजलि समारोह 23 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा, जिसमें नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी (पीवीएसएम, एवीएसएम, एनएम) मुख्य अतिथि होंगे। इसी अवसर पर स्मारिका-2026 का विमोचन भी किया जाएगा।

# डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में धूमधाम के साथ ध्वजारोहण किया गया

**समाज जागरण**

संभल। डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर यूनिट हेड आशीष कुमार शर्मा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात मिल के अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा रस्सा कस्सी, बोरीकुद, जलेबी कूद, दौड़ प्रतियोगिता आदि की गई कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे आशीष कुमार शर्मा ने जय जवान और जय जवान का नारा देते हुवे कहा कि जवान देश का रक्षा करते है और किसान अन्न उगाते है किसानों का आभार जताया कि किसान हमारे मालिक है और यह उनकी मिल है , साथ ही साथ मालिकों का आभार जताया कि हमारे मिल मालिक समय से किसानों का भुगतान करते है, उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों और सेक्शन हेड के साथ ही साथ सभी कर्मचारियों का धन्यवाद दिया कि उन्होंने मेहनत से फैक्ट्री चलाने का कार्य किया है, प्रशासन का भी आभार जताया कि मिल चलाने में प्रशासन का काफी सहयोग रहता है।



कार्यक्रम का संचालन राजन कुमार दीक्षित ने किया

अन्य वक्ताओं के वरिष्ठ महाप्रबंधक इकबाल सिंह सुधीर त्यागी आंचल बिंदल, संतोष कुमार, अवतार सिंह संजीव वित्त संजीव आई टी अमित अग्रवाल पंडित देवेंद्र पाठक प्रदीप त्यागी देवेंद्र मलिक अमित चौहान, आशीष बाजपेई, इत्यादि ने अपना अपना विचार रखा।

खेल कूद बैडमिंटन प्रतियोगिता में ओजस शर्मा और अन्नत गुप्ता प्रथम स्थान पर रहे मन चौहान और तनिष्क चौहान द्वितीय स्थान पर रहे इसके साथ विभोर बाजपेई अंश अहलावत, अभिनव सक्सेना, इब्राहिम, कबीर बिंदल , आशी सिंह, अर्णव इत्यादि अपने अपने खेल में विजई रहे।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय छात्रावास मौलागढ़ में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से सम्पन्न

**समाज जागरण**

बहजोई।समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय छात्रावास मौलागढ़ चंदौसी, जनपद सम्भल में गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया ध्वजारोहण मुख्य अतिथि माननीय मंत्री जी श्रीमती गुलाब देवी जी, स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश के द्वारा किया गया तथा मॉडल एजुकेशन कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजकुमार गोयल, मानव कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ टी एस पाल, भारत विकास परिषद शाखा चंदौसी के संरक्षक महेश कठेरिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार ने छात्रावास के बारे में माननीय मंत्री जी को अवगत कराया, मंच का संचालन प्रभारी छात्रावास अधीक्षक डॉ एस.एन. शर्मा द्वारा किया गया, विद्यार्थियों द्वारा काव्य पाठ तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए इस अवसर पर अमनदीप , सौरभ भारती, निखिल वर्मा, आदेश बाबू आदि अन्य छात्र उपस्थित रहे



# पीडब्ल्यूडी विभाग परिसर में गणतंत्रा दिवस पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर जनपद बिजनौर के नजीबाबाद में पीडब्ल्यूडी विभाग परिसर में 77वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर अधिशासी अभियंता श्री शैलेंद्र सारसवत ने ध्वजारोहण किया और सभी को गणतंत्रा दिवस की शुभकामनाएं दी राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत से कार्यक्रम की शुरूआत की व देश के अमर शहीदों को याद करते हुए उनके बलिदानों को बताया और देश के प्रति अपने कर्तव्य के प्रति सचेत किया और पीडब्ल्यूडी विभाग के समस्त स्टाफ से अपील कि वह अपना कार्य ईमानदारी और पूर्ण निष्ठा व लगन के साथ निभाए पीडब्ल्यूडी विभाग के समस्त स्टाफ ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ मिलकर गणतंत्रा दिवस मनाते हुए जय हिंद और जय भारत के नारे लगाए पीडब्ल्यूडी विभाग का पूरा प्रांगण भारत माता की जय और वंदे मातरम के जोश भरे नारों से गूंज उठा और वहां पर मौजूद सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई इस अवसर पर अधिशासी अभियंता श्री शैलेंद्र सारसवत सहायक अभियंता हरिशंकर शर्मा मोहन चंद पांडे अवर अभियंता ज्ञानचंद रवि कश्यप नरेश सिंह आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा



# सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग परिसर में गणतंत्रा दिवस पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद जनपद बिजनौर के नजीबाबाद में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग परिसर में 77वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर अधिशासी अभियंता श्री त्रिलोक चंद ने ध्वजारोहण किया और सभी को गणतंत्रा दिवस की शुभकामनाएं दी राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत से कार्यक्रम की शुरूआत की व देश के अमर शहीदों को याद करते हुए उनके बलिदानों को बताया और देश के प्रति अपने कर्तव्य के प्रति सचेत किया और सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के समस्त स्टाफ से अपील कि वह अपना कार्य ईमानदारीऔर पूर्ण निष्ठा व लगन के साथ निभाए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के समस्त स्टाफ ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ मिलकर गणतंत्रा दिवस मनाते हुए जय हिंद और जय भारत के नारे लगाए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग का पूरा प्रांगण भारत माता की जय और वंदे मातरम के जोश भरे नारों से गूंज उठा और वहां पर मौजूद सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई इस अवसर पर अधिशासी अभियंता श्री त्रिलोक चंद सहायक अभियंता श्री भूपेंद्र सिंह प्रशासनिक अधिकारी श्री दीपक कुमार शर्मा जेई श्री दयानंद जोशी जेई श्री गौरव चांदी जेई श्री अमित कुमार जेई श्री अनुज कुमार वरिष्ठ सहायक श्री विनीत कुमार वरिष्ठ सहायक श्री कमल किशोर आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा



# बिजनौर में बैंक कर्मचारियों की हड़ताल:पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने की मांग, कामकाज प्रभावित हुआ

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर में मंगलवार को बैंक कर्मचारियों ने पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने की मांग को लेकर हड़ताल की। सिविल लाइन स्थित पंजाब नेशनल बैंक की मुख्य शाखा के बाहर सैकड़ों बैंक कर्मचारी एकजुट हुए और यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के तत्वावधान में प्रदर्शन किया।

कर्मचारियों का कहना है कि पांच दिवसीय कार्य सप्ताह बैंक कर्मचारियों के स्वास्थ्य और ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए आवश्यक है। इस मांग के समर्थन में बैंक कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी भी की।

पंजाब नेशनल बैंक कर्मचारी यूनियन के सहायक महासचिव सौरभ गुप्ता ने बताया कि यह मांग पिछले 12 साल से लगातार की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) के साथ इस संबंध में समझौता हो चुका है, लेकिन वित्त मंत्रालय इसे लागू करने में आनाकानी कर रहा है। इसी के विरोध में कर्मचारियों ने अपना आक्रोश व्यक्त किया।

धरना प्रदर्शन का नेतृत्व पंजाब नेशनल बैंक कर्मचारी यूनियन के सहायक महासचिव सौरभ गुप्ता और आधिकारिक संगठन के मंडल सचिव वरुण चौहान ने किया। इस अवसर पर रंजन सिंह, मुकेश पासवान, अशोक बिश्नोई, सोनाक्षी सिंधिया, सचिन, नितिन, आजाद और गगन सहित कई अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।




# कलेक्ट्रेट परिसर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

## कलक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज दीं सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल। कलक्ट्रेट परिसर में 77वें गणतंत्र दिवस को बडे ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया।

सर्वप्रथम जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को फहराया गया एवं उसके पश्चात वहां उपस्थित सभी लोगों द्वारा राष्ट्रगान गान गाया।

जिलाधिकारी ने राष्ट्र की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वहां उपस्थित सभी लोगों को संकल्प दिलाया उसके बाद कलक्ट्रेट परिसर में स्थित शहीद स्मारक पर जाकर भारत के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चों द्वारा देशभक्ति से संबंधित गीत एवं संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिससे गणतंत्र दिवस की शोभा और अधिक बढ़ गई। कार्यक्रम में नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार द्वारा देशभक्ति गीत गाया एवं गीत गाकर लोगों को मतदान के लिए भी जागरूक किया।अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा ने सभी को 77 वें गणतंत्र दिवस की बधाई दीं एवं कहा कि इस दिन हमारा संविधान लागू हुआ था तब से आज तक हम सभी संविधान के अनुसार कार्य कर रहे हैं हम सभी को संविधान में जो कर्तव्य दिए गए हैं उनका पालन करना चाहिए। संविधान की मूल भावना के अनुसार कार्य करें। भारत में सभी नागरिकों को सामाजिक एवं आर्थिक न्याय के लिए अच्छे से कार्य करना चाहिए। जिस पद पर भी हम रहें हमें समाज के एवं देश के लिए कार्य करते रहना चाहिए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण ( एसआईआर ) का कार्य चल रहा है फॉर्म -6 के माध्यम से कोई कोई भी नागरिक जो अपनी आयु 18 वर्ष पूर्ण कर चुका है या पूर्ण करने वाला है वह अपना वोट बनवा सकता है तथा ऑनलाइन माध्यम से भी अपना आवेदन कर सकता है।उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक करें तथा कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में न रहे तथा कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न रहे।



मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि आज संविधान को मूल्य प्रदान करने वाला दिवस है।हमें गर्व करना होगा कि हम प्राचीन भारतीय संस्कृति जिसने विश्व को बंधुत्वता का संदेश दिया,सबके कल्याण की कामना की उन प्राचीन मूल्यों पर हमें गर्व करना होगा हमे विरासत एवं संस्कृति को सहेजना होगा।समरसता एवं बंधुत्व की भावना पर कार्य करें। देश को विकसित बनाने के लिए चिंतन करें।

जिलाधिकारी ने सर्व प्रथम सभी को 77 वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दीं। जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर का कार्य चल रहा है 17 वर्ष से ऊपर के नये बनने वाले मतदाता या जो पुराने हैं उन्हें अपने आप को फॉर्म 6 के माध्यम से वोटर लिस्ट से जोड़ना चाहिए।उन्होंने कहा कि आज का दिवस जन, गण, मन की याद दिलाता है जनता अपने गण अर्थात समूह अर्थात प्रजातंत्र को चुनने के लिए अपने मन से स्वतंत्र है।इसी रुप में आज का दिन स्मरण किया जाता है।जन जन तक शासन की योजनाओं को पहुंचाएं तथा देश के विकास में अपनी आहुति दें। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार से आए सम्मानित परिजनों परविंदर देव शर्मा एवं मोहित शर्मा को मिष्ठान देकर तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को पुस्तक एवं किट देकर जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद के स्नेक केचर जाबुल की पुत्री कु. मिसवाह जोकि फास्टफूड़ के कारण मधुमेह एवं थायराइड के रोग से ग्रस्त हो गयीं हैं उनके द्वारा बताया गया कि वह चाऊमीन एवं ममोज जैसे फास्टफूड़ बहुत ज्यादा खाती थीं जिस कारण से उनको डायबिटीज ( मधुमेह ) एवं थायराइड की बीमारी ने घेर लिया तथा बहुत मुश्किल से बच पायीं उन्होंने बच्चों को घर का बना खाना खाने के लिए जागरूक किया तथा कहा कि बाहर के खाने से बचें। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत आपदा मित्र भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने जनपद को प्राप्त हुई आपातकालीन आवश्यक संसाधन किट की भी सभागार पर प्रदर्शनी लगायी।

मंच का संचालन डॉ. राजीव कुमार द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलक्टर वंदना मिश्रा ,जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी माधवी पाण्डेय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार से आए सम्मानित परिजन परविंदर देव शर्मा एवं मोहित शर्मा भी शामिल रहे।

# राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा कैम्प कार्यालय पर बड़े ही धूमधाम से बनाया गया गणतंत्र दिवस

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर बुढ़नपुर। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा रविवार को अपने ही कैंप कार्यालय बुढ़नपुर बिजनौर उत्तर प्रदेश पर 77 वे गणतंत्र दिवस का उत्सव बड़े ही धूमधाम से बनाया गया। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा के नेतृत्व में कार्यकर्ता व पदाधिकारी द्वारा 77 वे गणतंत्र दिवस झंडा फहराया गया। और पदाधिकारी द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। और तिरंगे को सलाम किया गया। तथा और दिव्यांगों के साथ-साथ गणमान्य लोगों व समाजसेवी ने भी हिस्सा लिया।

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के पदाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के बाद रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तथा कार्यक्रम में अतिथि आए एसोसिएशन के पदाधिकारियों की कार्यक्रम को देख सराहना की।



राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि सबसे पहले पूरे भारतवर्ष के राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के पदाधिकारियों को 77 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देना चाहता हूं। और उन्होंने कहा कि पूरे देश में गणतंत्र दिवस बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी पदाधिकारी का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर कोई उनका शोषण करता है बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस मौके पर वाइस प्रेसिडेंट मोहम्मद वसीम, मौ. शाहे आलम, मौ आजम अंसारी, मास्टर अफजाल, नसीम अहमद, इंतजाम,सितारे आलम, मास्टर शहजाद गोविंदपुर वाले, नकूल, सुशील,मौलाना इनामुल हक, रोहित कुमार, इकराम ठेकेदार, आदि कार्यकर्ता पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# खड़े ट्रक में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, केबिन पूरी तरह जलकर खाक, बड़ा हादसा टला

**समाज जागरण मुस्कान खान**

स्योहारा, बिजनौर। नगर के स्योहारा मिल तिराहा क्षेत्र अंतर्गत मुरादाबाद रोड पर टावर के समीप मैदान में खड़े एक ट्रक में अचानक शॉर्ट सर्किट के चलते भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में ट्रक का केबिन पूरी तरह जलकर राख हो गया, जिससे आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक काफी देर से मैदान में खड़ा था। अचानक उसमें से धुआं निकलता दिखाई दिया और कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें उठती देख आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और पड़ोसियों ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए पानी व अन्य उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।



लोगों की तत्परता के कारण आग ट्रक के अन्य हिस्सों और आसपास के क्षेत्र तक फैलने से बच गई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन ट्रक के केबिन को भारी नुकसान पहुंचा है। आग की चपेट में आया ट्रक संख्या UP21 CN 3467 बताया गया है, जो समीम अहमद, निवासी नूरपुर, का है।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। घटना के बाद कुछ समय के लिए क्षेत्र में भय और अफरा-तफरी का माहौल रहा, लेकिन स्थानीय लोगों की सतर्कता से हालात शीघ्र सामान्य हो गए।

# जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा ईवीएम स्ट्रांग रूम एवं वीवीपेट वेयरहाउस का किया गया निरीक्षण

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित एवं झंडापुर स्थित वीवीपेट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर लगे तालों की सील्ड्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं। स्ट्रांग रूम स्थित गार्ड रूम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को सफाई व्यवस्था एवं रंगाई-पुताई कराने के निर्देश दिए।

तदोपरांत जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने झंडापुर स्थित वीवीपेट वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने यहां भी भूतल स्थित विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के वीवीपेट कक्षों में लगे तालों की सील्ड्स आदि का मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जो मानक के अनुरूप संचालित पाई गईं। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के इंतजाम देख कर संतोष व्यक्त किया।



निरीक्षण के दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि कांग्रेस से अनिल कुमार एवं काजी आतिफ, बसपा से मुहम्मद सिद्दीक तथा सपा से अखलाक पप्पू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# UGC नियमों पर फूटा ब्राह्मणों का गुस्सा

**समाज जागरण**

चन्दौसी ।ब्राह्मण शक्ति संघ ने यूजीसी के विरोध में किया प्रदर्शन, ब्राह्मण शक्ति संघ के सदस्य फब्बारा चौक पर एकत्रित होकर भारत सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए तहसील चंदौसी पहुंचे, वहां पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार चंदौसी को सौंपा गया। संगठन ने भारत सरकार द्वारा लागू यूजीसी कानून का विरोध करते हुए प्रधानमंत्री से आग्रह किया हैं । इस कानून के प्रावधानों में संशोधित करके समिति में स्वर्ण समाज की सदस्यता अनिवार्य की जाए, झूठी व भ्रामक शिकायतकर्ता के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, अन्यथा इस काले कानून को वापस लिया जाए, हमारी मांगों को नहीं माना गया तो संपूर्ण ब्राह्मण समाज के साथ स्वर्ण समाज उग्र प्रदर्शन करने पर विवश होगा। समय रहते सरकार अपनी गलती सुधारते हुए, सवर्ण विरोधी इस काले कानून को समाप्त करें या इसमें सुधार करें, वरना होने वाले प्रदर्शनों के लिए केंद्र सरकार स्वयं जिम्मेदार होगी ज्ञापन देते समय विवेक मिश्रा. मुकेश गौड़ ,सचिन मिश्रा, अविरल शर्मा ,विवेक शर्मा गुमथल, अशोक पाराशरी, निशांत शर्मा, पराग शर्मा प्रशांत वशिष्ठ, आचार्य रितुपर्णा शर्मा, मुदित शर्मा, सौरभ दीक्षित ,अमोल शर्मा,बृजेश शर्मा, कौशल उपाध्याय,दीपक ठाकुर ,गोविंद वार्ष्णेय, सचिन शर्मा, विकास शर्मा,अरविंद शर्मा ,राजीव शर्मा, दुष्यंत चौहान ,अभिषेक शर्मा, सावन शर्मा, अजय पाठक, पराग शर्मा, अनुराग गौड़, मोहन गौतम, राजीव मिश्रा ,लक्ष्य भारद्वाज, विशेष भारद्वाज, कृष्णानंद शर्मा, विकास उपाध्याय, वेद प्रकाश मिश्रा आदि भारी संख्या में ब्राह्मण शक्ति संघ के सदस्य उपस्थित रहे




# जनता बाल निकेतन जूनियर हाई स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। जनता बाल निकेतन जूनियर हाईस्कूल, मोहल्ला जाफ्तागंज, नजीबाबाद में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का आयोजन अत्यंत गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंगों में सराबोर नजर आया, जहाँ कार्यक्रम का शुभारंभ हाजी शमीम, पूर्व तहसीलदार की अध्यक्षता में हुआ और संचालन कुमारी सारा शाहिद द्वारा सुव्यवस्थित व प्रभावशाली ढंग से किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गणतंत्र की भावना को जीवंत कर दिया, जिन्हें उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ सराहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हाजी शमीम, पूर्व तहसीलदार ने 26 जनवरी के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए संविधान की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी तथा बच्चों को एक जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। मैनेजर नफीस खान एवं आदिल अतहर और कोकब ए रुश्दा हाशमी ने भी अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती किश्वर जहाँ ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।



# फार्मर रजिस्ट्री की धीमी प्रक्रिया पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं,डीपीआरओ सख्त, सचिव का वेतन रोकने के निर्देश

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर /विकासखंड राजगढ़ ब्लॉक मुख्यालय परिसर मे आज सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और डेटा फीडिंग में लापरवाही पर डीपीआरओ संतोष श्रीवास्तव ने कड़ा रुख अपनाया है। राजगढ़ ब्लॉक मुख्यालय पर 'फार्मर रजिस्ट्री' की समीक्षा बैठक के दौरान कार्यों में शिथिलता मिलने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई।

लक्ष्य के सापेक्ष बेहद कम प्रगति और कार्यों में रुचि न लेने पर डीपीआरओ ने ग्राम पंचायत सचिव अवधेश कुमार का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने का निर्देश एडीओ पंचायत को दिया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि शासन की प्राथमिकताओं में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी सचिवों को शत-प्रतिशत रजिस्ट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस सख्त कार्रवाई से ब्लॉक के अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा। सरकार की मंशा के अनुरूप फॉर्म रजिस्ट्री का कार्य धीमा ब्लॉक में चल रहा है। जिसके तहत डीपीआरओ संतोष श्रीवास्तव ने कार्रवाई की।



# गुलशन नगर में जलभराव से हालात बदतर

— मामूली बारिश में डूबी सड़क, मकानों को भी खतरा
— नगरपालिका की उदासीनता के चलते नहीं हो रहा समाधान



**समाज जागरण**
कैराना। नगर में मोहल्ला गुलशन नगर में बारिश के कारण हालात बदतर हो गए हैं। मुख्य सड़क जलभराव में डूब गई है। प्लॉटों में पानी भरा है। इसके चलते मकानों को भी खतरा पैदा हो गया है। लोगों का कहना है कि निकासी का कोई प्रबंध नहीं होने के कारण समस्या गहरा गई है। इसी के चलते लोगों में भारी आक्रोश बना हुआ है। नगर के मोहल्ला गुलशन नगर में 300-400 परिवार रहते हैं। मौलाना बिलाल अहमद व मोहम्मद आदिल ने बताया कि मोहल्ले में निकासी का कोई प्रबंध नहीं है, जिस कारण बारिश के बाद हालात बिगड़ गए हैं। मुख्य सड़क पानी में डूब गई है। स्कूलों व मदरसे के बच्चे भी जलभराव के बीच से होकर गुजरते हैं। नमाज पढ़ने जाने वाले लोगों के कपड़े गंदे हो जाते हैं। जलभराव इस कदर है कि आसपास के प्लॉटों में भी पानी भर गया है, जिस कारण मकानों की नींव को खतरा पैदा हो गया है। दीवारों में दरारें आने का डर लोगों को सता रहा है। लोगों ने कहा कि यह समस्या नई नहीं, बल्कि वर्षों पुरानी है। इसके अलावा गंदगी का भी ढेर लगा हुआ है। लोगों ने कहा कि हम वोट देते हैं, वादे सुनते हैं, लेकिन समस्याओं का समाधान करने वाला कोई नहीं है।

सभासद से शिकायत करने पर बस यही जवाब मिलता है कि फाइल भेज दी गई है। लेकिन, पालिका की उदासीनता के चलते समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कोई अस्थायी रूप से पानी निकलवाने की व्यवस्था भी नहीं की गई है। समस्याओं के समाधान की मांग की गई है।

# बिना अनुमति रैली निकालने पर मुकदमा

**समाज जागरण**
कैराना। गणतंत्र दिवस के दिन बिना अनुमति बाइक रैली निकालने के आरोप में पुलिस ने दो नामजद व 40–50 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। एसआई गौरव चौहान ने मुकदमा दर्ज कराया कि सोमवार को वह टीम के साथ कांधला अड्डे पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान सलीम गुर्जर निवासी मोहल्ला दरबारखुर्द अपने साथी अफ्फान निवासी सफा कॉलोनी और 40–50 अज्ञात साथियों के साथ बाइक रैली निकालता हुआ आया, जिसे रोक कर अनुमति के बारे में पूछा गया, लेकिन कोई अनुमति नहीं मिली। इसके बाद वह नारेबाजी करते हुए बाइक रैली आगे लेकर चले गए। यह मुकदमा बीएनएस की धारा 223 के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एसबीएम जूनियर हाईस्कूल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

-बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समां



**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
कस्बे के मोहल्ला गुजरान में स्थित एसबीएम जूनियर हाईस्कूल में 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रगान प्रस्तुत कर देश के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की।
गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, कविता पाठ एवं नाट्य मंचन के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और भारतीय संविधान की महत्ता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों का मन मोह लिया और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंज उठा।कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मुस्तफा जंग ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और देशभक्ति की भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि आज का छात्र ही देश का भविष्य है और ऐसे आयोजनों के माध्यम से उन्हें संस्कारवान नागरिक बनाया जा सकता है। प्रधानाचार्य ने विद्यालय परिवार की ओर से सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक -शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा अभि भावक सहित नवेद जंग एडवोकेट, मुनव्वर हसन, सोनू जंग व सालिम पंच सहित आदि मौजूद रहे।

# ट्रक ड्राइवर देश की रीड की हड्डी है, दिलमान साजिद



**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे के किवाना मोड़ पर उत्तर प्रदेश ड्राइवर एकता मजदूर संगठन के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयो जन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार को संगठन पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने उपस्थित ट्रक व वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने ड्राइवरों से अपील की कि वे निर्धारित गति सीमा का पालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं तथा हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिलमान साजिद ने कहा कि ट्रक ड्राइवर देश की रीढ़ की हड्डी हैं। उनके बिना देश की अर्थव्यवस्था और आपूर्ति व्यवस्था की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने ड्राइवरों के हितों की रक्षा और उनके सम्मान के लिए संगठन के निरंतर प्रयासों की बात कही। इस दौरान उन्होंने सभी ट्रक चालकों से सरकार के द्वारा जारी नियमों का पालन करने की अपील की और संगठन के पदाधिकारियों को कार्ड व प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर वैसर प्रधान, चौधरी आजम, इंतजार, वकील प्रधान, तहसीन प्रधान, नसीम एडवोकेट सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ड्राइवर मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में दो घायल,गड्ढों को लेकर सड़क पर उतरे लोग



**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**
थाना क्षेत्र के भारसी कट के पास नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि अज्ञात कार चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क पर बने गहरे गड्ढे इस हादसे का मुख्य कारण बने।हादसे में घायलों की पहचान भारसी निवासी लोकेंद्र पुत्र आनंदपाल और मुजफ्फरनगर जनपद के बुढ़ाना निवासी शौकीन के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल मदद करते हुए दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकि त्सकों ने लोकेंद्र की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्प ताल रेफर कर दिया, जबकि शौकीन का उपचार सीएचसी में जारी है।घटना को लेकर जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण व स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और सड़क की जर्जर हालत को लेकर जमकर प्रदर्शन किय।प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर बने गड्ढों को हादसों का कारण बताते हुए तत्काल मरम्मत की मांग की।प्रदर्शन करने में पुष्पेंद्र, बॉबी, सचिन, अनीश, कपिल सहित कई स्थानीय लोग शामिल रहे। प्रदर्शन कारियों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो भविष्य में इससे भी बड़े हादसे हो सकते हैं, जिसकी जिम्मे दारी संबंधित विभाग की होगी।

# महिला ने जेठ पर लगाया पति की हत्या की साजिश रचने का आरोप

**समाज जागरण कांधला।**
क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देकर अपने ही परिवार के सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने बताया कि उसका पति नशे का आदी है, जिसका फायदा उठाकर उसके जेठ ने उसकी कृषि भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। इतना ही नहीं, दिल्ली में स्थित पीड़िता के प्लॉट पर भी जबरन कब्जा किए जाने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता का आरोप है कि उसका जेठ उसके पति की हत्या करने की फिराक में है, जिससे वह और उसका परिवार भय के साए में जीने को मजबूर हैं। महिला का कहना है कि आरोपियों ने उसे घर से बाहर निकाल दिया है और जब भी वह अपने घर में प्रवेश करने का प्रयास करती है तो उसके साथ मारपीट की जाती है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर सौंपते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से महिला की मौत



**समाज जागरण**
कैराना। बाईपास रोड पर ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया। सोमवार को मोहल्ला आलखुर्द निवासी ओमकार अपनी 46 वर्षीय पत्नी बबली उर्फ गुड्डी के साथ बाइक द्वारा शामली जा रहा था। बताया जा रहा है कि बाईपास रोड पर आर्यपुरी के निकट बाइक में पेट्रोल खत्म हो गया, जिसके बाद उसने बाइक साइड में रोक ली। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी, जिस कारण पास में ही खड़ी उसकी पत्नी बबली की मौके पर ही मौत हो गई तथा उसे भी मामूली चोटें आईं। बाद में आरोपी चालक ट्रैक्टर ट्रॉली को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस का कहना है कि तहरीर आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज उत्पीड़न व तीन तलाक में मुकदमा

**समाज जागरण**

कैराना। दहेज को लेकर महिला का उत्पीड़न और तीन तलाक देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। सहारनपुर जिले के गंगोह थाना क्षेत्र के गांव खानपुर गुर्जर की हाल निवासी शबनम ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया है कि उसकी शादी करीब सात वर्ष पूर्व साकिब के साथ हुई थी। शादी में दिए गए सामान से ससुराल पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे। उससे दो लाख की नकदी व कार की मांग करते हुए उत्पीड़न किया जा रहा था। बीते 25 जनवरी को ससुराल पक्ष के लोगों ने मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट की और पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। इस दौरान उसका गला भी घोटा गया। मामले में साकिब के अलावा याकूब, साबिर व शारिका निवासीगण गांव पावटीकलां कैराना को नामजद कराया गया है।

# कांधला देहात की बदहाली से लेकर विकास के एजेंडे तक

-सपा में शामिल हुए प्रधान प्रत्याशी गय्यूर हसन, अखिलेश यादव से की सीधी चर्चा



**समाज जागरण**
**कांधला। (फुरकान जंग)**
देहात क्षेत्र से प्रधान पद के प्रत्याशी गय्यूर हसन ने लखनऊ स्थित विक्रमादित्य मार्ग पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंचकर सपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सांसद इकरा हसन व उनकी माता पूर्व सांसद तबस्सुम हसन भी उनके साथ मौजूद रहीं। सपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गय्यूर हसन सहित उनके समर्थकों और कार्यकताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम के दौरान कांधला देहात के विकास को लेकर गंभीर मंथन हुआ। गय्यूर हसन ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को क्षेत्र की जमीनी समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि कांधला देहात की अधिकांश सड़कें आज भी कच्ची हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर हो जाते हैं, जिससे किसानों, छात्रों और मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं जैसे पक्की सड़कें, जल निकासी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की सख्त जरूरत है। गय्यूर हसन ने भरोसा जताया कि समाजवादी पार्टी की नीतियां और नेतृत्व ग्रामीण विकास को नई दिशा देने में सक्षम हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कांधला देहात के विकास संबंधी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि समाजवादी पार्टी हमेशा गांव, गरीब और किसानों के हितों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करेगी।उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर विकास तभी संभव है जब स्थानीय नेतृत्व मजबूत और जनता से जुड़ा हो। इस राजनीतिक घटनाक्रम को कांधला देहात की राजनीति में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गय्यूर हसन के सपा में शामिल होने से क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है और आगामी पंचायत चुनावों में इसका असर देखने को मिल सकता है। साथ ही, ग्रामीणों में भी विकास को लेकर नई उम्मीद जगी है। इस दौरान मुबारक जंग, सरवेज झारा, फारूख जंग, वासिफ, सोनू, फुरकान अंसारी, आशु, गुलजार सिद्दीकी, हुस्ने आलम सहित आदि मौजूद रहे।

# एसपी व डीएम ने थाना प्रभारी सतीश कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह एवं जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने कांधला थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार को उनके द्वारा किए गए सराहनीय, साहसिक एवं उत्कृष्ट पुलिस कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के दौरान पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के साथ-साथ अपराध नियंत्रण की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उनके नेतृत्व में कांधला थाना पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध लगातार सख्त और प्रभावी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का माहौल कायम किया है। थाना प्रभारी ने एक लाख रुपये के इनामी कुख्यात बदमाश नफीस को मुठभेड़ में मार गिराकर क्षेत्र को अपराध के भय से मुक्त कराया। उक्त बदमाश पर हत्या, लूट, जानलेवा हमला एवं अन्य संगीन धाराओं में दर्जनों मुकदमे दर्ज थे। इसके अतिरिक्त, उन्होंने आधा दर्जन से अधिक शातिर अपराधियों को मुठभेड़ एवं सटीक पुलिस कार्रवाई के माध्यम से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा। इतना ही नहीं, थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में घटित सनसनीखेज तिहरे हत्या कांड का खुलासा भी थाना प्रभारी सतीश कुमार ने महज कुछ ही घंटों में करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से न केवल पुलिस की कार्यशैली की व्यापक सराहना हुई, बल्कि आम नागरिकों में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना भी और अधिक मजबूत हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने थाना प्रभारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि सतीश कुमार जैसे जांबाज, ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी ही मजबूत कानून-व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। जिलाधि कारी अरविंद कुमार चौहान ने भी थाना प्रभारी द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार को सम्मानित किए जाने पर पुलिस महकमे में उत्साह का माहौल देखने को मिला, वहीं क्षेत्रवासियों ने भी कांधला पुलिस की कार्यप्रणाली और सक्रियता की खुले दिल से प्रशंसा की।

# नई मुस्तफाबाद के प्राथमिक विद्यालय को अन्यत्र स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर उठे सवाल

-समाजसेवी जावेद हसन ने सदर विधायक प्रसन्न चौधरी एवं जिलाधिकारी से की हस्तक्षेप की मांग



**समाज जागरण**
**कांधला। (फुरकान जंग)**

कस्बे की नई मुस्तफाबाद बस्ती में स्थित प्राथमिक विद्यालय में वर्तमान में लगभग 250 छात्र-छात्राएं अध्य यनरत हैं।विद्यालय की पुरानी और जर्जर भवन स्थिति तथा बरसात के मौसम में स्कूल परिसर में जलभराव की गंभीर समस्या के चलते विद्या र्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय भवन की बदहाल स्थिति को देखते हुए शासन स्तर से नए भवन के निर्माण के लिए धनराशि भी स्वीकृत की जा चुकी है। हालांकि, संबंधित विभाग द्वारा विद्यालय को वर्तमान स्थान के बजाय किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित कर नए भवन के निर्माण की योजना बनाई जा रही है, जिससे स्थानीय अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में चिंता का माहौल है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि विद्यालय को नई मुस्तफाबाद के स्थान पर कहीं और स्थानांतरित किया गया तो छोटे-छोटे छात्र-छात्राओं को दूर तक पैदल या साधनों से आना-जाना पड़ेगा, जिससे उनकी शिक्षा प्रभावित होने की आशंका है। विशेष रूप से गरीब और मजदूर वर्ग के बच्चों के लिए यह परेशानी और भी अधिक बढ़ जाएगी।छात्र-छात्राओं की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए समाजसेवी जावेद हसन ने सदर विधायक प्रसन्न चौधरी एवं जिलाधिकारी को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपते हुए मांग की है कि प्राथमिक विद्यालय का नया भवन उसी स्थान पर, नई मुस्तफाबाद बस्ती में ही बनाया जाए, जहां वर्तमान में विद्यालय संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का स्थान परिवर्तन बच्चों के हित में नहीं है और इससे उनकी पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। समाजसेवी और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है, ताकि क्षेत्र के बच्चों को निर्बाध और सुरक्षित शिक्षा का वातावरण मिल सके।

# इस्माईल मिर्जा ने हैदराबाद में लहराया परचम, आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड




**समाज जागरण कांधला।**

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के शमशाबाद स्थित एसएस कन्वेंशन सेंटर में आयोजित रेश सूर्या क्लासिक आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में कस्बे के होनहार युवा ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।
एक दिवसीय सीनियर वर्ग की इस प्रतियोगिता में कस्बे के मोहल्ला खैल निवासी 19 वर्षीय इस्माईल मिर्जा ने 90 किलोग्राम वेट कैटेगरी में दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को पराजित किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। प्रतियोगिता का आयोजन तेलंगाना आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के सहयोग से किया गया, जिसमें देश और विभिन्न राज्यों से कई मजबूत आर्म रेसलर्स ने प्रतिभाग किया। इस्माईल की इस बड़ी उपलब्धि पर उनके पिता परवेज मिर्जा ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उनका बेटा लंबे समय से आर्म रेसलिंग के लिए कड़ी मेहनत और नियमित अभ्यास कर रहा था। उन्होंने कहा कि यह जीत पूरे परिवार और टीम के लिए गर्व का विषय है और इस्माईल ने साबित कर दिया कि सच्ची मेहनत और जुनून से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।उल्लेखनीय है कि यह चैंपियनशिप 24 और 25 जनवरी को आयोजित हुई थी, जिसमें पुरुष और महिला वर्ग की विभिन्न वेट कैटेगरी में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। मंगलवार को गोल्ड मेडल जीतकर नगर लौटने पर इस्माईल मिर्जा का कांधला में जोरदार स्वागत किया गया, जहां दर्जनों खेल प्रेमियों और नगरवासियों ने उन्हें बधाई दी। इस्माईल की यह सफलता न केवल उनके परिवार के लिए गर्व की बात है, बल्कि शामली जनपद के युवाओं के लिए भी एक बड़ी प्रेरणा बनकर सामने आई है।

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर भाजपा नोएडा महानगर जिला कार्यालय में भव्य ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन :



**समाज जागरण**
गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर जिला कार्यालय, सेक्टर-116 में जिला अध्यक्ष श्री महेश चौहान के नेतृत्व में ध्वजारोहण एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके पश्चात उपस्थित पदाधि कारियों एवं कार्यकताओं ने राष्ट्रगान के माध्यम से देश की एकता, अखंडता और संविधान के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों एवं संविधान निमार्ताओं को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। जिला अध्यक्ष श्री महेश चौहान ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान में निहित मूल्यों , लोकतंत्र, समानता और न्याय को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के समग्र विकास एवं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश की प्रगति पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीतों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह में उत्साह और गर्व का संचार किया। इस अवसर पर भाजपा नोएडा महानगर के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के उद्घोष के साथ हुआ। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विमला बाथम,सुषमा सिंह, विनोद त्यागी, राकेश शर्मा, अमित त्यागी, चंदगीराम यादव, डिंपल आनंद, विनोद शर्मा, मनोज चौहान, ओमवीर अवाना, उमेश त्यागी, भूपेश चौधरी, अशोक मिश्रा, रामनिवास यादव, सुशील शर्मा ,अर्पित मिश्रा, प्रज्ञा पाठक, नीरज चौधरी, रामकिशन यादव, मनीष तिवारी, सत्य नारायण महावर, मुक्तानंद प्रधान, राजकुमार बंसल, धर्मेंद्र गुप्ता, ओम यादव, नमिता चौबे, कल्याणी तिवारी, निधि त्यागी, खुशबू चौहान, पल्लवी राय , राज्यश्री गुप्ता, दिपली दीक्षित, शीतल शुक्ला, प्राची, सुनीता शर्मा, अनुभूति टंडन रागिनी, रुचि चौहान, सुमेर सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए

# सहारनपुर प्रतियोगिता में बागपत के खिलाड़ियों का शानदार दमदार प्रदर्शन

## तीन स्वर्ण पदकों के साथ जिले का नाम रोशन कर लौटे मुक्केबाज

**समाज जागरण बागपत।**

ब्रशली एमेच्योर बॉक्सिंग अकादमी बागपत के मुक्केबाजों ने एक बार फिर अपनी मेहनत और प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सहारनपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 12 पदक अपने नाम किए। इनमें तीन स्वर्ण सात रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। इस शानदार उपलब्धि से बागपत जिले में खेल प्रेमियों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। यह प्रतियोगिता चैंपियन मेकर बॉक्सिंग अकादमी के तत्वावधान में आयोजित की गई थी जो 26 जनवरी तक चली। प्रतियोगिता में दिल्ली हरियाणा



पंजाब बिहार और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बागपत से ब्रशली एमेच्योर बॉक्सिंग अकादमी के बारह मुक्केबाजों ने विभिन्न भार वर्गों में मुकाबले खेले और अपनी तकनीक दमखम और अनुशासन का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कोच यशवीर सिद्धू ने बताया कि खिलाड़ियों ने लंबे समय से कड़ी मेहनत की थी जिसका परिणाम पदकों के रूप में सामने आया। स्वर्ण पदक जीतने वालों में हर्षित तुषार और शिवम कुमार शामिल रहे। वहीं आयुष राज विराट करण कुणाल चौहान नैतिक और दवि नैन ने रजत पदक जीतकर अकादमी का मान बढ़ाया। यश और कुणाल ने कांस्य पदक हासिल किए। प्रतियोगिता से लौटने पर बागपत पहुंचने पर सभी मुक्केबाजों का जोरदार स्वागत किया गया। खिलाड़ियों की इस सफलता ने जिले के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की नई प्रेरणा दी है।

# कोणार्क विद्यापीठ खेकड़ा में गणतंत्र दिवस पर हुए रंगारंग कार्यक्रम

**समाज जागरण बागपत।**

खेकड़ा स्थित कोणार्क विद्यापीठ के प्रांगण में 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र धामा द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। इस मौके पर देवेंद्र धामा ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं और उन्हें शिक्षित होकर राष्ट्र निर्माण में अपना सक्रिय योगदान देना चाहिए। अनुशासन और संस्कार ही एक उन्नत समाज की नींव हैं। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें समूह गान, भाषण मुख्य



आकर्षण रहे। विद्यालय के उप प्रबंधक अंकित धामा और प्रधानाचार्य अतुल कुमार गोस्वामी ने बच्चों का मार्गदर्शन किया और देश के प्रति उनके कर्तव्यों की याद दिलाई। इस अवसर पर रामचंद्र शर्मा विपिन धामा बिशप शर्मा अजीत कुमार दुष्यंत त्यागी गुलशन चौहान शुभम जैन मनीष धामा सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

# पुरनपट्टी गांव में आयोजित हुआ जैविक खेती किसान प्रशिक्षण

**समाज जागरण**
**रंजीत तिवारी मीरजापुर।।**

नमामि गंगे परियोजना से जुड़े बायो शर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मंगलवार को विकासखंड सीखड़ के पुरनपट्टी गांव में जैविक खेती किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो किसानों ने जैविक खेती की जानकारी ली। अभिनव मिश्रा ने किसानों को जीवामृत बीजामृत और नीमास्त्र के बारे में जानकारी देते हुए किसानों को बताया कि वह जैविक खाद को अपना कर अपने उपज को बढ़ा सकते हैं। खेत में कार्बन की लगातार हो रही कमी के बारे में भी किसानों को अवगत कराया। किसान भाइयों को अपने साथ-साथ आस पास के किसानों को भी जैविक खेती के लिए प्रेरित करना चाहिए। कौशल सिंह ने किसानों को फसल की बुवाई के पहले बीज को अच्छी तरह से



शोधित करके ही बोने के अपील की साथ ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे तमाम योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही डीकम्पोजर के उपयोग और उसके लाभ के बारे मे भी बताये। किसानों को जैविक उत्पाद के उचित मूल्य और बाजार में लगातार बढ़ रही मांग के बारे में किसानों को बताया। आज आयोजित हुए जैविक किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों ने जैविक खाद बनाने और जैविक खेती करने का भी संकल्प लिया।

# एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन द्वारा 77 वॉ गणतन्त्र दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया गया।

**समाज जागरण**

दिनांक 26.01.2026 को नौएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन द्वारा 77 वॉ गणतन्त्र दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नौएडा श्री० कृष्णा करूणेश जी एंव एन.ई.ए. अध्यक्ष श्री विपिन कुमार मल्हन जी ने एन०ई०ए० की पूरी टीम के साथ ध्वजारोहण किया, तदोपरांत मौजूद उद्यमियों के साथ राष्ट्रीय गान गाया तथा बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये । इस अवसर पर एन.ई.ए. के अध्यक्ष श्री विपिन कुमार मल्हन जी ने कहा कि देश के प्रति प्रेम, सदभाव, सम्मान एंव सेवाभाव के साथ हम सभी धर्मो को मानने वाले लोग गणतन्त्र दिवस को एक पर्व के रूप में मनाते हैं। इससे बडा त्यौहार हमारे देश के लिए कोई और नही है। हमारा देश संसार का सबसे बडा लोकतांत्रिक देश है इसकी एकता इस देश की बहुत बड़ी ताकत और इस देश का गौरव है। श्री कृष्णा करूणेश जी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम



प्रस्तुत करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया । श्री मल्हन जी ने कहा कि हम सभी उद्यमी भाईयों एंव हमारे प्यारे कर्मचारी भाईयों के साथ-साथ सभी देशवासियों को गणतन्त्र दिवस की बधाई देते है। उपाध्यक्ष इस अवसर पर एनईए के अध्यक्ष श्री विपिन कुमार मल्हन, महासचिव श्री वी०के ०सेठ, वरि. श्री राकेश कोहली, श्री धर्मवीर शर्मा, श्री मुकेश कक्कड, कोषाध्यक्ष श्री शरद चन्द्र जैन, उपाध्यक्ष श्री श्री सुधीर श्रीवास्तव, मौ० इरशाद, श्री मयंक गुप्ता, सचिव आलोक गुप्ता, श्री विरेन्द्र नरूला, श्री राज कुमार गुप्ता, सह, सह सचिव श्रीमती झुमा विश्वास नाग, श्री जी० के० बंसल के अलावा श्री सुभाष सिघल, श्री अजय अग्रवाल, श्री कुलवीर विर्क, श्री ओम प्रकाश, सुश्री नीरू शर्मा, सहित काफी संख्या में उद्यमी मौजूद थे।

# नोएडा की डाक्टर दीक्षा को जयपुर में राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**समाज जागरण**

नोएडा। पुनर्वास, न्यूरोलॉजी एवं मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए नोएडा सेक्टर 70 की डॉ. दीक्षा श्रीवास्तव को राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार-2026 जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार-2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह वाईवाईएस इंडिया द्वारा जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरएसी) में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी, शिक्षा, चिकित्सा, साहित्य एवं सामाजिक कल्याण क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियाँ उपस्थित रहीं। उत्तर प्रदेश निवासी एवं वर्तमान में नोएडा में कार्यरत डॉ.




दीक्षा श्रीवा स्तव , डारेक्टर एवं फाउंडर फस्ट रिहैब सेंटर एक अनुभवी पुनर्वास विशेषज्ञ हैं। वे न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं, ऑर्थोपेडिक स्थितियों एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के पुनर्वास के क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं।समारोह के दौरान उन्हें मंच पर ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं गोल्डन मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि डॉ. दीक्षा श्रीवास्तव का कार्य न केवल चिकित्सा क्षेत्र बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणादायक है।

इस अवसर पर डॉ. दीक्षा श्रीवास्तव ने कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज के लिए और अधिक समर्पण व प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।

# सर्वखाप चौधरियों की हुंकार: कुरुतियों से मुक्त होगा समाज

## शिक्षाविद उमेश शर्मा को ब्राह्मण समाज सर्वखाप खेकड़ा 360 की पगड़ी पहनाकर सौपी जिम्मेदारी

**समाज जागरण खेकड़ा।**

कस्बे में आयोजित सर्वखाप सम्मान समारोह सामाजिक चेतना और एकता का सशक्त मंच बनकर उभरा। विभिन्न खापों के चौधरियों ने एकजुट होकर समाज में व्याप्त कुरीतियों पर गंभीर मंथन किया और नशा, दहेज प्रथा, ब्रह्मभोज, दिखावे व फिजूलखर्ची जैसी बुराइयों को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया। रविवार को हुए इस भव्य आयोजन में खेकड़ा क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के जनपदों से सर्वखाप चौधरियों का जमावड़ा लगा रहा। कार्यक्रम के दौरान शिक्षाविद उमेश शर्मा को ब्राह्मण समाज सर्वखाप खेकड़ा 360 का चौधरी घोषित करते हुए विधिवत पगड़ी पहनाई गई। साथ ही राजेश शर्मा, ब्रजपाल कौशिक को थाम्बा चौधरी की पगड़ी पहनाकर समाज की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाजहित में कार्य करने की शपथ ली। समारोह को संबोधित करते हुए




भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बालियान खाप के चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि खाप पंचायतों का मूल उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा और सामूहिक समाधान की परंपरा को जीवित रखना है। पूर्व में खाप के निर्णयों से अनेक विवाद बिना कोर्ट-कचहरी के ही सुलझ जाते थे। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, पूरे परिवार को बबार्दी की ओर ले जाता है। । खेकड़ा समाज की ओर से सभी आगंतुक खाप चौधरियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कश्यप समाज के चौधरी बबली कश्यप ने की, जबकि संचालन डॉ. जगपाल सिंह तेवतिया ने किया।

### वीरांगना नीरा आर्य की स्मृति को मिला सम्मान

समारोह के दौरान खेकड़ा की गौरवशाली बेटी एवं आजाद हिंद फौज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की रानी झांसी रेजीमेंट की वीरांगना नीरा आर्य पर आधारित पुस्तक ह्लनीरा आर्य – एक अद्भुत वीरांगनाह्व का विमोचन किया गया। पुस्तक का लोकार्पण चौधरी नरेश टिकैत ने किया। इस अवसर पर लेखक प्रोफेसर मदन मोहन तथा साहित्यकार तेजपाल आर्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### रागनी गायन ने बांधा समां

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश व हरियाणा से आए रागनी कलाकारों ने रामायण, महाभारत और पौराणिक कथाओं पर आधारित प्रस्तुतियों से वातावरण को सांस्कृतिक रंग में रंग दिया। रागनीयों ने अतिथियों के आगमन तक श्रोताओं को कार्यक्रम से जोड़े रखा।

ये रहे प्रमुख रूप से मौजूद

भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत, किसान नेता युद्धवीर सिंह, नगरपालिका चेयरपर्सन नीलम धामा, प्रतिनिधि सुनील धामा, पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित, पुरा महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी पं. जयभगवान शर्मा, जाट समाज जिलाध्यक्ष सोमेंद्र ढाका, गन्ना समिति चेयरमैन कृष्णपाल सिंह, जाट महासभा के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र धामा, धामा खाप चौधरी जितेंद्र सिंह, भाकियू जिला प्रभारी विनोद कुमार, कोऑपरेटिव बैंक समिति के पूर्व चेयरमैन हरेंद्र चौधरी, धनकड़ खाप के बिजेंद्र चौधरी, दांघड़ खाप के चौधरी श्याम सिंह, सर्वखाप मंत्री सुभाष बालियान, श्योराण खाप के परमेन्द्र आर्य, उज्वल खाप के गुलबीर सिंह, गठवाला खाप के प्रतिनिधि, खेकड़ा युवक मंच अध्यक्ष अनुज कौशिक, निराकार ज्योति मंदिर जींद के महंत सुखबीर दास महाराज, भाजपा नेता नीरज शर्मा, विकास धामा, नरेंद्र शर्मा, सभासद राजेंद्र यादव, पंकज शर्मा, संजय बक्शी, नरेंद्र धामा, संजय धामा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर में 112 रोगियों की जांच की एवं 26 को चश्मा प्रदान किए

**समाज जागरण**

बागपत। अंतराष्ट्रीय वैश्य महा सम्मेलन के संस्थापक अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व राज्यसभा सदस्य श्रद्धेय रामदास अग्रवाल की नौवी पुण्यतिथि के अवसर पर लायंस नेत्र चिकित्सा केंद्र अग्रवाल मंडी टटीरी में निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आईवीएफ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अभिमन्यु गुप्ता ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि रामदास अग्रवाल वैश्य समाज के मसीहा थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के उत्थान एवं संगठित करने में लगा दिया। आज उनके द्वारा रोपित आईवीएफ 25 देशो के वैश्य समाज को अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में फल फूल रहा है। उनकी स्मृति में लगाएं गए नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर



में 112 रोगियों की जांच की गई एवं 26 को चश्मा प्रदान किए गए 14 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के लेंस युक्त ऑपरेशन के लिए लायंस नेत्र चिकित्सा केंद्र फ्रेंड्स कॉलोनी दिल्ली भेजा गया। वहां पर आईवीएफ बागपत की ओर से मरीज को भोजन दवाइयां लेंस निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविर में डॉक्टर दीपक शर्मा एवं डॉक्टर ज्ञान सिंह ने रोगियों की जांच की और कुमारी सोनम एवं लक्ष्मी ने सहयोग किया। इस अवसर पर दीपक गोयल, मनोज मित्तल, विभोर जिंदल, डॉ रामलाल, प्रमोद जैन, अंकित जिंदल ने सहयोग किया।

# बच्चों के साथ हर्षोल्लास से गणतंत्र दिवस मनाया

**समाज जागरण बागपत।**

सारथी वेलफेयर फाउंडेशन ने देश के 77 वें गणतंत्र दिवस जुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों के साथ बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को हमारे देश के संविधान,



गणतंत्र दिवस के महत्व तथा देशभक्ति की भावना के बारे में सरल एवं प्रेरणादायक शब्दों में समझाया गया।फाउंडेशन की ओर से बच्चों को पुरस्कार एवं उपहार प्रदान किए गए, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। जिसने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। बच्चों का उत्साह, आत्मविश्वास और देश के प्रति प्रेम देखकर वातावरण पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम में फाउंडेशन के अध्यक्ष विकास गुप्ता, वंदना गुप्ता, अंशिका जैन, सुदिती जैन, दीपाली जैन सहित सारथी वेलफेयर फाउंडेशन के सभी सदस्यों की सक्रिय एवं सराहनीय उपस्थिति रही एवं सभी ने कार्यक्रम की भरपूर सराहना की। सारथी वेलफेयर फाउंडेशन भविष्य में भी इसी प्रकार समाज के वंचित वर्ग के बच्चों के लिए ऐसे प्रेरणादायक एवं जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

# पेस संस्था द्वारा 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती पार्टिसिपेटरी एक्शन फॉर कम्युनिटी एंपावरमेंट (पेस) संस्था द्वारा संचालित बाल अधिकार परियोजना के तत्वाधान में जनपद श्रावस्ती के सिरसिया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत लालपुर कुशमहवा के उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपुर बालापुर में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह का दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम ध्वजारोहण विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक रामदेव त्रिपाठी जी ने किया तथा बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया गया। कार्यक्रम का



संचालन पेस संस्था के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर विनोद कुमार पांडेय जी ने किया तथा गणतंत्र दिवस के अवसर पर जरूरी संदेश दिए एवं कम्युनिटी मोबिलाइजर मनोज कुमार जी ने बच्चों के अधिकार एवं उनकी सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी साझा किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार वर्मा जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में बताया तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया। एवं कम्युनिटी मोबिलाइजर शालिनी त्रिपाठी जी ने बालिकाओं की शिक्षा पर एवं उनके सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। तथा कम्युनिटी मोबिलाइजर जगदंबा प्रसाद शुक्ला जी ने बच्चों की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी साझा किया। तथा कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक व गीत की प्रस्तुति दिया एवं बच्चों से खेल कूद प्रतियोगिता कराई गई जिसके बाद विजई बच्चों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रसाद यादव जी ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित किया तथा कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में पेस संस्था से परियोजना समन्वयक विनोद कुमार पांडेय जी, कम्युनिटी मोबिलाइजर मनोज कुमार जगदंबा प्रसाद शुक्ला, शालिनी त्रिपाठी स्वयंसेविका नंदनी सिंह, सुलोचना वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार वर्मा जी, विद्यालय से प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रसाद यादव जी पूर्व प्रधानाध्यापक रामदेव त्रिपाठी जी सहायक अध्यापक रामचंदर जी, नरेश शर्मा जी, सीमा चतुवेर्दी जी ग्राम, प्रधान बलदाऊ जी यादव तथा विद्यालय के बच्चे एवं अभिभावक गण मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग को लेकर यूएफबीयू का एक दिवसीय प्रदर्शन

**समाज जागरण**

वाराणसी। सेंट्रल जेल रोड स्थित चंद्रा टावर स्थित यूबीआई बैंक के जोनल कार्यालय पर मंगलवार को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर पांच-दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग को लेकर एक दिवसीय प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय मजदूर संघ (बीए मएस) के ज़िला अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। इसमें ज़िले




के विभिन्न बैंकों के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राजीव कुमार सिंह ने कहा कि बैंक कर्मचारी सीमित संसाधनों, स्टाफ की भारी कमी और लगातार बढ़ते कार्यभार के बावजूद पूरी निष्ठा के साथ आम जनता को सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पांच-दिवसीय बैंकिंग प्रणाली लागू होने से कर्मचारियों का कार्य-जीवन संतुलन बेहतर होगा, जिसका सीधा लाभ बैंकिंग सेवाओं की गुणवत्ता और कार्यकुशलता पर पड़ेगा। यूएफबीयू से संबद्ध विभिन्न बैंक यूनियनों के पदाधिकारियों–सुंदर लाल, अमित वत्स, शुभम मिश्रा, मानवेंद्र सिंह, चंद्रभूषण, संतोष राय सहित अन्य सदस्यों ने एक स्वर में इस मांग का समर्थन किया। वक्ताओं ने कहा कि देश के कई अन्य विभागों तथा अनेक देशों में पहले से ही पांच-दिवसीय कार्य प्रणाली लागू है, ऐसे में बैंकिंग क्षेत्र में भी इसे शीघ्र लागू किया जाना चाहिए।

प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी जायज मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक एवं तेज किया जाएगा।

# मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया सरीखे कैंपेंस ने दिलाई भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कैंपस में 77वें गणतंत्र दिवस पर बड़ी आन,बान और शान से कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने किया ध्वजारोहण

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने विकसित एवम आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना पर बल देते हुए कहा, आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि बौद्धिक, तकनीकी और नैतिक भी होनी चाहिए। मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसे अभियानों ने देश को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है। श्री जैन बोले, विश्व विद्यालयों की यह जिम्मेदारी है कि वे ऐसे युवा तैयार करें, जो नवाचार, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण हों। कुलाधिपति श्री जैन यूनिवर्सिटी के कैंपस में आयोजित 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर बोल रहे



थे। गरिमामय एवम् राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत इस समारोह में कुलाधिपति ने विधिवत ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। संपूर्ण विश्वविद्यालय कैंपस देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव की भावना से ओतप्रोत दिखाई दिया। परेड के दौरान यूनिवर्सिटी के सुरक्षा बलों ने कुलाधिपति को सलामी दी। संचालन का दायित्व चीफ वार्डन डॉ. विपिन जैन ने निभाया तो एनएसएस समन्वयक डॉ. रत्नेश जैन ने बतौर कॉर्डिनेटर भूमिका निभाई। इसके अलावा कुंदरकी के हरियाणा इंटर कॉलेज, टिमिट,फैकल्टी ऑफ एजुकेशन, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कुलाधिपति ने भारत को विश्व महागुरु के रूप में निरूपित करते हुए कहा कि यह भूमि सदैव ज्ञान, दर्शन, योग, आयुर्वेद और मानव मूल्यों की मार्गदर्शक रही है। आज आधुनिक तकनीक और नवाचार के साथ भारत पुनः विश्व को दिशा देने की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने स्टुडेंट्स से आह्वान किया कि वे ज्ञान को केवल डिग्री तक सीमित न रखें, बल्कि समाज और मानवता के कल्याण में उसका सार्थक उपयोग करें। श्री जैन बोले, आज का भारत केवल लक्ष्य निर्धारित करने वाला राष्ट्र नहीं है, बल्कि उन्हें रिकॉर्ड उपलब्धियों में परिवर्तित करने वाला सशक्त देश बन चुका है। शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, स्टार्टअप, रक्षा एवं खेल के क्षेत्र में भारत निरंतर नई ऊँचाइयों को छू रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे व्यक्तिगत सफलता के साथ-साथ राष्ट्रहित को भी अपना प्रमुख उद्देश्य बनाएं। कुलाधिपति ने गर्व के साथ कहा कि आज भारत के नागरिक विश्व के लगभग हर कोने में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। भारतीय मूल के लोग अनेक देशों में प्रधानमंत्री, मंत्री और उच्च प्रशासनिक पदों पर कार्यरत हैं। यह भारत की सुदृढ़ शिक्षा प्रणाली, सांस्कृतिक मूल्यों और नेतृत्व क्षमता का सशक्त प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भारतीय जहाँ भी जाते हैं, अपने कर्म, अनुशासन और संस्कारों से भारत की सकारात्मक एवम् सशक्त पहचान स्थापित करते हैं।यूनिवर्सिटी कैंपस के गणतंत्र दिवस समारोह में प्रो. एमपी सिंह,प्रो. आरके द्विवेदी, प्रो. विपिन जैन, प्रो. पीके जैन,प्रो. आशु मित्तल, प्रो. आरके जैन चीफ लाइब्रेरियन विनीता जैन, डॉ. मधुसूदन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# उपमंडल कालांवाली गरिमामयी व भव्यता के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

- सोनू सिहाग चेयरमैन जिला परिषद हिसार कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत
- स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के परिजनों का शॉल भेंट कर किया सम्मान
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले गणमान्य, अधिकारी और कर्मचारी भी सम्मानित
- सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखी भारतीय संस्कृति की झलक
- देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया कालांवाली





**समाज जागरण**

कलांवाली, 27 जनवरी (सुरेश जोरासिया) राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक के प्रांगण में 77वां गणतंत्र दिवस मड़ी कालांवाली की धरा पर गरिमामयी व भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि सोनू सिहाग चेयरमैन जिला परिषद हिसार के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। इससे पहले मुख्यातिथि ने मंच से संबंधित करते हुऐ स्वतंत्रता सेनानियों अमर शहीदों व भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर को याद कर नमन किया सरकार की महत्वपूर्ण योजनाऐं की जानकारी दी। जैसे किसान कार्ड, फसल बीमा, चिरायु योजना, तमाम योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत देश विविधताओं का देश है जिसे एक सूत्र में बांधना बहुत ही कठिन कार्य था भारत रत्न संविधान निमार्ता बाबा साहब बी आर अंबेडकर के द्वारा रचित संविधान लिखा गया 26 जनवरी 1950 को पूरे भारत देश में लागू किया गया और पूरा भारत देश भारतीय संविधान के अनुरूप आज भी चल रहा है ' इस मौके पर विभिन्न विभागों की और से सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई एवं स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी मोहित कुमार श्री डीएसपी संदीप धनखड़ राजेंद्र देसुजोधा, गुलाब सिंह श्री गिरधारी लाल सचिव मार्केट कमेटी सचिव विकास कुमार खाद्य पूर्ति विभाग अमित कुमार, महेश आजाद, लवली गर्ग एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे

# डी.आर.एम.संजीव कुमार ने फिरोजपुर रेल मंडल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया

## 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास व देशभक्ति के वातावरण में मनाया

**( रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो,27 जनवरी :उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने रेलवे स्टेडियम, फिरोजपुर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर तिरंगे को सलामी दी गई। मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा फिरोजपुर मंडल की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्काउट एवं गाइड तथा बाल निकेतन विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच रस्साकशी प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। मंडल रेल प्रबंधक ने खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक गायन किया गया, जिससे वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम के अंत में उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा रेलवे अस्पताल, फिरोजपुर में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए।

# हरियाणा-पंजाब SYL बैठक: सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण माहौल में चर्चा, आगे अधिकारी स्तर पर बैठकें होंगी

**समाज जागरण**



चंडीगढ़। हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों के बीच SYL (सत्याग्रह यमुना लिंक) नहर के मुद्दे को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। यह बैठक दोनों राज्यों के बीच सहयोग और सिंचाई से जुड़े विवादों का समाधान निकालने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

मुख्यमंत्री नयाब सैनी ने बैठक के बाद बताया कि जब बातचीत अच्छे और सौहार्दपूर्ण माहौल में होती है, तो उसके परिणाम भी सार्थक होते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों के बीच खुले और सहयोगात्मक संवाद से ही लंबे समय से चले आ रहे सिंचाई विवाद का व्यावहारिक और स्थायी समाधान संभव है।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि SYL नहर से जुड़े मुद्दों पर आगे विस्तृत चर्चा के लिए दोनों राज्यों के सिंचाई विभाग के अधिकारियों के स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएंगी। इसका उद्देश्य समस्या के तकनीकी पहलुओं को समझना और वास्तविक समाधान की दिशा में कदम बढ़ाना है।

सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में दोनों पक्षों ने समस्या का समाधान निकालने के लिए सकारात्मक रुख अपनाया और भविष्य में सहयोगात्मक दृष्टिकोण से काम करने पर जोर दिया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे तकनीकी और कानूनी पहलुओं का विश्लेषण कर समाधान प्रस्तुत करें।

विशेषज्ञों का मानना है कि अधिकारियों के स्तर पर नियमित बैठकें और सुझावों का आदान-प्रदान र छ विवाद के लंबे समय से खिंचे मामलों को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने में मदद कर सकता है।

इस बैठक का महत्व इसलिए भी है क्योंकि यह दोनों राज्यों के नागरिकों की सिंचाई आवश्यकताओं और कृषि उत्पादकता से सीधे जुड़ा मामला है। अधिकारी स्तर पर निर्णय लिए जाने के बाद इसे राज्य सरकारों के मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

बैठक में दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री और संबंधित अधिकारियों ने मिलकर यह सुनिश्चित किया कि र छ नहर विवाद का समाधान व्यावहारिक, टिकाऊ और संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए निकाला जाएगा।

# भारत-EU मुक्त व्यापार समझौता: वैश्विक व्यापार में भारत की स्थिति मजबूत

**समाज जागरण**




नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत और यूरोपीय संघ (एव) के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते को व्यापार जगत में बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इस समझौते के माध्यम से भारत ने विश्वसनीय वैश्विक व्यापार साझेदार के रूप में अपनी स्थिति और मजबूत की है। यह समझौता भारत और 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ के बीच दीर्घकालीन आर्थिक सहयोग, विश्वास और पूर्वानुमेयता को बढ़ावा देगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि यह कदम स्थिर और नियम-आधारित वैश्विक व्यापार में भारत की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा। इसके तहत दोनों पक्षों के बीच व्यापारिक बाधाओं में कमी, निवेश को बढ़ावा और सेवाओं, वस्तुओं तथा तकनीकी सहयोग में नई संभावनाएं पैदा होंगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह समझौता भारतीय निर्यात को बढ़ाने, विदेशी निवेश आकर्षित करने और वैश्विक व्यापार में भारत की भूमिका को मजबूती देने में मदद करेगा। इसके साथ ही भारतीय उद्योगों और छोटे व मध्यम उद्यमों को यूरोपीय बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा।

समझौते के लागू होने के बाद भारत और यूरोपीय संघ के आर्थिक संबंधों में सतत और पारदर्शी सहयोग स्थापित होगा, जो दोनों पक्षों के लिए

# एसवाईएल नहर विवाद को सुलझाने के लिए हरियाणा-पंजाब के मुख्यमंत्रियों की अहम बैठक

## दोनों राज्यों में बनी सहमति, एसवाईएल के विषय पर अधिकारी स्तर पर होगी बातचीत

**(रघुनंदन पराशर जैतो चीफ ब्यूरो पंजाब ,दैनिक समाज जागरण)**





चंडीगढ़, 27 जनवरीः हरियाणा और पंजाब के मध्य एसवाईएल के विषय को लेकर मंगलवार को चंडीगढ़ में दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों नायब सिंह सैनी व भगवंत सिंह मान के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में इस विषय पर बिंदुवार विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी और पंजाब के कैबिनेट मंत्री बरिन्द्र गोयल भी मौजूद रहे।बैठक के उपरांत हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत मान ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर बैठक की जानकारी दी।मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी ने "पवन गुरु पानी पिता माता धरत महत," का संदेश दिया है। यह गुरुओं की पावन धरती है और गुरुओं की शिक्षाएं आज भी हमारे लिए अनमोल रतन हैं, जो हमारे लिए मार्गदर्शक है।श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह बैठक बेहद सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई है। जब बातचीत अच्छे माहौल में होती है, तो उसका परिणाम भी सार्थक निकलता है।मुख्यमंत्री ने बताया कि दोनों राज्यों ने आपसी सहमति से यह निर्णय लिया है कि एसवाईएल से जुड़े मुद्दे पर आगे विस्तृत चर्चा के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों के स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि व्यावहारिक और स्थायी समाधान की दिशा में आगे बढ़ा जा सके।उन्होंने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है और आज की बैठक भी उसी दिशा में आयोजित की गई। पहले भी केंद्रीय जल संसाधन मंत्री श्री सीआर पाटील की मध्यस्थता में बैठक हो चुकी है।प्रेस वार्ता के दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत मान ने कहा कि आज की बैठक बड़े ही अच्छे माहौल में हुई है और इस बात पर सहमति बनी है कि पहले दोनों राज्यों के अधिकारी मिलकर इस मसले पर बैठक करेंगे।इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, पंजाब के मुख्य सचिव श्री के पी सिन्हा, हरियाणा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग अग्रवाल सहित दोनों राज्यों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इनके अलावा, दोनों राज्यों के एडवोकेट जनरल भी मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार यह बैठक सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश पर हुई है। एसवाईएल नहर की दोनों राज्यों के बीच रावी और ब्यास नदियों के पानी के प्रभावी बंटवारे के लिए की गई थी इस परियोजना में 214 किलोमीटर लंबी नहर की परिकल्पना की गई थी जिसमें 122 किलोमीटर का हिस्सा पंजाब और बाकी 92 किलोमीटर हरियाणा में बनाया जाना था। हरियाणा ने अपने क्षेत्र में परियोजना पूरी कर ली है लेकिन पंजाब जिसने 1982 में काम शुरू किया था उसे रोक दिया।

# सोशल मीडिया पर टिप्पणी का मामला : वर्चुअल रूप से अदालत में पेश हुई कंगना रनौत, अगली पेशी 10 फरवरी को

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



बठिंडा 27 जनवरीः प्रसिद्ध बालीवुड अभिनेत्री व भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ जिला बठिंडा की बुजुर्ग किसान महिला महिंदर कौर द्वारा दायर मानहानि मामले में कंगना रनौत वर्चुअल माध्यम से अदालत में पेश हुई। सूत्रों के अनुसार आज कंगना रनौत वर्चुअल माध्यम से अदालत में पेश हुईं।महिंदर कौर के वकील की ओर से अदालत में एक महत्वपूर्ण अर्जी दायर की गई, जिसमें कंगना रनौत का पासपोर्ट जब्त करने की मांग की गई। वकील ने दलील दी कि आशंका है कि कंगना रनौत मामले से बचने के लिए देश से बाहर जा सकती हैं, जिससे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।आज की कार्यवाही के दौरान महिंदर कौर की ओर से अतिरिक्त साक्ष्य के तौर पर दो गवाह अदालत में पेश किए गए। इनमें क्रांतिकारी किसान यूनियन के प्रधान सुरजीत सिंह फूल और एक अन्य किसान नेता शामिल थे। दोनों गवाहों ने अदालत में अपने बयान दर्ज करवाए।अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई के लिए 10 फरवरी की तारीख तय कर दी।

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में प्री-बजट बैठक, 2026-27 का बजट संवेदनशील और समावेशी होगा

**समाज जागरण**



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नयाब सैनी की अध्यक्षता में आज प्रदेश के सांसदों, कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों के साथ प्री-बजट बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2026झ27 के बजट की रूपरेखा, जनता की अपेक्षाओं और विकास प्राथमिकताओं पर चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की अपेक्षाएं, जनप्रतिनिधियों का अनुभव और सरकार की प्रतिबद्धता मिलकर आगामी बजट को संवेदनशील, दूरदर्शी और समावेशी बनायेंगे। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष प्राप्त 1592 सुझावों में से 706 और सांसद-विधायकों के 651 सुझावों में से 254 को बजट में शामिल किया गया।

इसके अलावा, अक चैटबॉट के माध्यम से अब तक 9000 से अधिक सुझाव प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि आगामी बजट का फोकस किसानों की आय बढ़ाने, जल संरक्षण, कृषि आधारित उद्योगों और हरियाणा की विकास यात्रा को नई गति देने पर होगा।

बैठक में विधायकों और मंत्रियों ने बजट में शामिल किए जाने योग्य परियोजनाओं और योजनाओं पर सुझाव साझा किए, जिससे राज्य के विकास और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में और मजबूती आएगी।

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में प्री-बजट बैठक, 2026-27 का बजट होगा समावेशी और विकासोन्मुख

**समाज जागरण**



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नयाब सैनी की अध्यक्षता में आज प्रदेश के सांसदों, कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों की उपस्थिति में प्री-बजट बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य वर्ष 2026-27 के बजट पर विचार-विमर्श करना और इसे समावेशी, संवेदनशील तथा हरियाणा के समग्र विकास के अनुकूल तैयार करना था।

बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों से आगामी बजट में शामिल किए जाने योग्य योजनाओं और सुझावों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि बजट केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि यह जनता की अपेक्षाओं, जनप्रतिनिधियों के अनुभव और सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब होता है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले वर्ष प्राप्त 1592 आमजन सुझावों में से 706 और सांसद एवं विधायकों के 651 सुझावों में से 254 को बजट में शामिल किया गया। इसके अलावा, अकचैटबॉट के माध्यम से अब तक 9000 से अधिक सुझाव प्राप्त हो चुके हैं, जिन्हें आगामी बजट तैयार करते समय ध्यान में रखा जाएगा।

बैठक में विशेष रूप से किसानों की आय बढ़ाने, जल संरक्षण, कृषि आधारित उद्योगों को सशक्त करने और राज्य के समग्र विकास की दिशा में बजट की रूपरेखा पर जोर दिया गया। सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने बजट को विकासोन्मुख, सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से संतुलित बनाने हेतु अपने सुझाव साझा किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि आगामी बजट हरियाणा के हर वर्ग और क्षेत्र तक लाभ पहुँचाए और राज्य की सुदृढ़ आर्थिक, सामाजिक और भौतिक आधारभूत संरचना को मजबूत करे। बैठक का निष्कर्ष यही रहा कि बजट तैयार करते समय समावेशिता, विकास और सततता के तत्वों को सर्वोपरि रखा जाएगा।

# दिल्ली की झुग्गी बस्तियों के विकास के लिए सरकार ने आरक्षित किया 700 करोड़ का विशेष फंड

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। सरकार की असली कसौटी जनता का भरोसा होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब दिल्ली की झुग्गी बस्तियों में रहने वाले परिवार अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलाव साझा करते हैं, तो यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार के प्रयास सही दिशा में हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पहली बार झुग्गी बस्तियों के समग्र विकास के लिए 700 करोड़ का विशेष फंड निर्धारित किया गया है। यह सिर्फ बजट प्रावधान नहीं, बल्कि सरकार की यह प्रतिबद्धता है कि सभी परिवारों तक मूलभूत सुविधाएं और गरिमा भरा जीवन पहुँच सके। इस योजना के तहत बस्तियों में रहने वाले परिवारों को स्वच्छ पानी, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा और आवासीय सुधार जैसी सुविधाओं में सुधार सुनिश्चित किया जाएगा। सरकार का उद्देश्य है कि झुग्गी बस्तियों के लोग भी समाज की मुख्यधारा में पूरी तरह से शामिल हों और उनके जीवन स्तर में सार्थक सुधार हो।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह कदम सरकार की जनता-केंद्रित नीतियों का हिस्सा है, और इसका सीधा प्रभाव गरीब और पिछड़े वर्ग के जीवन में बदलाव लाएगा।सामाजिक सुधार और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से यह योजना गरीब और वंचित वर्ग की सामाजिक गरिमा को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# टिकट चैकिंग स्टाफ ट्रेन में यात्रा का छूटा लैपटॉप लौटाकर ईमानदारी दिखाई

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,27 जनवरी : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा मंगलवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि 26 जनवरी, 2026 को वन्दे भारत एक्सप्रेस 26462 (फिरोजपुर कैंट-दिल्ली) में कार्यरत टिकट चैकिंग स्टाफ श्री संजय साह तथा श्री बी.एल. मीणा को कोच सी -1 के सीट संख्या 71 पर एक कीमती लैपटॉप मिला। लैपटॉप का मालिक वहां नहीं था। तत्पश्चात श्री संजय



साह ने लैपटॉप को सुरक्षित अपने पास रखा और उन्होंने एचएचटी के माध्यम से यात्री का मोबाईल नंबर निकालकर उनसे संपर्क स्थापित किया। तब, यात्री श्री अमन ने बताया कि उन्होंने बठिंडा से पटियाला से तक सफर किया लेकिन जल्दबाजी में उनका कीमती लैपटॉप भूलवश ट्रेन में ही छूट गया। लैपटॉप में उसके महत्वपूर्व डेटा थे। ट्रेन की वापसी में, यात्री को पटियाला स्टेशन पर बुलाया गया, जहाँ लैपटॉप की सत्यापन के उपरांत, उन्हें सुरक्षित रूप से सौंप दिया गया।लैपटॉप प्राप्त कर यात्री अत्यंत प्रसन्न हुआ। यात्री ने भारतीय रेलवे तथा टिकट चैकिंग स्टाफ को धन्यवाद किया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि यह घटना रेलवे कर्मचारियों की निष्ठा, ईमानदारी और यात्रियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस सराहनीय कार्य के लिए उन्होंने टिकट चेकिंग स्टाफ को प्रशंसा प्रमाण पत्र देने की घोषणा की ताकि अन्य टिकट चेकिंग स्टाफ भी प्रेरित होकर सराहनीय कार्य करें।

टिकट चैकिंग स्टाफ यात्री को लैपटॉप लौटाते हुए व अन्य।

# स्वास्थ्य विभाग के इंटीग्रेटिड ऑनलाइन पोर्टल से आएगी काम में पारदर्शिता : आरती सिंह राव

**रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



चंडीगढ़,27 जनवरी :मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी इसका बुधवार को करेंगे शुभारंभ।यह पोर्टल पारदर्शी, तकनीक-आधारित और नागरिक-केंद्रित होगा ।यह पोर्टल चरणबद्ध और समावेशी तरीके से लागू किया जाएगा। पहले चरण में, 28 जनवरी 2026 से यह पोर्टल मेडिकल, डेंटल, फामेर्सी, आयुष और होम्योपैथी से जुड़े पेशेवरों के लिए उपलब्ध होगा। अगले चरण में इसे नर्सिंग और फिजियोथेरेपी पेशेवरों तक विस्तारित किया जाएगा।

# 39वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव 2026 31 जनवरी से 15 फरवरी तक

**समाज जागरण फरीदाबाद/नोएडा।**




हरियाणा पर्यटन विभाग ने जानकारी दी है कि 39वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव 2026 31 जनवरी से 15 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।

महोत्सव में भारतीय हस्तशिल्प, लोक कला और आत्मनिर्भरता की भावना को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। यह आयोजन देश-विदेश के कला प्रेमियों, शिल्पकारों और व्यापारियों को जोड़ने का अवसर प्रदान करेगा।

हरियाणा पर्यटन विभाग ने बताया कि इस महोत्सव के दौरान शिल्प प्रदर्शन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और लोक कला की झलकियां देखी जा सकेंगी। आयोजन का उद्देश्य भारतीय शिल्प और संस्कृति को बढ़ावा देना और कलाकारों के व्यवसाय को सशक्त करना है।

# हरियाणा देश-विदेश के निवेशकों की पहली पसंद, 12.92 लाख MSME इकाइयाँ स्थापित

**समाज जागरण**

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नयाब सैनी ने कहा कि हरियाणा आज देश-विदेश के निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है। उन्होंने बताया कि सरकार की मजबूत ईज ऑफ डूइंग बिजनेस नीतियों का परिणाम है कि पिछले 11 वर्षों में प्रदेश में 12.92 लाख टरटए इकाइयाँ स्थापित हुई हैं, जिनसे लगभग 49 लाख लोगों को रोजगार मिला है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में औद्योगिक विकास में क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखा जा रहा है। इसके तहत आईएमटी खरखौदा में मारुति सुजुकी का सबसे बड़ा प्लांट स्थापित किया गया है। इसके अलावा, सुजुकी मोटरसाइकिल और यूएन मिंडा ग्रुप का एलॉय व्हील प्लांट भी प्रदेश में स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन निवेशों से न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे बल्कि प्रदेश की आर्थिक विकास दर और औद्योगिक उत्पादन क्षमता भी मजबूत होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा सरकार निवेशकों के लिए लगातार सुविधाएँ बढ़ा रही है और औद्योगिक नीति को सरल और पारदर्शी बनाया जा रहा है, जिससे निवेश का प्रवाह लगातार बढ़ रहा है।

साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश के प्रत्येक हिस्से में औद्योगिक विकास सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में भी रोजगार और समृद्धि के अवसर बढ़ेंगे।

हरियाणा सरकार की इस पहल से राज्य का औद्योगिक परिदृश्य मजबूत हुआ है और प्रदेश देश के निवेश मानचित्र पर अग्रणी स्थान हासिल कर चुका है।

# दिल्ली में सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए बिना गारंटी और संपत्ति गिरवी लोन की सुविधा

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने सूक्ष्म और लघु उद्यमों (टरए) के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बिना गारंटी और बिना संपत्ति गिरवी रखे लोन की सुविधा सुनिश्चित की है। यह कदम छोटे उद्यमियों के लिए वित्तीय समर्थन और व्यवसायिक विकास में बड़ी मदद साबित होगा।

सरकार के अनुसार, अक्सर छोटे उद्यमियों को बैंक से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई होती थी क्योंकि उन्हें संपत्ति गिरवी रखने या गारंटी देने की आवश्यकता होती थी। अब दिल्ली सरकार ने क्रेडिट गारंटी योजना के तहत इस समस्या का स्थायी समाधान कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना से न केवल नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि नए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। विशेष रूप से महिला उद्यमियों को इस पहल से वह समर्थन और संसाधन मिलेंगे, जिनकी उन्हें लंबे समय से आवश्यकता थी।

सरकार ने कहा कि यह पहल उद्यमियों के सपनों और विचारों को वास्तविकता में बदलने के लिए एक मजबूत कदम है। उद्यमियों को प्रोत्साहित किया गया कि वे मेहनत करें, नवाचार करें और अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करते हुए अपने व्यवसाय को विकसित करें।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस सुविधा से दिल्ली की आर्थिक वृद्धि, छोटे व्यवसायों की मजबूती और रोजगार सृजन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। इससे वित्तीय समावेशिता और उद्यमिता की संस्कृति को भी मजबूती मिलेगी। सरकार का संदेश स्पष्ट हैः उद्यमी मेहनत करें, सपने देखें और उन्हें साकार करें–सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी है।

# संकल्प नशा मुक्ति केंद्र चोपन में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**




चोपन/ सोनभद्र। संकल्प नशा मुक्ति केंद्र, चोपन में आज गणतंत्र दिवस का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर केंद्र परिसर को राष्ट्रीय ध्वज एवं देशभक्ति से जुड़े प्रतीकों से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण से हुई, जिसके बाद राष्ट्रगान गाया गया। इस विशेष अवसर पर संकल्प नशा मुक्ति केंद्र के समस्त स्टाफ सदस्यों एवं केंद्र में उपचाररत एडमिट पेशेंट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं प्रेरणादायक विचारों को साझा किया गया, जिससे उपस्थित सभी लोगों में देशप्रेम एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना और मजबूत हुई। केंद्र के संचालक एवं स्टाफ द्वारा गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि यह दिन हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। नशा मुक्ति के मार्ग पर चल रहे व्यक्तियों के लिए यह दिन आत्म निर्भर, अनुशासित और सकारा त्मक जीवन की प्रेरणा देता है। कार्य क्रम के अंत में सभी ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया और देश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संकल्प नशा मुक्ति केंद्र द्वारा आयोजित यह गणतंत्र दिवस समारोह आपसी एकता, अनुशासन और राष्ट्र भक्ति का उत्कृष्ट उदाहरण बना।

# असामाजिक तत्वों ने तोड़ी अंबेडकर मूर्ति, गांव में तनाव, मौके पर पुलिस फोर्स तैनात

## नगवां ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिकरवार का मामला, गांव में तनाव पैदा करने का प्रयास

**विजय शंकर पाण्डेय/ समाज जागरण**



खलियारी/ सोनभद्र। रायपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिकरवार में बीती रात शरारती तत्वों द्वारा ड्रा0 भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित कर दिया है जिससे गांव में तनाव की स्थिति पैदा हो गई है बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष महिलाएं अंबेडकर मूर्ति के पास हुए इकट्ठा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े ग्रामीण सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी सरई गढ़ राहुल पांडेय ने ग्रामीणों को दिलाया भरोसा मामले की जांचकर दोषियों पर होगी कार्रवाई जैसे ही सूचना थाना प्रभारी रायपुर को मिली वे भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से जानकारी जुटाई जा रही है तथा हर पहलुओं पर विचार किया जा रहा है पुलिस नई अंबेडकर मूर्ति लगवाने का आश्वासन दे रही है दबे जुबां से लोगों का कहना है कि पुलिस ने मुर्ति लगाकर कार्य वाही करने से बचना चाहती है जैसे कुछ महिने पुर्व में कम्हरिया गांव में हुआ वहां भी इसी तरह का मामला सामने आया था मुर्ति तो लग गई लेकिन आज तक दोषी पुलिस के गीर्फत से बाहर है ग्रामीण दोषियों पर सख्त कार्रवाई पर अड़े हुए हैं। सूत्रों की माने तो अंबेडकर मूर्ति खंडित करने का घृणित कार्य आगामी पंचायत चुनाव में गांव में तनाव पैदा करने का प्रयास है। हालांकि पुलिस हर पहलुओं पर गंभीरता के विचार करते हुए मामले की जांचकर विधिक कार्यवाही करने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दे रही है। कुछ ही दिन पूर्व अंबेडकर प्रतिमा के पास ग्राम पंचायत निधि से सरकारी भवन का निर्माण किया जा रहा था जिसमे ग्रामीणों ने इसका विरोध कर भवन निर्माण रोक दिया था। उसके कुछ ही दिनों बाद शरारती तत्वों द्वारा अंबेडकर मूर्ति को खंडित कर दिया है जिससे तरह तरह की चर्चा व कयास लगाए जा रहे हैं। बिक्रम हरिजन का कहना है कि पुलिस पहले जांचकर दोषियों पर करे कार्य वाही उसके बाद लगेगी अंबेडकर की प्रतिमा। ग्रामीण बलवंत हरिजन, छैबर राम, शांता राम आदि लोगों ने पुलिस प्रशासन से दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# विद्युत स्पशार्घात से एक 60 वर्षीय वृद्ध महिला की झुलसकर मौत

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



गुरमा/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के सलखन ग्राम पंचायत स्थित शिवल्ला टोला में सोमवार की शाम तकरीबन 4:30 बजे खाना बनाते समय हीटर में विद्युत करंट प्रवाहित होने तथा विद्युतस्पशार्घात से एक 60 वर्षीय वृद्ध महिला की झुलसकर मौत हो गयी। प्राप्त समाचार के मुताबिक सलखन ग्राम पंचायत के शिवल्ला टोला निवासिनी 60 वर्षीय वृद्ध महिला सुषमा देवी पत्नी श्रीकृष्ण दूबे उर्फ मुन्नू सोमवार की शाम को घर में हीटर पर खाना बना रही थी कि हीटर में विद्युत प्रवाहित होने तथा उसके चपेट में आने से झुलस गयी। चीख पुकार सुनकर लोगों ने आनन-फानन में 108 आपातकालीन एंबु लेंस सेवा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन ले जा रहे थे कि रास्ते में ही वृद्ध महिला ने दम तोड़ दी। बताते हैं कि विश्व महिला घर पर अकेली रहती थी। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया तथा परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। मेमो भेज कर मामले की सूचना चोपन पुलिस को दे दी गई है। चोपन पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय रावट्र्सगंज भेज दिया तथा मामले की छानबीन कर रही है।

# आकाशवाणी ओबरा से पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय पल्हारी, नगवां की शानदार प्रस्तुति

**विजय शंकर पाण्डेय/ समाज जागरण**




सोनभद्र। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पीएम श्री कंपोजिट विद्या लय, पल्हारी नगवां, सोनभद्र के बच्चों द्वारा आकाशवाणी ओबरा से एक भव्य एवं देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. बृजेश महादेव (ब्लाक स्काउट मास्टर) के कुशल एवं प्रेरणादायी नेतृत्व में संपन्न हुआ। डॉ. बृजेश महादेव ने बताया कि आदिवासी अंचल के बच्चों के लिए यह क्षण अत्यंत ऐतिहासिक रहा। बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों, संवादों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, एकता और संस्कारों की प्रभावशाली अभिव्यक्ति की, जिसकी श्रोताओं एवं जनसामान्य द्वारा मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई। कार्यक्रम में गायत्री, मंता, रूपा, अंजना, श्रवण, अभिमन्यु, अंजनी, संतोषी, हीरावती एवं इंद्रजीत ने सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुति ने यह सिद्ध किया कि दूरस्थ एवं विषम भौगोलिक क्षेत्र में स्थित विद्यालयों के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय मंच पर अपनी सशक्त पहचान बना सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि आकाशवाणी ओबरा से डॉ. बृजेश महादेव की मुनई भैया एवं उनके सहयोगियों के साथ कई बार वातार्लाप प्रसारित हो चुके हैं, किंतु बच्चों के साथ यह उनका दूसरा सराहनीय प्रयास रहा। इसके अतिरिक्त, डॉ. बृजेश महादेव का आकाशवाणी ओबरा से अनेक अवसरों पर काव्यपाठ भी प्रसारित किया जा चुका है। नवाचारी शिक्षक के रूप में डॉ. बृजेश महादेव की जनपद सोनभद्र में एक विशिष्ट पहचान है। शिक्षा, साहित्य, संस्कृति एवं नवाचार के क्षेत्र में उनके सतत प्रयास उन्हें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समाज के लिए प्रेरणास्रोत के रूप में स्थापित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में डॉ. बृजेश कुमार सिंह महादेव, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष (राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, सोनभद्र) द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रा भिनंदन संबोधन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

यह संपूर्ण आयोजन विद्यालय, जनपद एवं आदिवासी अंचल के लिए गौरव का विषय बना।

# चोपन सोननदी रेलवे पुल के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव , शिनाख्त नहीं

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

गुरमा/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के पटवध ग्राम पंचायत स्थित चोपन सोननदी रेलवे पुल के पास सोमवार की सुबह 10 बजे तकरीबन 35 - 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से गांव में हड़कंप पहुंच गया।आनन -फानन में ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल चोपन पुलिस को दी। सूचना मिलते ही इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंच मामले की छानबीन करते हुए शव का शिनाख्त करने की भरपूर कोशिश की लेकिन समाचार लिखे जाने तक शव का शिनाख्त नहीं हो सका था। मृतक व्यक्ति काला जींस पैंट,बेल्ट तथा टी-शर्ट पहना हुआ था।पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया रेलवे पुल से गिरकर मृत्यु होना बताया जाता है। चोपन पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल रावट्र्सगंज भेज दिया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात ही ज्ञात हो सकेगा की मृतक व्यक्ति की मौत कैसे हुई है।

# वरिष्ठ पत्रकार विजय विनीत को जान से मारने की नियत से, कार से कुचलने का प्रयास

## इस दुस्साहस भरे घृणित कार्य से पत्रकार व पत्रकार संगठनों में रोष, जांचकर कार्यवाही की मांग

**विजय शंकर पाण्डेय/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जनपद के वरिष्ठ पत्रकार विजय विनीत को आज सुबह न्यूज कवरेज करने के दौरान जान से मारने की नियत से एक कार द्वारा निशाना बनाते हुए कुचने का घृणित प्रयास किया लगातार रोड निर्माण सहित अन्य सरकारी कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर विजय विनीत द्वारा ग्राउंड रिपोटिंग की जा रही है कयास लगाए जा रहे हैं कि वही लोग है जिन्हे विजय विनीत के खबरों से समस्या हो रही है। सोनभद्र जिले के वरिष्ठ पत्रकार विजय विनीत अपने बेबाक निर्भीक लेखनी के लिए जाने जाते है अपने लंबे पत्रकारिता जीवन में कई राष्ट्रीय पेपरों में काम कर चुके है अपनी ईमानदार और निर्भीक छवि के लिए विख्यात है ऐसे में उनके दुश्मन भी है जो आज उन्हें मारने का प्रयास किया। विजय विनीत द्वारा लगातार सामाजिक कार्यों को किया जा रहा है और सामाजिक तौर पर भी दबे कुचलों पीड़ित शोषितों की बुलंद आवाज है विजय विनीत इस कारण भी लोगों में नाराजगी होना लाजमी है कई गंभीर मुद्दों को आम जनता के बीच लाकर उसका परदा फांस कर चुके है जब इस मामले को लेकर वरिष्ठ पत्रकार विजय विनीत से सेल फोन पर वार्ता करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल फोन स्विच ऑफ बता रहा था।

प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो जो कार तियरा रोड के किनारे खड़े पत्रकार विजय विनीत को जानबूझकर कार से मारने का प्रयास किया गया, उसी जगह पर खड़े होकर इस घटना का जिक्र ही कर रहे हैं की दस मिनट बाद वही कर पुनः लौटकर दुबारा भी कुचलने का प्रयास किया इस घृणित कार्य से पत्रकार व पत्रकार संगठनों में रोष व्याप्त है मांग की जाती है की इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो नहीं तो संगठन व पत्रकार धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी स्थानीय शासन प्रशासन की होगी।

# समाजवादी पार्टी का स्वर्ण जयंती चौक पर सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन, 2027 में सरकार बदलने का आह्वान

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**




सोनभद्र। समाजवादी पार्टी (सपा) कार्यकताओं ने मंगलवार को स्वर्ण जयंती चौक पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी, अधर्म, अनीति और दुराचार के विरोध में 27 शंख बजाकर अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शन का नेतृत्व सपा जिला सचिव प्रमोद यादव ने किया। सपा नेता ने कहा प्रयागराज में छोटे बटुकों की कथित पिटाई की घटना को 'इतिहास का काला अध्याय' करार दिया। उन्होंने सरकार पर जाति से जाति लड़ाकर सत्ता हथियाने का काम करने का आरोप लगाया। नेताओं ने कहा कि ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है। प्रमोद यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में अधर्म, अनीति और दुराचार बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महंगाई दर बढ़ रही है, युवा बेरोजगार हैं और महिला अपराधों में वृद्धि हुई है। यादव ने माघ मेले में साधु-संतों के कथित अपमान का भी जिक्र किया, जिसे उन्होंने सरकार की 'सनातन विरोधी' नीति का प्रमाण बताया। सपा नेताओं ने 2027 में 'शंखनाद' और 'उद्घोष' के माध्यम से इस सरकार को बदलने का आह्वान किया। प्रमोद यादव ने युवाओं, किसानों, पीडीए समाज और महिला शक्ति से एकजुट होकर 2027 में भाजपा सरकार को बदलने का आग्रह किया। प्रमोद यादव ने सरकार पर माघ मेले में साधु-संतों का अपमान करने का आरोप दोहराया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिला अपराध बढ़ रहे हैं, बेरोजगारी चरम पर है और नौजवानों को पीटा जा रहा है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकारों पर युवाओं में 'जहर घोलने' और तरह-तरह के नियम-कानून लाने का आरोप लगाया, जिसमें यूजीसी कानून का भी जिक्र किया। प्रमोद यादव ने आरोप लगाया कि सरकार समाज में 'जहर घोलने' का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले हिंदू-मुसलमान को लड़ाया गया और अब हिंदू-हिंदू को लड़ाने का प्रयास किया जा रहा है। यादव ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन ने छोटे ब्राह्मणों की शिखा पकड़कर उन्हें पीटा है, जिसे इतिहास में 'काले अक्षरों' में लिखा जाएगा। इस मौके पर पूर्व नगर उपाध्यक्ष सुरेश अग्रहरी, कमलेश यादव और गोपाल गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अनपरा परियोजना में धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**सीजीएम ने ध्वजारोहण कर मार्चपास्ट की सलामी ली विद्युत ऊर्जा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रही अनपरा- इं दूधनाथ**

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। अनपरा तापीय परियोजना कॉलोनी में स्थित सीआईएसएफ ग्राउंड में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक इं दूधनाथ ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के बाद उन्होंने स्कूली बच्चों व सुरक्षा के जवानों की आकर्षक मार्चपास्ट की सलामी ली।फिर उपस्थित जन समूह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने देश की आजादी में अमर वीर शहीदों के कठिन संघर्षों व कुर्बानियों को याद दिलाया तथा भारतीय संविधान के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि 26 जनवरी 1950 को देश में संवि धान लागू हुआ था जिससे भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया। इं. दूधनाथ ने आगे कहा कि विद्युत ही देश के प्रगति का मूल आधार है।हमे अपने विकसित राष्ट्र बनने के स्वप्न को साकार करने के लिए हर हाल में विद्युत उत्पादन में दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ोत्तरी करनी होगी।अनपरा परियोजना का स्थान ऊर्जा क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहा है।अनपरा की इकाइयां पुरानी होने के बावजूद कम लागत,न्यूनतम तेल व ऑक्जेलियरी खपत के साथ सतत विद्युत उत्पादन कर नए-नए कीर्ति मान स्थापित कर रही हैं तथा बिजली जरूरतों को पूरा करने एवं देश के विकास में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 25-26 की तीन तिमाही में अनपरा का पीएलएफ क्रमशः 82. 22 प्रतिशत, 87.17 प्रतिशत तथा 86.83 प्रतिशत रहा जो विगत पांच वर्षों में सर्वाधिक है। इसी तरह प्रथम तीन तिमाही में अनपरा अ , ब तथा द ताप ने क्रमशः 24.07 करोड़, 86.25 करोड़ एवं 181.35 करोड़ का लाभ अर्जित किया है। हम इस क्षेत्र में बिजली के अलावा मेडिकल, पानी और कई मूलभूत सुविधाएं भी क्षेत्रवासियों को उपलब्ध करा रहें हैं।राख धुलाई की व्यवस्था को सुव्यवस्थित व सुरक्षित बनाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी अनपरा तापीय परियोजना एक नई मिसाल पेश कर रही है। अंत में उन्होंने बिजली कार्मिकों को कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने और राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई।कार्यक्रम में स्थानीय स्कूलों के छात्र छात्राओं ने देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोगों को आजादी के समर की याद दिला दी। अंत में उत्पादन लक्ष्य प्राप्ति में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों व सीआईएसफ के जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मा नित किया गया। इस अवसर पर महा प्रबंधक इं मधु मुखरैया, महा प्रबंधक प्रशासन इं निखिल चतुवेर्दी, महा प्रबंधक द इं प्रशांत त्रिपाठी, उप समादेष्टा आरके शर्मा, मुख्य चिकि त्साधिकारी एन बरनवाल, उप महाप्रबंधक लेखा एसपी कुशवाहा, एसपी यादव, वरिष्ठ अभियंताओं में इं एसपी यादव, इं विमलेंद्र सिंह, इं आरके सिंह, इं चन्द्र विजय, इं गजेंद्र कुमार, इं उत्पल शंकर, इं चंद्र प्रकाश, इं महेंद्र सिंह, इं एसके रजक, इं वीके दिनकर, इं आलोक त्रिपाठी, इं संजय सिंह, इं अच्युतेश कुमार, इं बीआर पटेल, इं बृजेंद्र सिंह यादव, इं अदालत वर्मा, इं मनोज यादव, इं पवन तिवारी, इं जय नारायण गौतम, इं संजय महतो, इं धर्मेंद्र रामकरण सहित हजारों अधिकारी, कर्मचारी, विद्यालय के अध्यापक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।







# खड्डाटोल प्लाजा में मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

**समाज जागरण**



देश आज 77 वा गणतंत्र दिवस मना रहा है जगह-जगह भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे गूंज रहे हैं रीवा में गुढ रोड स्थित खड्डा टोल प्लाजा मे गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, इस अवसर पर दीपू सिंह ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरूआत की तदुपरांत भारत माता तथा देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ बलिदान देने वाले सपूतों को माल्यार्पण किया गया इसके बाद कुछ रंगारंग गीत गाने की प्रस्तुतियां हुई कार्यक्रम में टोल प्लाजा के समस्त स्टाफ सहित आसपास के कई ग्रामीणजन उपस्थित रहे, उपस्थित सभी लोगों के लिए प्रसाद वितरण तथा मिष्ठान वितरण किया गया कार्यक्रम में टोल प्लाजा के मैनेजर मुकेश उपाध्याय ने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं कार्यक्रम के सफल संचालन के बाद कैशियर भूपेंद्र सिंह ने सभी को आभार ज्ञापित किया




# धर्मान्तरितो का आरक्षण को लेकर दिल्ली में करेंगे रैली,गणेश राम भगत

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**




डाला/ सोनभद्र। बिल्ली मारकुंडी ग्राम पंचायत में स्थित सेवा समर्पण संस्थान खन्ना कैंप में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें धर्मान्त रितो का आरक्षण सरकार बंद करे, जिसको लेकर दिल्ली में जनजातियो की रैली 24 मई को आयोजित किया गया है। जिसकी जानकारी भाऊराव देवरस वनवासी कल्याण आश्रम में आये अ०भा० जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत ने दिया। यहा इन्होने आदिवासी भाईयो की संस्कृति एवं सभ्यता की जानकारी देते हुए रैलीमें चलने का आहवाहन किया।उन्होने बताया कि बिहार के रोहतास गढ में एक मई को माघ पूर्णिमा के दिन आयोजित सम्मेलन में भाग लेगें। उन्होने कहा कि धर्मान्तरित हुए लोगो द्वारा दो तरह का लाभ उठाया जा रहा है जो गलत है। जिसका सरकार को संज्ञान लेकर ऐसे लोगो का आरक्षण बंद किया जाना चाहिए। इस अवसर पर शम्भू सिंह गोड, शिवप्रसाद, रामलखन, रामनरायण, सीताराम, ओमप्रकाश, चंद्रावती गोंड विमला देवी रुकमनीयां आदि लोग उपस्थित रहे।

# गणतंत्र की धूम

बाबा विश्वनाथ जी की नगरी काशी में 77 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसकी कुछ झलकियां.....

**प्रस्तुति रंजीत तिवारी**



श्री युगल बिहारी इन्टर कालेज रामेश्वर में ध्वजा रोहण करते मुख्य अतिथि प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह पप्पू और साथ में प्रधानाचार्य नीरज कुमार यादव सहित अन्य शिक्षक और छात्र छात्राएं।



गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजा रोहण करते हुए मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी संजय कुमार यादव।



सेवापुरी विकास खण्ड के बरेमा ग्राम पंचायत पर ध्वजा रोहण करते हुए ग्राम प्रधान राज कुमार सोनकर साथ में प्रधान प्रतिनिधि बिहारी सोनकर सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



सेवापुरी विकास खण्ड के कंपोजिट विद्यालय बरेमा परिसर में गणतंत्र दिवस पर ध्वजा रोहण करते मुख्य अतिथि अजीत कुमार सिंह और प्रधानाध्यापक चंद भूषण सिंह। कार्यक्रम में शैलेन्द्र विक्रम,कमलेश पांडेय सहित अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं और बच्चे उपस्थित रहे।



मिशन समाज सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डम्पी तिवारी "बाबा" को गणतंत्र दिवस के अवसर पर कैबिनेट मंत्री रविन्द्र जायसवाल और पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में उनकी सराहनीय सेवा के लिए सम्मानित किया गया



गणतंत्र दिवस के अवसर उमाशंकर के. यस. के. पेट्रोल पंप चौखंडी पर ध्वजा रोहण करते हुए गोविंद पांडेय। वहां पर सचिन तिवारी, मुकेश ,संजय, रमेश ,अजित, राजेश उपस्थित रहे।



गणतंत्र दिवस पर हाथ में तिरंगा लिए नन्हे देश भक्त हनु तिवारी।



संजय मेमोरियल वूमेंस कॉलेज वाराणसी में गणतंत्र दिवस धूम धाम से मनाया गया ध्वजा रोहण मुख्य अतिथि चेयरमैन शशिकांत सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रबंधक अभिषेक सिंह सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही।



प्राचीन श्री हनुमान मंदिर परिसर बरेमा में ध्वजा रोहण करते मुख्य अतिथि अजीत कुमार सिंह साथ में रघुपत तिवारी,अजय तिवारी,किशन तिवारी,कन्हैया सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



डी आर एस पब्लिक स्कूल खेवली वाराणसी में गणतंत्र दिवस धूम धाम से मनाया गया।मुख्य अतिथि निदेशक संतोष सिंह ने ध्वजा रोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर प्रबंधक शुभम सिंह,प्रधानाचार्य नवीन सिंह,मनीष पटेल,सारिका सिंह सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# वी पी एस राजातालाब में धूम धाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। सोमवार को वाराणसी पब्लिक स्कूल, बगांलीपुर राजातालाब वाराणसी परिसर में 77वां गणतत्रं दिवस बडे. धूम धाम से मनाया गया एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वाराणसी पब्लिक




स्कूल ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रबंधक की ओर से उप प्रबंधक शशिकान्त गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष रामानन्द जायसवाल ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम को प्रारम्भ किया एवं प्रांगण मे उपस्थित सभी अभिभावको, अध्यापकों, अध्यापिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को 77वां गणतत्रं दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, समन्वयक गण, अध्यापक, अध्यापिकाएँ, कार्यालय के कर्मचारी एवं अभिभावक उपस्थित रहें ।
विद्यालय के प्रधानाचार्य आशुतोष सिंह ने छात्र-छात्राओं को गणतंत्र दिवस के विषय मे विस्तार से बताया। समस्त विद्यालय परिवार की ओर से राजातालाब में गणतंत्र दिवस के अवसर पर जुलूस निकाला गया। यह समस्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य आशुतोष सिंह, व पी.जी.टी. समन्वयक अभिषेक कुमार दुबे के द्वारा प्रदान की गई।

# आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के भविष्य की नींव: गौतम सिंह

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। पिंडरा ब्लॉक स्थित भोपतपुर गांव में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया गया। जिला पंचायत सदस्य गौतम सिंह ने फीता काटकर केंद्र को ग्रामवासियों को समर्पित किया। यह कदम क्षेत्रीय




विकास और बाल कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए गौतम सिंह ने कहा कि यह आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के भविष्य की नींव है। यहां बच्चों को बेहतर पोषण के साथ-साथ प्रारंभिक शिक्षा भी मिलेगी। उन्होंने सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।
इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनीष पांडे भी उपस्थित थे। उन्होंने केंद्र के निर्माण और गांव के विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ग्राम पंचायत बच्चों और महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।
समारोह के अंत में ग्रामवासियों ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का मानना है कि इस केंद्र के शुरू होने से गांव के छोटे बच्चों को बेहतर सुविधाएं और उपयुक्त माहौल अपने गांव में ही मिल सकेगा।

# शिक्षा के माध्यम से ही राष्ट्र को सशक्त और आत्मनिर्भर बनेगा:राजेश मिश्र

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी विकासखंड के हरिहरपुर स्थित अमरावती इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन परिसर में सोमवार गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान के प्रबंध निदेशक राजेश मिश्रा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उसे सलामी दी।इस अवसर पर प्रबंध



निदेशक राजेश मिश्रा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में देशभक्ति, अनुशासन और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और शिक्षा के माध्यम से ही राष्ट्र को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। संस्थान परिवार ने इस अवसर पर राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का समापन मिठाइयां वितरित कर किया गया।ई.वंश नारायण सिंह,सत्यप्रकाश दुबे,अभिनन्दन मिश्र,अंबुज मिश्रा चन्दन मिश्रा,दीक्षा सिंह,प्रीति सिंह,स्वाति सिंह,अजय कुमार मौर्य सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एसोसिएशन बोरिंग टेक्नीशियन द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न।

**जिलाध्यक्ष विकास सिंह एवं मंत्री अमितेष श्रीवास्तव निर्विरोध निर्वाचित।**

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। एसोसिएशन वोरिंग टेक्नीशियन वाराणसी के जिला इकाई के गठन को लेकर द्विवार्षिक अधिवेशन विकासखंड हरहुआ के सभागार




में संपन्न हुआ। जिसमें जनपद वाराणसी के सभी ब्लाकों के बोरिंग टेक्नीशियन उपस्थित रहे।
सर्वसम्मति से एसोसिएशन का जिलाध्यक्ष विकास सिंह एवं अमितेष श्रीवास्तव को मंत्री चुना गया। साथ ही सर्वसम्मति से ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद अखिलेश सिंह ,कोषाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, संगठन मंत्री प्रदीप दुबे, संप्रेक्षक स्वीटी कुमारी को चुना गया।
विकासखंड हरहुआ सभागार में हुए इस अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष राजेश पॉल एवं संरक्षक शंभूनाथ यादव उपस्थित रहे।
अधिवेशन में चुनाव के दौरान खण्ड विकास अधिकारी हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा, सच्चिदानंद यादव जिलाअध्यक्ष अंबेडकरनगर, अखिलेश पाल पूर्व अध्यक्ष अंबेडकरनगर, चंद्रशेखर सिंह पूर्व मंत्री वाराणसी एवं अनंत अवस्थी पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष वाराणसी भी उपस्थिति रहे। अधिवेशन का संचालन अंजनी कुमार श्रीवास्तव निवर्तमान अध्यक्ष वाराणसी द्वारा किया गया।
चुने गए सभी प्रतिनिधियों को उनके पद के प्रति अपने कर्त्तव्य एवं ईमानदारी से कार्य करने की शपथ दिलाई गई ।

# आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल वाराणसी में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल, वाराणसी में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर की सबसे विशेष बात यह रही कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अस्पताल में सफल नेत्र ऑपरेशन करा चुके मरीज रहे, जो सारनाथ स्थित ओल्ड एज होम से आए थे।
कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। मुख्य अतिथि रहे वरिष्ठ नागरिकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए अस्पताल द्वारा दी जा रही निःस्वार्थ सेवाओं की सराहना की और डॉक्टरों व स्टाफ का आभार व्यक्त किया।



इस अवसर पर अस्पताल के यूनिट हेड डॉ भारत सिंह ने उपस्थित सभी कर्मचारियों और अतिथियों को संबोधित करते हुए अस्पताल द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित, बुजुर्ग एवं जरूरतमंद वर्ग को बेहतर दृष्टि प्रदान करना आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल का प्रमुख उद्देश्य है। यूनिट हेड ने कर्मचारियों का हौसला बढ़ाते हुए उनके समर्पण और सेवाभाव की सराहना की तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्टाफ सदस्यों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया, जिससे कर्मचारियों में नया उत्साह और प्रेरणा देखने को मिली।
कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन न केवल देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत रहा, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और सेवा के मूल्यों को भी उजागर करता रहा। कार्यक्रम का संचालन कैंप आई रिच एडमिन संदीप सिंह ने किया।

# विकास खण्ड सेवापुरी के न्याय पंचायत बरेमा में लगा शिक्षा चौपाल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। बेसिक शिक्षा को जन सामान्य से जोड़ने के उद्देश्य लिए हुए आज सेवापुरी विकासखंड के न्याय पंचायत बरेमा के प्राथमिक विद्यालय रामेश्वर प्रथम पर न्याय पंचायत स्तरीय एक शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी संजय कुमार यादव शामिल हुए इन अतिथियों का कंपोजिट विद्यालय देहली विनायक के प्रधानाध्यापक वह प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ने अंग वस्त्र से आच्छादित कर स्वागत व अभिनंदन किया । इसके उद्घाटन को करते हुए मुख्य अतिथि महोदय ने यह बताया कि शिक्षा एक अनमोल धन है इसे बच्चों को हासिल करने के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करना चाहिए दूसरी ओर विशिष्ट अतिथि संजय कुमार



यादव ने यह बताया कि विद्यालयों की स्थिति पुराने समय से काफी बदला है और बच्चे उत्साह पूर्वक अध्ययन कर रहे हैं आप सभी इन्हें पढने -लिखने में सहयोग कर एक निपुण छात्र बनाएं। कार्यक्रम के प्रारंभ में नोडल शिक्षक संकुल प्रदीप कुमार शुक्ला ने सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और अपने न्याय पंचायत में विद्यालयों के स्तर पर चल रही विभागीय योजनाओं एवं शैक्षिक कार्यक्रम से अवगत कराया। एआरपी शशी प्रकाश राय ने यह बताया कि शिक्षा के इस विशेष पहल से हम जन समुदाय को लाभ उठाना चाहिए ।इसी क्रम में चंद्र भूषण सिंह प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय बरेमा,पूजा जायसवाल कंपोजिट विद्यालय देहली विनायक, अजय कुमार जायसवाल प्राथमिक विद्यालय सातों, मुकुल मौर्य प्राथमिक विद्यालय रामेश्वर सेकंड, अवनीश तिवारी प्राथमिक विद्यालय जगापट्टी एवं अन्य प्रधानाध्यापक भी अपने विद्यालय में इन योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में अभिभावकों की इस चौपाल में विस्तार से चर्चा किया ।

# UGC के नए नियमों पर पुनर्विचार की मांग, भाजपा नेता ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा अधिसूचित UGC (Equity Promotion Regulations), 2026 को लेकर देशभर में उठ रही चिंताओं के बीच हरहुआ, वाराणसी से भारतीय जनता पार्टी के नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर इन नियमों पर पुनर्विचार की मांग की है।
भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री एवं अधिवक्ता प्रिंस चौबे ने प्रधानमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा है कि समानता और भेदभाव समाप्त करने के उद्देश्य से लाए गए ये नियम अपने वर्तमान स्वरूप में उच्च शिक्षा संस्थानों में भ्रम, भय और असंतुलन पैदा कर रहे हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि नियमों की परिभाषाएं अत्यधिक व्यापक और अस्पष्ट हैं, जिससे शिक्षक, छात्र और शैक्षणिक प्रशासन असमंजस की स्थिति में हैं।पत्र में यह भी कहा गया है कि भेदभाव की परिभाषा इतनी विस्तृत




कर दी गई है कि अकादमिक मूल्यांकन, मेरिट आधारित निर्णय, अंक निर्धारण, शोध गुणवत्ता और अनुशासनात्मक कार्रवाई तक इसके दायरे में आ सकती है, जिससे अकादमिक स्वतंत्रता प्रभावित हो रही है। इससे उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और निष्पक्षता पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका जताई गई है।
प्रिंस चौबे ने पत्र में यह भी चिंता जताई है कि नियमों में झूठी या दुर्भावनापूर्ण शिकायतों को रोकने के लिए कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है, जबकि कठोर दंडात्मक प्रावधान सीधे संस्थानों और छात्रों के भविष्य को प्रभावित कर सकते हैं। डिग्री कार्यक्रम रोकने, ऑनलाइन/डिस्टेंस शिक्षा बंद करने या संस्थान को वत्र्क्ष सूची से हटाने जैसे प्रावधानों को उन्होंने अत्यधिक कठोर बताया है।
पत्र में सुझाव दिया गया है कि या तो इन नियमों को वर्तमान स्वरूप में निरस्त किया जाए अथवा आवश्यक संशोधनों के साथ पुनः लागू किया जाए। इसमें भेदभाव की परिभाषा को सीमित करने, सभी वर्गों के लिए समान रूप से संरक्षण लागू करने, सुनवाई की पारदर्शी प्रक्रिया तय करने और सुधारात्मक (ग्रेडेड) दंड व्यवस्था लागू करने जैसे सुझाव भी दिए गए हैं।
भाजपा नेता ने विश्वास जताया है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार शिक्षा में सामाजिक न्याय के साथ-साथ निष्पक्षता, संतुलन और संवैधानिक समानता को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर न्यायोचित निर्णय लेगी।

# हरहुआ में परम्परगत ' तिरंगा यात्रा' गंगा जमुनी तहजीब का पेश किया मिशाल

**तिरंगा यात्रा में बंदेमातरम, इंकलाब जिंदाबाद पर झूमें युवा,लहराया तिरंगा।**

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। विकास खंड हरहुआ अंतर्गत हरहुआ डीह से हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस पर्व पर तिरंगा यात्रा निकाला गया। यात्रा में क्षेत्र के सम्मानित हिंदू मुस्लिम एकता की गंगा जमुनी तहजीब मिशाल के साथ बंदेमातरम,इंकलाब जिंदाबाद जयघोष के साथ यात्रा पूरी की। तिरंगा यात्रा दल पर घरों के छतों से लोगों ने पुष्प वर्षा कर भारत माता जय के नारे लगाए गए।
तिरंगा यात्रा जुलूस बड़ी मस्जिद ईदगाह मैदान से निकलकर हरहुआ बाजार, कोईराजपुर, वाजिदपुर रिंग रोड चौराहा, कोईराजपुर मोड, मंशापुर, दासेपुर, बैजलपट्टी ,धनेश्वरी होते हुए हरहुआ चौराहे पर पहुंचा वहां पर हिन्दू मुस्लिम एक साथ सामूहिक राष्ट्रगान गाया। 52 सेकेंड के लिए दुकानदार सहित हर नागरिक जहां-तहां ठहर गया और भारत माता की जयकार, इंकलाब जिंदाबाद ,



बंदेमातरम और 'अमर रहे' की जयघोष के नारे लगाया।
अतिथि व सम्मानितजनों में संजय सोनकर, अमन सोनकर ,बाल रोग विशेषज्ञ डॉ0 प्रदीप पाण्डेय, हरहुआ मडल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा' अजय' पूर्व मेजर इजरायल खां, प्रधान अनवर हाशमी,व्यापार मंडल हरहुआ अनिल जायसवाल, मंत्री वीरेंद्र गुप्ता, चंद्रशेखर सिंह,रजनीश सरोज, अनिल पांडेय, मनोज पटेल ,उत्सव सिंह ,विनोद पटेल,रामकृष्ण उपाध्याय,पूर्व बीडीसी इमरान हाशमी,अदनान हाशमी,अरशद हाशमी सहित सैकड़ों लोगों ने राष्ट्रगान गाया। तिरंगा यात्रा जुलूस वापस हरहुआ बाजार पहुंचा।
कार्यक्रम के संयोजक मेराज अहमद, इरफान हाशमी 'गुड्डू' व प्रधान हरहुआ अनवर हाश्मी प्रधान कोइराजपुर मोदी यादव, बरखू यादव, प्रधान दासेपुर सोनू प्रसाद, शेरू एराकी, अब्दुल बहाव, अनिल जायसवाल, वीरेंद्र गुप्ता व जयचंद मोदनवाल ने सभी लोगों को बधाई दी।
सुरक्षा की कमान पुलिस चौकी हरहुआ प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस बल ने सभाल रखी थी।

# भंडारे का आयोजन कर महाप्रसाद खिलाया बाटे कंबल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। गणतंत्र दिवस पर काशी सेवा शोध समिति की ओर से भीमचण्डी धाम में काशी सेवा शोध समिति के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया। यहां उपस्थित लोगों ने भारत माता की जयकारे लगाकर वंदे मातरम के गीत गाए। उपस्थित लोगों ने भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया।इस दौरान यहां पर लोगों को महाप्रसाद का वितरण




किया गया। लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण कर भीमचंडी माता के जयकारे लगाए।महाप्रसाद के बाद निर्बल व विधवा महिलाओं में कंबल वितरित किया गया।कंबल वितरण काशी सेवा शोध समिति के सचिव डॉक्टर टी पी सिंह ने किया।इस दौरान समिति के प्रणय सिंह,नीरज पांडेय, अवधेश पटेल,दयाशंकर मिश्रा रोहित मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# जी जी आई सी जक्खिनी में धूम धाम से मना गणतंत्र दिवस

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जक्खिनी,वाराणसी में 77 वां गणतंत्र दिवस धूम धाम से मनाया गया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान,



वंदे मातरम्, सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तान हमारा सहित राष्ट्रभक्ति गीत छात्राओं द्वारा गाया गया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्या श्रीमती अनामिका ने राष्ट्र के महान नायकों के चित्र पर माल्यार्पण और ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।संबोधन में शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा राष्ट्रीय पर्व पर सभी को भेजे गए संदेश को पढ़कर सुनाया गया। वही छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत में स्वगत और देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीत, भाषण,चित्र कला की प्रस्तुति की गई ।अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाली छात्राओं को प्रधानाचार्या द्वारा पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। शसरिता देवी, रति कुमारी, सुमन, विभा रानी सिंह सहित अन्य शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को संपन्न कराने में योगदान दिया।

# विचारों और कार्य से अहिंसक होना जरूरी:डॉ ओपी राय

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। मेहंदीगंज रखौना में गजिबों रेस्टोरेंट के सभागार में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने स्वतंत्रता बाद राष्ट्र के समक्ष खड़ी हुई चुनौतियों पर चर्चा किया। पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर ओ पी राय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि देश ने लंबे काल तक आंदोलन कर स्वतंत्रता प्राप्त की।स्वतंत्रता के बाद राष्ट्र में जहां समृद्धि आई वहीं देश में कई प्रकार की चुनौतियां खड़ी हो गई है।उन्होंने समाज में बढ़ रहे वैचारिक हिंसा पर कड़ा प्रहार किया। कहा कि किशोर और



युवाओं में जिस प्रकार से वैचारिक हिंसा उत्पन्न हो रही है वह आगे चलकर समाज के लिए चुनौती के रूप में खड़ी हो जाएगी।उस खतरे से समय रहते आगाह होना होगा। कहा कि देश की स्वतंत्रता के बाद ऐसे उपाय करने चाहिए कि विचारों में विभेद तो हो पर मन का भेद न होने पाए। सभी लोग राष्ट्र की एकता के लिए कार्य करें। यह भी कहा कि महान पुरुषों में कभी भी तुलना नहीं की जानी चाहिए।हर महापुरुष का अलग-अलग कार्य क्षेत्र और कालखंड होता है।उसी के अनुरूप उनकी गतिविधियां रहती हैं।
संगोष्ठी में विषय परिवर्तन करते हुए प्रतिष्ठान के संचालक जितेंद्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि चाटुकारिता से देश गुलाम बना था, तब भी समाज के सक्षम लोगों को चाटुकारों ने गुमराह किया था और आज भी वैसे लोग ही सक्रिय है 'जरूरत संग यह भी जिम्मेवारी है कि समाज के उन सक्षम व्यक्तियों की जो देश और समाज के जिम्मेदार पदों पर आसीन है वे आदर्श प्रस्तुत करें, सच के संग चले।
संगोष्ठी को वरिष्ठ अधिवक्ता शशि भूषण मिश्रा, माध्यमिक शिक्षा विभाग के वरिष्ठ कार्णिक सुभाष मिश्रा,उपेंद्र सिंह, मेंहदीगंज के वरिष्ठ समाजसेवी दयाराम पटेल ने भी संबोधित किया। इस दौरान कामेश मिश्रा, शैलेंद्र सिंह पिंटू, राजेश मास्टर रमेश गुप्ता विनोद उपाध्याय नवीन चौबे श्याम जी यादव रवि पांडेय आदि उपस्थित रहे। संचालन प्रणय सिंह ने किया।

# सड़क सुरक्षा की दी गई जानकारी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपद वाराणसी में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भोजूबीर स्थित यू0पी0 कॉलेज परिसर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेटों एवं अन्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराया गया तथा उन्हें सुरक्षित वाहन संचालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा पैदल यात्रियों को प्राथमिकता देने जैसे आवश्यक नियमों की जानकारी दी गई।
इस अवसर पर राघवेंद्र सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी, वाराणसी द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों




तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें तथा अपने परिवार और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। इसके उपरांत उन्होंने उपस्थित कैडेटों और विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। साथ ही कॉलेज के प्रधानाचार्य को सड़क सुरक्षा से संबंधित एक जागरूकता पुस्तिका भी भेंट की गई।
कार्यक्रम की अध्यक्षता यू0पी0 कॉलेज के प्रधानाचार्य डी0के0 सिंह द्वारा की गई। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुशासन, जिम्मेदारी और सामाजिक चेतना विकसित करने में सहायक होते हैं। उन्होंने परिवहन विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।
इस अवसर पर मनोज प्रसाद वर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) वाराणसी, श्री अखिलेश पाण्डेय, यात्रीकर अधिकारी, वाराणसी सहित कॉलेज के शिक्षकगण एवं एनएसएस के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने सड़क सुरक्षा को अपने दैनिक जीवन में अपनाने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

# आठ घण्टे विद्युत आपूर्ति पिसौर फीडर से रहेगी बाधित

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। आज 28 जनवरी रविवार को तरना से निर्गत पिसौर फीडर पर जर्जर तार को बदलने हेतु सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक लाइन बंद रहेगी। पिसौर फीडर के अंतर्गत आने वाले ग्राम जिसमें अहिरान, चमाव, सभईपुर, घमहापुर ,छतरीपुर, चुप्पेपुर , हटिया, घोड़हा, चमाव पश्चिम पुर की सप्लाई बंद रहेगी एवं गणेशपुर फीडर का एक ट्रांसफार्मर कार्बन फैक्टरी के पास की आपूर्ति बंद रहेगी, व शिवपुर एवं पार्वती मिल फीडर से चलने वाले क्षेत्र की सप्लाई सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेंगे।
सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है की सुबह में ही अपने पानी आदि की व्यवस्था कर ले।
उक्त आशय की जानकारी एसडीओ श्रीपत तिवारी व अवर अभियंता दीपू प्रजापति ने संयुक्त रूप से दी है।

# सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल, सागापाली में 77वें गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के बाराचंवर ब्लाक क्षेत्र के सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल, सागापाली में 26 जनवरी 2026 को भारत का 77वाँ गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्ष, उल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंगों से सराबोर दिखाई दिया। तिरंगे की शान में फहराहट, देशभक्ति गीतों की गूंज तथा विद्यार्थियों की मनमोहक एवं जोशीली प्रस्तुतियों ने समूचे वातावरण को ऊर्जा, गर्व और राष्ट्रप्रेम से भर दिया।





इस गरिमामय अवसर पर सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रबंध निदेशक डॉ. आनंद सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों से अभिभूत होकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की तथा कहा कि प्रत्येक प्रस्तुति अद्वितीय, अनुशासित और अत्यंत सराहनीय थी। अपने प्रेरणादायक एवं ऊर्जावान संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अपने संबोधन में डॉ. सिंह ने बच्चों को बताया कि 26 जनवरी के दिन ही भारत का संविधान लागू हुआ था, जिसके माध्यम से समाज के सुव्यवस्थित संचालन एवं विकास हेतु नियम-कानून निर्धारित किए गए। उन्होंने कहा कि तिरंगा भारत का अभिमान है—जहाँ-जहाँ तिरंगा है, वहाँ-वहाँ भारत जीवित है। उन्होंने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस और संविधान के महत्व को और गहराई से समझने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. सिंह ने यह भी कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ग्रामीण अंचल के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस क्षेत्र के बच्चे उन सभी सपनों को साकार करेंगे, जिन्हें यहाँ के लोग देखते हैं।

उन्होंने विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सुमन सिंह, प्रधानाचार्य ए. एन. उपाध्याय एवं सीसीए समिति को इस भव्य आयोजन के सफल संचालन हेतु हार्दिक धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश सिंह, रविंद्र प्रताप सिंह एवं प्रमोद सिंह का सान्निध्य एवं आशीर्वाद विद्यालय को प्राप्त हुआ। विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सुमन सिंह जी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संविधान राष्ट्र की रीढ़ की हड्डी है, जो हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, शिक्षा तथा समानता का अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ एवं बधाई दी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ए. एन. उपाध्याय ने उपस्थित सभी सम्मानित अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा बच्चों को 26 जनवरी के ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया। अंत में उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के मुख्य प्रबंध निदेशक प्रो. सानंद सिंह जी, जो अपने व्यस्त कार्यक्रम के कारण समारोह में उपस्थित नहीं हो सके, उन्होंने भी सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

पूरे कार्यक्रम की भव्यता, अनुशासन एवं सृजनशीलता ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं दर्शकों को अत्यंत प्रभावित किया। अंत में भारत माता की जय के जयघोष एवं तिरंगे को सलामी के साथ इस ऐतिहासिक दिवस को स्मरणीय बना दिया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण–विश्वजीत स्वाइन, वंदना सिंह, प्रतिमा, प्रियंका गुप्ता, विद्या सिंह, रितू सिंह, आकांक्षा पाण्डेय, श्रेयांशु शर्मा, आकाश गुप्ता, अंजली गुप्ता, प्रतिभा, शिफा तनवीर, किरण यादव, सुप्रिया सिंह, लक्ष्मी यादव, सुमैया जमाल, प्रशांत चौबे, श्रीकांत यादव, रुपाली सिंह, नूतन कुमारी, स्वामीनाथ ठाकुर, प्रवीण तिवारी, अमृतेश पाण्डेय सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# झूठ से पाया गया सुख का फल है भय-फादर पी० विक्टर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

हार्टमन इंटर कॉलेज, हार्टमनपुर गाजीपुर में 77 वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिस्टर अश्रिता के कर- कमलों से झंडोत्तोलन किया गया। तत्पश्चात पूरा विद्यालय प्रांगण देशभक्ति नारों से गूंज उठा। एन०सी०सी० कैडेट्स और स्काउट-गाइड के छात्र -छात्राओं को उनके कर्तव्यों तथा देश के प्रति दायित्वों के प्रति शपथ दिलाया गया। हार्टमनपुर छात्रावास के बालकों द्वारा "नन्हे हैं नन्हा का दिल..." गीत प्रस्तुत किया गया। प्राइमरी की नन्हे मुन्ने बच्चियों द्वारा देशभक्ति गीत "आजादी की खुली हवा के...." पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसने कार्यक्रम में उपस्थित सभी को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। 11वीं कक्षा की बालिका अंशु पाल द्वारा हिंदी तथा हर्ष राय द्वारा अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में हिंदी अध्यापक आशीष सिंह कुशवाहा द्वारा गणतंत्र दिवस के महत्व को विस्तार पूर्वक बिंदुवार घटनाओं पर प्रकाश डाला गया। साथ ही साथ फादर पी०विक्टर द्वारा रचित कविता "सागर प्यासा है घोंसले खाली है ..... भूख मिटाए हम किसानों की" को भी आशीष सर द्वारा पढ़ा गया जिसमें स्वार्थी मनुष्य तथा उसके जीवन पर सुंदर कटाक्ष किया गया है।





सांस्कृतिक कार्यक्रम के आखिरी पड़ाव में प्राइमरी के छात्र-छात्राओं द्वारा "आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की" गीत पर बहुत ही शानदार नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसने सबका मन मोह लिया।

कार्यक्रम का समापन फादर पी० विक्टर के आशीर्वचन से हुआ जिसमें सर्वप्रथम उन्होंने फादर प्रकाश तिग्गा, हार्टमनपुर पल्ली पुरोहित, मुख्य अतिथि सिस्टर अश्रिता,सिस्टर प्रीतिका, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दिए और उन्होंने बताया कि झूठ से पहले सुख का फल है डर। हम सबको गर्व करना है कि हम भारतवासी हैं। विकास हो या विनाश, सफलता हो या असफलता,भलाई हो या बुराई यह सब अपने हाथ में है कि हम किसे चुनते हैं। हम अपने कर्मों से इसे प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि भारत माता अभी भी गरीब है और यदि हमारी भारत माता गरीब है तो हमारा धन अर्थात धनी होना किस काम का है। हमारा धन बेकार है।

अंत में उन्होंने बताया कि हम अपने छोटे-छोटे कदमों द्वारा देश की रक्षा कर सकते हैं इस पर हमें विचार करना होगा। अपने आशीर्वचन में उन्होंने सभी से आह्वान किया कि आज हम एक प्रतिज्ञा ले कि ऊर्जा अर्थात बिजली का हम कम से कम प्रयोग करेंगे। ऊर्जा को संरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है तभी कल हमारा भविष्य सुरक्षित होगा।

कार्यक्रम का समापन मिष्ठान वितरण के साथ किया गया।

# आर एस कान्वेंट स्कूल बाराचवंर में गणतंत्र दिवस समारोह देशभक्ति उत्साह के माहौल में धुमधाम से मना

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर-जनपद के बाराचंवर विकास खण्ड स्थित आर एस कान्वेंट स्कूल में 77 वां गणतंत्र



दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान पूरा स्कूल परिसर देशभक्ति, उत्साह और गर्व के माहौल से सराबोर नजर आया। नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर शानदार नृत्य और प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। यह आयोजन सभी के लिए एक यादगार अनुभव बन गया।

कार्यक्रम में नर्सरी कक्षा के नन्हे-मुन्ने बच्चे आकर्षक का केन्द्र रहे, जिन्होंने अपनी मासूमियत और तालमेल भरे डांस स्टेप्स से दर्शकों का दिल जीत लिया। बच्चों की शानदार प्रस्तुति के पीछे उनके शिक्षकों की कड़ी मेहनत रही। बच्चों ने मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन कर सभी की तालियां बटोरीं। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थापक/ अध्यक्ष भीष्मदेव सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ ही बच्चों को संदेश दिया। कहा कि 26 जनवरी 1950 के दिन से, हम अपने गणतन्त्र को, संवैधानिक आदर्शों की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं।

स्कूल के प्रबंधक यशवन्त सिंह ने माँ सरस्वती जी एवं मां भारती के चित्र पर दीप प्रजज्वलित कर तथा पुष्पांजली अर्पित कर सास्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। तत्पश्चात उन्होने कहा कि गणतन्त्र दिवस का पावन पर्व हमारे अतीत, वर्तमान और भविष्य में देश की दशा और दिशा का अवलोकन करने का अवसर होता है। इसी दिन हम अपनी राष्ट्रीय नियति के निमार्ता बने। हमारे संविधान में निहित न्याय, स्वतन्त्रता, समता और बंधुता के आदर्श गणतन्त्र को परिभाषित करते हैं।कोआर्डिनेटर आनन्द तिवारी ने कार्यक्रम ने सास्कृतिक कार्यक्रम का संचालन शेरोशायरी के माध्यम से करते हुए छात्र-छात्राओं को संविधान के प्रति शपथ दिलवाया।इस अवसर पर वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता एवं सास्कृतिक कार्यक्रमो मे भाग लिए छात्र-छात्राओं मे मेडल ट्राफी का वितरण हुआ।मेडल ट्राफी पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर उत्साह देखने को मिला।इस दौरान स्कूल के संरक्षक परमहंस सिंह,मुकेश बाबा, जुनेद आलम,महेन्द्र सिंह,रामाकांत यादव,गौतम प्रजापति,अवनीश राय, विश्वजीत सिंह,जयप्रकाश भारती, हृदयनारायण,पियुष ठाकुर, लल्लन यादव,अखिलेश कुमार, सुमन सिंह कुशबाहा,अंजली जायसवाल, श्वेता ठाकुर,अनामिका सिंह, सिम्पल राय,लक्ष्मी सिंह, सुप्रिया,बलवन्त सिंह,अभिषेक सिंह राहूल सहित स्कूल के सभी कर्मचारी स्टाफ मौजूद रहा।




# सत्यदेव डिग्री कॉलेज गाजीपुर में मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

सत्यदेव डिग्री कॉलेजेज गाजीपुर में



संस्था की प्रबंधक एवं सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेज की संरक्षक श्रीमती सावित्री सिंह के द्वारा ध्वजारोहण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंध निदेशक डॉ सानंद सिंह की उपस्थिति में ध्वजारोहण सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में श्रीमती सावित्री सिंह व डॉ सानंद सिंह ने ध्वजारोहण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।तत्पश्चात भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि के बाद एन सी सी के छात्रों ने झंडे को सलामी दी।

कार्यक्रम में छात्रों के द्वारा एक रैली भी निकाली गई, इसमें भारत माता की जय घोष से पूरा सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेज परिसर एवं बोरसिया गांव गुंजायमान हो गया।



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ तेज प्रताप सिंह प्राचार्य सत्यदेव कॉलेज आफ फामेर्सी, राजकुमार त्यागी प्राचार्य सत्यदेव नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज, इं. सुनील यादव प्रधानाचार्य सत्यदेव प्राइवेट आईटीआई, सत्यदेव डिग्री कॉलेज के सभी शिक्षक उपस्थित रहे ।

अंत में संस्था के निदेशक अमित रधुवंशी एवं संस्था के प्राचार्य डॉ सुनील सिंह जी ने आये हुए सभी अतिथियों व छात्रों का आभार व्यक्त कियोकार्यक्रम का समापन एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की गई।।मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न किया गया

# वंदे मातरम' एक ऐसा मंत्र है जिससे आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत जैसी सिद्धियां प्राप्त होती हैं-प्रो०सानंद सिंह

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

जनपद गाजीपुर का सुप्रसिद्ध शिक्षण संस्थान एवं सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस की सर्वोत्तम ईकाई सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में भारत के 77वें गणतंत्र दिवस को उत्साह और



देशभक्ति से सराबोर उत्कृष्ट कार्यक्रमों का आयोजन करके मनाया गया।

इस शानदार कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस की मुख्य ट्रस्टी श्रीमती सावित्री सिंह थीं ।, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर सानंद सिंह तथा सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल की प्रबंधक डॉक्टर प्रीति सिंह रही । कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती और मां भारती के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण करने के बाद मुख्य अतिथि श्रीमती सावित्री सिंह प्रोफेसर सानंद सिंह डॉक्टर प्रीति सिंह ,दिग्विजय उपाध्याय, अमित रघुवंशी, प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी एवं सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेज के सभी संस्थाओं के प्राचार्य गण ने राष्ट्रीय ध्वज को फहराकर कार्यक्रम का श्री गणेश किया। राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति के पश्चात विद्यार्थियों की स्कॉटिंग टीम, चारों हाउस के परेड टीम और एनसीसी टीम के द्वारा भारतीय तिरंगे को सलामी दिया गया। तत्पश्चात सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत करने के पश्चात देशभक्ति गीत , संगीत और नृत्य का मनमोहक प्रदर्शन किया। । उक्त अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ सानन्द सिंह ने अपने उद्बोधन में देश प्रेम तथा गणतंत्र भारत में विकसित समाज तथा संविधान लागू होने के बाद के आसान समय के बारे में छात्रों को बताया। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए प्रधानमंत्री का संकल्प विकसित भारत 2047 को साकार करने का संकल्प विद्यार्थियों को दिए । उन्होंने बताया कि वंदे मातरम भारत की आजादी को प्राप्त करने में उसका मजबूत मार्ग प्रशस्त किया था यहां तक की बंदे मातरम एक ऐसा मंत्र है जिससे आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की सिद्धियां प्राप्त होती हैं।सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य एवं सभी शिक्षक गण की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य से विद्यालय का नीव रखा गया वह उद्देश्य की पूर्ति विद्यार्थियों में दिख रही है। वह दिन दूर नहीं की सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों के कंधों पर पूरे देश की जिम्मेदारी होगी । साथ ही सभी बच्चों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। उसके बाद इंटर हाउस कंपटीशन सत्र 2025-26के जितने भी विजेता प्रतिभागी थे उन्हें मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। सरदार पटेल हाउस (ग्रीन हाउस ) को सत्र 2025- 26 का चैंपियन हाउस घोषित किया गया। सरदार पटेल हाउस के हाउस मास्टर गुरू चरण चौधरी और हाउस मिस्ट्रेस जूही कन्नौजिया रही । वहीं दूसरे पायदान






पर विवेकानंद हाउस रहा। सीसीए हेड श्रेया सिंह, कक्षा 7वीं से चंदनू तिवारी , अनुष्का यादव,कक्षा 5वीं से आयत खान और कक्षा दूसरी से प्रियांशी चौरसिया का शानदार मंच संचालन पूरे कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रहा। सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस की निदेशक डॉक्टर प्रीति सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि हर वह व्यक्ति देश प्रेमी है चाहे वह छात्र-छात्राएं , चाहे वह किसी प्रकार का कर्मचारी हो, जो भी अपने देश के लिए कार्य करें वह देशभक्त है और हम सबको उनका सम्मान और आदर करना चाहिए।अंत में सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने अपने विचार व्यक्त कीये । उन्होंने 2026 का गणतंत्र दिवस थीम वंदे मातरम को बताते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय गीत अनेकता में एकता का प्रतीक है। तथा साथ ही उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों के भाव तथा राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को सम्बोधित करते हुए एक नये भारत अर्थात विकसित भारत के परिकल्पना को साझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान में वर्णित सभी कानून का पालन करने का संदेश देते हुए कहा कि वह भी एक प्रकार का संविधान का आदर ही है और संविधान के प्रति प्रेम ही दिखाता है। अतः एक अच्छे नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने भारतीय संविधान का सम्मान सर्वदा करें । अंत में उन्होंने मुख्य अतिथि श्रीमती सावित्री सिंह अति विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर सानन्द सिंह , विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित संस्थाओं के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय, रेजिडेंट डायरेक्टर अमित रघुवंशी, फामेर्सी के प्राचार्य तेज प्रताप सिंह, सत्यदेव डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सुनील सिंह, पैरामेडिकल के प्राचार्य राजकुमार त्यागी,नवनीत वर्मा समेत सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी गण का सफल कार्यक्रम का सहभागी होने का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

इस अनूठा अवसर पर उप प्रधानाचार्य आवेश कुमार, कोऑर्डिनेटर अमित सिंह, सीसीए कोऑर्डिनेटर श्रेया सिंह, एग्जाम हेड अवनीश राय, अंकित मिश्रा भोली त्रिपाठी श्वेता पांडे जानकी गुप्ता, अर्चना पांडे, पूजा राय, प्रियंका राय ऋतंभरा, इंदुकला, अंकिता राय, समेत सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण मौजूद रहे।


# सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल, सागापाली में 77वें गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल, सागापाली में 26 जनवरी 2026 को भारत का 77वाँ गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्ष, उल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंगों से सराबोर दिखाई दिया। तिरंगे की शान में फहराहट, देशभक्ति गीतों की गूंज तथा विद्यार्थियों की मनमोहक एवं जोशीली प्रस्तुतियों ने समूचे वातावरण को ऊर्जा, गर्व और राष्ट्रप्रेम से भर दिया।

इस गरिमामय अवसर पर सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रबंध निदेशक डॉ. आनंद सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों से अभिभूत होकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की तथा कहा कि प्रत्येक प्रस्तुति अद्वितीय, अनुशासित और अत्यंत सराहनीय थी। अपने प्रेरणादायक एवं ऊर्जावान संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अपने संबोधन में डॉ. सिंह ने बच्चों को बताया कि 26 जनवरी के दिन ही भारत का संविधान लागू हुआ था, जिसके माध्यम से समाज के सुव्यवस्थित संचालन एवं विकास हेतु नियम-कानून निर्धारित किए गए। उन्होंने कहा कि तिरंगा भारत का अभिमान है—जहाँ-जहाँ तिरंगा है, वहाँ-वहाँ भारत जीवित है। उन्होंने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस और संविधान के महत्व को और गहराई से समझने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. सिंह ने यह भी कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ग्रामीण अंचल के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस क्षेत्र के बच्चे उन सभी सपनों को साकार करेंगे, जिन्हें यहाँ के लोग देखते हैं।

उन्होंने विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सुमन सिंह, प्रधानाचार्य ए. एन. उपाध्याय एवं सीसीए समिति को इस भव्य आयोजन के सफल संचालन हेतु हार्दिक धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश सिंह, रविंद्र प्रताप सिंह एवं प्रमोद सिंह का सान्निध्य एवं आशीर्वाद विद्यालय को प्राप्त हुआ। विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सुमन सिंह जी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संविधान राष्ट्र की रीढ़ की हड्डी है, जो हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, शिक्षा तथा समानता का अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ एवं बधाई दी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ए. एन. उपाध्याय ने उपस्थित सभी सम्मानित अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा बच्चों को 26 जनवरी के ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया। अंत में उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के मुख्य प्रबंध निदेशक प्रो. सानंद सिंह जी, जो अपने व्यस्त कार्यक्रम के कारण समारोह में उपस्थित नहीं हो सके, उन्होंने भी सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

पूरे कार्यक्रम की भव्यता, अनुशासन एवं सृजनशीलता ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं दर्शकों को अत्यंत प्रभावित किया। अंत में भारत माता की जय के जयघोष एवं तिरंगे को सलामी के साथ इस ऐतिहासिक दिवस को स्मरणीय बना दिया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण–विश्वजीत स्वाइन, वंदना सिंह, प्रतिमा, प्रियंका गुप्ता, विद्या सिंह, रितू सिंह, आकांक्षा पाण्डेय, श्रेयांशु शर्मा, आकाश गुप्ता, अंजली गुप्ता, प्रतिभा, शिफा तनवीर, किरण यादव, सुप्रिया सिंह, लक्ष्मी यादव, सुमैया जमाल, प्रशांत चौबे, श्रीकांत यादव, रुपाली सिंह, नूतन कुमारी, स्वामीनाथ ठाकुर, प्रवीण तिवारी, अमृतेश पाण्डेय सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।






# हमें अशिक्षा, रूढ़ीवाद, जातिवाद, बेरोजगारी, बिकास के हर क्षेत्र में आजादी मिलनी चाहिए -प्रो०आनंद सिंह

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

डॉ राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज अध्यात्मपुरम गाजीपुर में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस गाजीपुर से मुख्य प्रबंध निदेशक प्रोफेसर आनंद सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि भारतीय संविधान निमार्ता ने हमको संप्रभुतासंपन्न संविधान प्रदान किया है। जिसका तात्पर्य हम बाह्य एवं आंतरिक दबाव से मुक्त रहते हुए स्वतंत्र रूप से अपना उत्कृष्ट विकास कर सकते है।

महान बलिदान के पश्चात हम अंग्रेजों की गुलामी से तो आजाद हो गए। लेकिन हमें प्रत्येक क्षेत्र में आजाद होना चाहिए। हमें अशिक्षा से आजादी मिलनी चाहिए। समाज में व्याप्त रूढ़िवाद,जातिवाद से आजादी मिली चाहिए। बेरोजगारी से आजादी मिलनी चाहिए। विकास के प्रत्येक क्षेत्र में आजादी मिलनी चाहिए जिससे हम अपने संविधान के राष्ट्रीय चरित्र अनुरूप भारत के विकास में भागीदार बन सके। इसके लिए आपको वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सतत चिंतन एवं जागृत रहना चाहिए





तब जाकर हम समर्थ, सशक्त, आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत का निर्माण कर सकेंगे। इससे पूर्व आईटीआई सागापाली मे भी ध्वजारोहण कार्यक्रम किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजेन्द्र कुमार सिंह ने सभी छात्र- छात्राओं को गणतंत्र दिवस की शुभकामना दिया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार सिंह एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# आपसी भाईचारा और एकता से ही देश आगे बढ़ेगा-डा०मसूद

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण



गाजीपुर जनपद के ताजपुर स्थित ताज पब्लिक स्कूल में बच्चों द्वारा देश भक्ति और सामाजिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर रियाजुद्दीन अंसारी ने संविधान की विस्तृत जानकारी देते हुए बच्चों को मूल अधिकार के अलावा अपने कर्तव्यों का पालन करने को कहा। विद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर मसूद अहमद ने बच्चों द्वारा कार्यक्रम में प्रस्तुत की गई सोशल मीडिया और स्किट और देश भक्ति देश भक्ति से जुड़ी दांडी मार्च के अलावा अन्य रंगा रंग कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि अगर हमें भारतवर्ष को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाना है तो अपने नागरिक भावना और कर्तव्य के प्रति कटिबद्ध रहना होगा और समाज में सभी को बराबरी का अधिकार मिले यह सुनिश्चित करना होगा। एकता अखंडता को कायम रखते हुए किसी भी बाहरी ताकत से लड़ने की क्षमता रखना होगा। आपसी भाईचारा और एकता से ही देश आगे बढ़ेगा। अंत में उन्होंने गणतंत्र दिवस के साथ सभी प्रतिभागियों को भी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# बलिदानियों, क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता सेनानियों को दिल में बसाकर देशभक्ति का जज्बा बनाये रखें

## *शान से तिरंगा लहराकर बच्चों ने किया सराहनीय विविध प्रस्तुति, मिला सम्मान।

समाज जागरण अनिल कुमार



हरहुआ वाराणसी । स्थानीय राजेश्वरी बालिका इंटर कॉलेज व एस0 आर0 कॉन्वेंट इंग्लिश स्कूल में 77वा गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक कौशलेंद्र नारायण सिंह ने झंडा फहराया बच्चों ने पुष्पवर्षा किया।

उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारी राष्ट्रीय सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण दिन है ' बलिदानियों, क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता सेनानियों को दिल में बसाने की आवश्यकता है ' उन्होंने छात्रों द्वारा किए गए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रशंसा कर बधाई दी'

उक्त अवसर पर डॉ0 सीमा राय, डॉ0सर्वदेव सिंह, संतोष विश्वकर्मा, कुलदीप सिंह ने विचार व्यक्त किया ' कार्यक्रम का संचालन रचना दुबे और अशोक सिंह ने किया '

# संस्कार भारती महानगर द्वारा भारत माता पूजन व महाआरती एवं हिंदू सम्मेलन का किया आयोजन

समाज जागरण



फिरोजाबाद- संस्कार भारती महानगर फिरोजाबाद द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर परंपरागत भारत माता पूजन एवं महाआरती का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा के उप सभापति एवं नगर विधायक मनीष असीजा रहे भारत माता की प्रतिमा पर दीप्रज्वलन नगर निगम की महापौर श्रीमती कामिनी राठौर ने किया संपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख उद्योगपति श्री देवीचरण अग्रवाल ने की । कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने सहित बड़े कलाकारों द्वारा देश भक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई जिन्हें देखकर कार्यक्रम में मौजूद लोग गद गद हो गए और तालिया बजाकर कलाकारों का खूब अभिवादन किया
मुख्य वक्ता के रूप पहुंचे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक चंद्र नगर ने हिन्दू सम्मेलन के माध्यम से हिंदुओं को अपने अन्दर परिवर्तन लाने की बात कही , यह भी बताया कि कि प्रत्येक हिंदू को पंचशील के पथ पर चलते हुए अपने जीवन में बदलाव लाने की आवश्यकता है । कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि नगर विधायक मनीष असीजा द्वारा भारत माता की आरती कर विधिविधान के साथ पूजन किया गया और संस्कार भारती परिवार के द्वारा दीपक लेकर महाआरती का आयोजन भी किया गया । इस कार्यक्रम के संयोजक संस्कार भारती ब्रजप्रांत के कार्यकारणी सदस्य धर्मेन्द्र कुमार सिंह व मयंक सारस्वत रहे । इस मौके पर संस्कार भारती ब्रजप्रांत के संरक्षक शैलेश कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष उद्देश्य तिवारी , मंत्री शिवकांत पलिया , संस्कार भारती महानगर अध्यक्ष दयाशंकर गुप्ता , कौषाध्यक्ष रविन्द्र बसंल , महामंत्री प्रवीण अग्रवाल , जिला प्रभारी रमेश बंसल , संरक्षक प्रवीण अग्रवाल सेवा सदन , अनुग्रह गोपाल अग्रवाल , दीपक गुप्ता उर्फ कालू, उमेश गुप्ता , सोनम सेठ , दिनेश प्रताप सिंह , ब्रजेश यादव , उपस्थित है।

# 77वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर आजाद मैदान कनकहा में खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता




मोहनलालगंज लखनऊ में ए;एस डिफेंस एकेडमी द्वारा खेल कूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़ कर अलग अलग शहरों से आकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग लिया जिसमे प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख मोहनलालगंज ओम प्रकाश शुक्ल बिंदेश्वरी विकास कुमार सिंह उपनिदेशक मय भारत लखनऊ व सुशील कुमार रावत एडवोकेट ने युवाओं का उत्साह वरदन किया इस खेल कूद प्रतियोगिता में कई विधाओं का आयोजन किया गया जैसे 1600 मीटर, 800 मीटर, 100 मीटर, लंबीकूद एवं अंडर 14 वर्ग में 200 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया।1600 मीटर में प्रथम पुरस्कार साइकिल जतिन बकतौरी खेड़ा ने अपने नाम किया वही द्वितीय स्थान अनुज पटेल 1700 रुपए एवं तृतीय स्थान अमन सिंह ने 1500 रुपए प्राप्त किया। 800 मीटर प्रथम शिवा द्वितीय जतिन तृतीय सौरभ। 400 मीटर (बालिका) प्रथम स्थान पर तनप्रीत कौर द्वितीय मानसी तृतीय बबली रही। लंबी कूद में प्रथम स्थान कुलदीप द्वितीय रोशन तृतीय शुभम ने प्राप्त कियासभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं नगद राशि पुरस्कार के रूप में देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में अजीत कुमार (पूर्वसैनिक), योगेंद्र प्रताप रावत (कुश्ती कोच), प्रभा शंकर (एथलीट कोच), अनिल यादव (नेशनल एथलीट), सौरभ सर एवं आंशिक यादव (अध्यक्ष महिला मंगल दल) उपस्थित रहें।

# मोहनलालगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो शातिर गैंगस्टरों की 6 लाख से अधिक की संपत्ति कुर्क

विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता



मोहनलालगंज पुलिस टीम द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर गैंगस्टरों की अपराध से अर्जित की गई छह लाख से अधिक रुपये की संपत्ति को कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्ति में एक मारुति सुजुकी डिजायर कार तथा एक ई-रिक्शा शामिल है। यह कार्यवाही मोहनलालगंज एसीपी विकास पांडे के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।मोहनलालगंज पुलिस के अनुसार थाने पर आरोपियों के खिलाफ पंजीकृत उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत आरोपी दीपक यादव उर्फ रजित यादव पुत्र बद्री यादव उर्फ योगेश यादव, निवासी रहीमाबाद, थाना बिजनौर, जनपद लखनऊ, दूसरे विमल पुत्र राकेश, निवासी ग्राम कुरौनी, थाना बंथरा, जनपद लखनऊ के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।जांच में सामने आया कि आरोपियों द्वारा संगठित आपराधिक गिरोह बनाकर लूट, चोरी एवं अन्य संगीन अपराधों के माध्यम से अवैध रूप से धन अर्जित किया जा रहा था। इसी अपराध से अर्जित धन से खरीदी गई संपत्तियों को गैंगस्टर एक्ट के तहत विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए कुर्क किया गया। कुर्क की गई संपत्ति एक मारुति सुजुकी डिजायर कार, कीमत लगभग साढ़े पांच लाख और एक ई-रिक्शा, कीमत लगभग पचहत्तर हजार है। कुल छह लाख से अधिक की सम्पत्ति कुर्क की गई है।
वही मोहनलालगंज पुलिस ने इस कार्रवाई के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया है कि संगठित अपराधियों एवं गैंग लीडरों के विरुद्ध केवल गिरफ्तारी ही नहीं, बल्कि अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में भी अपराधियों पर इसी प्रकार प्रभावी अंकुश लगाया जाता रहेगा।

# हरहुआ ग्रामीण क्षेत्रो में 77 वॉ गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनी

समाज जागरण अनिल कुमार




हरहुआ वाराणसी। हरहुआ क्षेत्र में 77 वा गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया।
हरहुआ विकास खण्ड में स्थित सरकारी कार्यालयों, गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों,निजी विद्यालयों ,प्रतिष्ठानों व महाविद्यालयों में झण्डा फहराकर 77 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया।

ब्लॉक कार्यालय पर बीडीओ बद्री प्रसाद वर्मा ,पीएचसी हरहुआ पर प्रभारी डा०मनोज कुमार ,बाल विकास कार्यालय पर सीडीपीओ दिलीप केशरी ,पशुचिकित्सालय पर डा०आशीष वर्मा, सीएचसी पुआरी कला डॉ0 रामाशीष,पुलिस चौकी हरहुआ पर प्रभारी विवेकानन्द द्विवेदी, रामेश्वर चौकी प्रभारी आदित्य सेन सिंह ने पुलिस बल के साथ झण्डा फहराया।सरकारी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया।निजी शिक्षण संस्थानों, महाविद्यालयों में भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। हरहुआ बाजार से चौराहा तक परम्परागत रूप से तिरंगा यात्रा निकाली गई।रामेश्वर-हरहुआ के प्रतिष्ठानों पर भी लहराया गया।

हरहुआ में राजेश्वरी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, एस0 आर0 प्लेटिनम इंग्लिश स्कूल, वी0एस0वी0 इंटर कालेज वार, शमीर्ला इंटर कालेज व माँ शारदा देवी महिला महाविद्यालय कैथोलि में धूमधाम से तिरंगा लहराने के बाद बच्चों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। चक्का ग्राम पंचायत में स्थित शहीद स्मारक पर तिलकधारी यादव के मूर्ति पर माल्यार्पण व तिरंगा फहराने का कार्य जिलामहामंत्री प्रधान चक्का मधुवन यादव, प्रधान प्रतिनिधि करोमा भगत यादव, राजनारायण पटेल, राजनाथ यादव ,बांकेलाल कन्नौजिया,प्रधान अनौरा दीपक चौहान, प्रधान आशीष राजभर ,रिटायर्ड कमांडर सतीश यादव, नन्दलाल यादव,तेज यादव समेत अन्य लोगों ने पुष्प अर्पित किया।

# राज्यपाल ने गोंड आदिवासी विनोद कुमार मरावी को किया सम्मानित, आदिवासी समाज में खुशी की लहर

समाज जागरण अनिल कुमार




हरहुआ वाराणसी। गणतंत्र दिवस पर गौरवपूर्ण सम्मान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा राजभवन लखनऊ , उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक की गरिमामय उपस्थिति में गोंड आदिवासी विनोद कुमार मरावी को सम्मान प्रदान किया गया।

यह सम्मान जनजातीय शोध एवम विकास संस्थान के उद्देश्यों को विगत 25 वर्ष से गोंड समुदाय की रीति-रिवाज, परंपरागत शिल्पकला सहितक्षेत्र में उत्कृष्ट उल्लेखनीय योगदान व देश के सभी राज्यों में बनारस की गोंड संस्कृति और कला को प्रचार-प्रसार कर उसे बढ़ावा देकर जनमानस को आदिम गोंड समुदाय के प्रति जागरूक किया ।

इस अवसर पर जनजातीय शोध एवम विकास संस्थान उत्तर प्रदेश परिवार की ओर से मरावी को ढ़ेर सारी बधाई और शुभकामनाओं दी।

विनोद कुमार मरावी निवासी गनेशपुर, वार्ड-14, शिवपुर जो गोंड आदिवासी जनजाति समाज के जाने माने शिल्पकार है। इन्होनें अपने युवा साथियों के साथ मिल कर सन 1990 में 10 लोगों के समूह बनाया। जो गोंड समाज की विलुप्त हो रही गोंडी नृत्य-गीत को संरक्षण के कड़ी में अपने समूह के साथ गायन बाजन एवं नृत्य का कार्य करना प्रारम्भ किया। जिसे अनेक त्योहार पर्व, शादी विवाह, बड़ादेव पूजा-पाठ, कुल देवी पूजा-पाठ एवं अतिथियों के स्वागत अवसरों पर किया करते रहे। बदलते परिवेश एवं समय के साथ इन्होंने जिविकोपार्जन हेतु अनेक कार्य किया। जिसमें मजदूरी, हैण्डलूम, पावरलूम, सिलाई कार्य, साड़ी रंगाई आदि कार्य किया। वर्तमान में अपने परिवार के जिविका हेतु पावरलूम साड़ी की बुनाई एवं गोंडी नृत्य-गीत का कार्य कर क्षेत्र, जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बनारस की गोंडी नृत्य का प्रचार-प्रसार किया। गोंड समुदाय का नाम रोशन करते हुए, गोंडी नृत्य को प्रदेश स्तर ही नही जी-20 अर्न्तराष्ट्रीय सम्मेलन में भी जिला प्रशासन वाराणसी के सहयोग से मनमोहक प्रस्तुति प्राचीन विश्वविख्यात स्थल सारनाथ, वाराणसी में भी किया और जनजाति भागीदारी उत्सव लखनऊ में वर्ष 2021 से 2025 तक करमा एवं गोंडी नृत्य की प्रस्तुति किया गया।

# समाजसेवी लोधी देवेंद्र सिंह ने श्रीमद् भागवत कथा में लिया आशीर्वाद, भक्ति और सेवा का दिया

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह



फिरोजाबाद! जसरान क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी एवं लक्की ट्रस्ट (अतुर्रा) के अध्यक्ष लोधी देवेंद्र सिंह ने आज ग्राम बझेरा बुजुर्ग में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर सम्मिलित होकर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया।
कथा पांडाल में पहुँचने पर आयोजकों और स्थानीय ग्रामीणों ने देवेंद्र सिंह का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने व्यासपीठ का पूजन कर क्षेत्र की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की।

**भक्ति ही जीवन का आधार:**
श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए समाजसेवी देवेंद्र सिंह ने कहा कि भागवत कथा केवल श्रवण मात्र नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की कला सिखाती है। उन्होंने कहा, "आज के भागदौड़ भरे जीवन में मानसिक शांति के लिए प्रभु की भक्ति और सत्संग अति आवश्यक है। भागवत कथा हमें अधर्म के मार्ग को छोड़कर सत्य और प्रेम के पथ पर चलने की प्रेरणा देती है।"

**सेवा और संस्कार का संगम**
लक्की ट्रस्ट के माध्यम से लगातार सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने वाले देवेंद्र सिंह ने युवाओं से अपनी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी भक्ति है और लक्की ट्रस्ट हमेशा असहायों की मदद के लिए तत्पर रहता है।
इस अवसर पर उनके साथ दिनेश लोधी जी मुकेश लोधी जी सत्यप्रकाश लोधी जी अनिल कुमार लोधी एवं सचिन कुमार सहित भारी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कथा के समापन पर उन्होंने आरती में भाग लिया और भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया।

# यूजीसी के नए नियमों के विरोध में सड़कों पर उतरे सवर्ण संगठन....

विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता




मोहनलालगंज, लखनऊ।यूजीसी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा लागू किए गए नए नियमों को लेकर विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। अब इस मुद्दे पर सामान्य वर्ग के संगठनों के साथ-साथ छात्र संगठनों ने भी खुलकर विरोध शुरू कर दिया है। संगठनों का आरोप है कि नए नियमों से शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव बढ़ेगा और कॉलेज-यूनिवर्सिटी का शैक्षणिक माहौल प्रभावित होगा।
इसी क्रम में मंगलवार को श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू के नेतृत्व में हजारों की संख्या में करणी सैनिकों ने लखनऊ के हजरतगंज स्थित परिवर्तन चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने परिवर्तन चौक से पैदल मार्च निकालते हुए यूजीसी एक्ट को ह्काला कानून्ह बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई और केंद्र सरकार से नियमों में संशोधन की मांग उठाई गई।
करणी सेना की ओर से भारत सरकार एवं माननीय प्रधानमंत्री को संबोधित मांग पत्र में कहा गया कि यूजीसी द्वारा लागू किया गया नया एक्ट सामान्य वर्ग के हितों के खिलाफ है। संगठन का आरोप है कि इस कानून के कारण सामान्य वर्ग में आक्रोश बढ़ रहा है, जिससे शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है और अपराध बढ़ने की भी आशंका है। संगठन ने प्रधानमंत्री से अपील की कि सवर्ण समाज के हित में यूजीसी एक्ट को वापस लिया जाए या इसमें आवश्यक संशोधन कर राहत प्रदान की जाए।
प्रदर्शन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने कहा कि नए नियमों के चलते सामान्य वर्ग के छात्रों को स्वाभाविक अपराधीह्व की तरह देखा जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है। इससे शिक्षा संस्थानों में आपसी सौहार्द बिगड़ने और अराजक स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश संगठन मंत्री विकास सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह परिहार, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विनीत सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट दुर्गेश सिंह, जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सभा लखनऊ एडवोकेट अवधेश प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष लखनऊ संदीप सिंह, जिलाध्यक्ष युवा अमर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, मुरारी सिंह, रवि सिंह, अप्पू पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।
गौरतलब है कि यूजीसी ने 13 जनवरी 2026 को अपने नए नियम प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशंस, 2026 को नोटिफाई किया है। इसके तहत कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में जाति आधारित भेदभाव रोकने के लिए विशेष समितियां, हेल्पलाइन और मॉनिटरिंग टीमें गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। ये टीमें विशेष रूप से SC, ST और OBC वर्ग के छात्रों की शिकायतों की निगरानी करेंगी। सरकार का कहना है कि यह कदम उच्च शिक्षा संस्थानों में निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।
हालांकि, जनरल कैटेगरी के छात्रों और संगठनों का कहना है कि यह नियम उनके खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा देगा और कैंपस का वातावरण खराब कर सकता है। इसी को लेकर प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

# शहीद कृष्ण चंद तिवारी को समाजसेवियों ने दी श्रध्दांजलि

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। रामेश्वर तीर्थ धाम निवासी शहीद कृष्णचंद तिवारी के 20वी पुण्य तिथि पर क्षेत्र के पूर्व सैनिकों ,जनप्रतिनिधियों व परिजनों ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए उनके राष्ट्र भक्ति व बलिदान को याद किया गया।





कृष्णचंद तिवारी 2991911 नायक राजपूत रेजिमेंट में 25 फरवरी 92 को भर्ती हुए थे।15 वर्ष तक देश की सेवा करते हुए गत 27 जनवरी को राजौरी क्षेत्र (जम्मू कश्मीर) के इखनी पोस्ट पर तैनात थे। लश्करे तोइबा और जैश- ए- मोहम्मद आतंकियो के साथ सुबह 5 बजे भोर में उनके मंसूबो को नाकाम करते हुए सीने पर 3 गोलियां खाकर शहीद हो गए थे। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद के घर लोगो का जमावड़ा शाम को लग गया। पत्नी संध्या तिवारी,इकलौता पुत्र विकास तिवारी पुत्री कुमुद ,रितिका बड़े भाई रामजी तिवारी भाभी श्री मति राजदेवी ,बड़ी भाभी मनता देवी,भतीजे त्रिभुवन व संजय तिवारी, उज्ज्वल व दिग्यम तिवारी ने अश्रुपूरित नेत्रों से शहीद को माल्यार्पण कर टीका लगाकर दीप जलाकर आरती उतार कर याद किया।

क्षेत्र के पूर्व सैनिक रविशंकर पांडेय, पूर्व सैनिक योगेंद्र सिंह, डॉ0 आर0 के0 सिंह, त्रिवेणी सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह,आचार्यप0 अन्नू तिवारी, के0 एल0 पथिक, रामगोपाल चौरसिया उपस्थित हो कर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

# देशभक्ति के रंग में तिरंगे की शान और सम्मान कर राष्ट्रहित में दायित्व निभायें

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी गणतंत्र दिवस केवल राष्ट्रीय पर्व ही नहीं बल्कि उस ऐतिहासिक क्षण की याद है जब अपना संविधान लागू कर सम्प्रभु गणराज्य घोषित किया।यहीं वह दिन है जब देश ने यह तय किया कि सत्ता किसी व्यक्ति या वर्ग की नहीं बल्कि जनता की होगी। आज देश मे अनुशासन




,श्रम और नैतिकता की जरूरत है जिसे देश की अगली पीढ़ी पूरा करेगी।
उक्त बातें पांडेयपुर,बेरवां ,हरहुआ स्थित सनबीम स्कूल बाबतपुर में चेयरमैन शिवशक्ति सिंह ने विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण के पश्चात अभिभावकों ,बच्चों व अतिथियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया।
अन्य वक्ताओं ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें याद दिलाता है कि आजादी केवल प्राप्त करना ही नहीं उसे संभालकर रखना भी अपना ही जरूरी है। नागरिक जागरूक,जिम्मेदार और संवेदनशील होंगे तभी गणतंत्र मजबूत होगा।
स्कूल के बच्चों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहनीय प्रस्तुति की। नृत्य, गीत ,एकांकी , हास्य-व्यंग्य नाटक ,भक्ति व राष्ट्रीय गीत,लोककलाओं की बेहतर प्रस्तुत पर अभिभावकों ,दर्शकों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# अमर शहीद राजेन्द्र सिंह तोमर के शहीद स्मारक का हुआ उद्घाटन

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। गणतंत्र दिवस पर ग्राम फरोल नगरिया में भव्य समारोह हुआ। जिसमें अमर शहीद राजेंद्र सिंह के स्मारक का उद्घाटन किया गया।





देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीद राजेन्द्र सिंह तोमर की स्मृति में निर्मित शहीद स्मारक का उद्घाटन अतुल प्रताप सिंह और भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने (गणतंत्र दिवस) पर किया। यह समारोह ग्राम फरोल नगरिया, पोस्ट अहलदादपुर, जनपद फिरोजाबाद में संपन्न हुआ।
शहीद स्मारक के उद्घाटन अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और शहीद के परिजन मुन्नालाल तोमर, जन्मेय तोमर, नरेश तोमर, सुखबीर तोमर, सज्जन सिंह तोमर, पूर्व प्रधान राज बहादुर सिंह, राजपाल सिंह एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के जनप्रतिनिधि बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

# सर्दी से स्वतंत्रता सेनानी और बुजुर्ग समेत कानपुर देहात में अब तक 34 की मौत

समाज जागरण सुनील बाजपेई

कानपुर। लगातार जारी प्रचंड सर्दी का प्रकोप स्वांस के मरीजों, किसानों, बच्चों और बुजुर्गों के लिए जान घातक साबित हो रहा है ,भीषण सर्दी के इस क्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और एक बुजुर्ग की भी मौत हो गई। कुल मिलाकर सर्दी से कानपुर देहात में अब तक 34 लोगों की मौत हो चुकी है। पुलिस ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी का शव पोस्टमार्टम के लिए भी भेजा गया है।
घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के मुताबिक सीने में अचानक तेज दर्द से शिवली कोतवाली क्षेत्र के लालपुर शिवराजपुर में रहने वाले सेनानी पुत्र के अलावा रसूलाबाद थाना क्षेत्र के उसरी गंव में रहने वाले एक बजुर्ग ने दम तोड़ दिया। मौत की इन दोनों घटनाओं को मिलाकर कानपुर देहात जिले में सर्दी लगने व सीने में दर्द से मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है।
पुलिस ने बताया कि रसूलाबाद थाना क्षेत्र के उसरी गांव के रहने वाले वेद प्रकाश गौतम के सीने में अचानक तेज दर्द होने से उनकी हालत बिगड़ गई। परिजन उनको गंभीर हालत में सीएचसी रसूलाबाद ले गए। वहां मौजूद डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर रसूलाबाद सतीश कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिक छानबीन मे हार्ट अटैक से घटना होने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई होगी।
इसी तरह से शिवली कोतवाली क्षेत्र के लालपुर शिवराजपुर गांव में गांधी चबूतरे पर आयोजित गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित सामारोह में अपने संबोधन के बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पिता स्व. गोकुल प्रसाद चौरसिया को श्रंद्धांजलि अर्पित करते समय उनके पुत्र रामसेवक चौरसिया अचानक गश खाकर गिर गए। परिजन उनको गंभीर हालत में अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। शव वापस आते ही उनके घर में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे एसडीएम राज कुमार पांडेयव चौकी प्रभारी मैथ नरेंद्र सिंह ने उनको पुष्पांजलि दी। इसक बाद परिजनों ने बिठूर में उनके शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# श्रद्धा और भावनाओं के साथ मां सरस्वती को दी गई विदाई

**पंकज कुमार पाठक, दैनिक समाज जागरण**

पदमाः प्रखंड में विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं के साथ किया गया। स्टूडेंट क्लब करर के तत्वावधान में बराकर नदी एवं केवटा घाट के समीप छात्र-छात्राओं, करर गांव के नवयुवकों और ग्रामीणों ने मां शारदे की प्रतिमा का विधिवत विसर्जन किया।



इस अवसर पर स्टूडेंट क्लब करर के सदस्य सन्तु कुमार, प्रकाश कुमार, रूपेश यादव, परशुराम कुमार, प्रकाश पासवान, शिशुपाल राणा, जयकांत पासवान, रोहित राणा, सुनील मेहता, विशाल कुमार, सुधीर कुमार, अजीत कुमार, वीरेंद्र मेहता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन तालाब घाट में किया गया। घाटों तक प्रतिमा ले जाने के दौरान श्रद्धालुओं की भावनाएं उमड़ पड़ीं। युवक-युवतियां डीजे की धुन पर नाचते-गाते आगे बढ़े, जबकि कई श्रद्धालुओं ने अबीर-गुलाल उड़ाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार मंत्रोच्चार के साथ मां की प्रतिमा को जल में अर्पित किया गया। विसर्जन के समय छात्र-छात्राओं की आंखें नम थीं, लेकिन मन में यह विश्वास था कि मां ज्ञान और विद्या का आशीर्वाद देकर अगले वर्ष पुनः लौटेंगी। इस दौरान मां सरस्वती की जय के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

# पटना में डीएसपी को कुचलने की प्रयास में ट्रक चालक गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ में मंगलवार को बालू लदे एक ट्रक के चालक ने पहले बाइक सवार युवक को कुचल दिया और इसके बाद भागने के दौरान दानापुर अनुमंडल के उप पुलिस अधीक्षक की सरकारी गाड़ी में टक्कर मार दी। इस घटना में उप पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र कुमार झा बाल-बाल बच गए। घटना बिहटा थाना क्षेत्र के रेलवे ओवरब्रिज के पास की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को पटना जिले के बिहटा रेलवे ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार बालू लदा ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया और एक बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया।



युवक को कुचलने के बाद ट्रक चालक मौके पर रुकने के बजाय वाहन लेकर फरार होने लगा। घटना की सूचना आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को दी। इसी दौरान दानापुर अनुमंडल के उप पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र कुमार झा अपनी सरकारी गाड़ी से बिहटा की ओर आ रहे थे। सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक को देखकर चालक ने गाड़ी संभालने की कोशिश की, लेकिन ट्रक चालक ने भागने के प्रयास में उप पुलिस अधीक्षक की सरकारी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन सौभाग्य से उप पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र कुमार झा को कोई गंभीर चोट नहीं आई और वे सुरक्षित बच गए। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक ने जानबूझकर रास्ता साफ करने के लिए सरकारी वाहन को निशाना बनाया, जिससे उप पुलिस अधीक्षक को कुचलने की कोशिश जैसी स्थिति बन गई। घटना की जानकारी मिलते ही बिहटा सहित आसपास के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक को पकड़ लिया और बालू लदे ट्रक को जब्त कर लिया। वहीं घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। फिलहाल युवक की पहचान और उसकी स्थिति को लेकर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि ट्रक अवैध रूप से बालू ढो रहा था, जिसके कारण चालक पुलिस को देखकर घबरा गया और भागने की कोशिश में इस तरह की खतरनाक हरकत कर बैठा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ट्रक चालक से पूछताछ की जा रही है और उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया जाएगा।

# पटना पुलिस ने किया तीन अपराधियों को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले की पुलिस ने एक बड़े ऑपरेशन के तहत कुख्यात वांटेड अपराधी को उसके अन्य दो सहयोगियों के साथ धर-दबोचा है। गिरफ्तार अपराधी पटना पुलिस के लिए लंबे अरसे से सिर दर्द बना हुआ था। कानून व्यवस्था को चुनौती देते हुए उसने कई गंभीर अपराधों को अंजाम दिया था। जिसके बाद से पुलिस को उसकी तलाश थी। बिहार एसटीएफ और पटना जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 26 जनवरी 2026 को पटना जिला का वांछित एवं टॉप-10 अपराधी रवि राय उर्फ रविशंकर कुमार समेत उसके 02 सक्रिय अपराधकर्मी दीपक कुमार और जितेंद्र कुमार को धनरूआ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अपराधी कई हत्याकांड और आर्म्स एक्ट के मामलों में लंबे समय से फरार थे। जांच में सामने आया कि ये तीनों अपराधी जेल में बंद अपने गिरोह से लगातार संपर्क में थे और भूमि विवाद व आपसी वर्चस्व को लेकर गोलीबारी व हत्याओं को अंजाम दे रहे थे। रवि राय उर्फ रविशंकर कुमार पर पटना जिले के विभिन्न थानों में हत्या व आर्म्स एक्ट सहित 4 कांड दर्ज हैं। जितेंद्र कुमार पर भी 4 संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। दीपक कुमार पर पटना व नालंदा जिले में हत्या व आर्म्स एक्ट सहित 5 गंभीर कांड दर्ज हैं।

# डिप्टी डायरेक्टर राम प्रसाद पासवान के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर(औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के सोरी गांव में डिप्टी डायरेक्टर (इरिगेशन) राम प्रसाद पासवान के निधन पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में



राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया। कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ललन भुइयां ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राम प्रसाद पासवान एक कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार अधिकारी थे।श्रद्धांजलि कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन सतीश कुमार, चेयरमैन उदय गुप्ता, पूर्व विधायक आनंद शंकर, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर स्वर्गीय पासवान के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# गणतंत्र दिवस पर मीडिया ने प्रशासन को 3-2 से हराया, पदमा में खेल भावना का शानदार प्रदर्शन

**पंकज कुमार पाठक,
दैनिक समाज जागरण**

पदमाः गणतंत्र दिवस के अवसर पर साई सेंटर, पदमा में मीडिया एवं प्रशासन के बीच एक मैत्रीपूर्ण बॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। कुल पाँच राउंड में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। अंततः पत्रकारों की टीम ने प्रशासन की टीम को 3झ्र2 से पराजित कर रोमांचक जीत दर्ज की।

मैच में पत्रकारों की टीम की कमान कप्तान आशीष यादव ने संभाली, जबकि प्रशासनिक टीम का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी निधि रजवार ने किया। प्रशासन की टीम में जैप 7 के समादेष्टा अविनाश कुमार एवं अंचलाधिकारी मोती लाल हेम्ब्रम की भी अहम भूमिका रही,





जिन्होंने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

इस मैत्रीपूर्ण मुकाबले में खेल के नियमों का सटीक पालन सुनिश्चित करने के लिए बतौर रेफरी भूपेंद्र मेहता ने अपनी भूमिका निभाई, कमेंटेटर की भूमिका में सच्चिदानंद पांडेय रहे जिनकी शानदार कमेंट्री ने दर्शकों को खेल के आकर्षण को दोगुना कर दिया।

मैच के समापन पर विजेता मीडिया टीम एवं उपविजेता (सेकंड रनर-अप) प्रशासनिक टीम को जैप-7 के समादेष्टा अविनाश कुमार एवं जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता द्वारा संयुक्त रूप से मेडल पहनाकर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

खेल का आनंद लेने के लिए प्रखंड कर्मी,मीडिया पर्सन एवं बड़ी संख्या में स्थानीय दर्शक उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने आपसी सौहार्द, खेल भावना और सामाजिक समरसता का सुंदर संदेश दिया।

# 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर जदयू युवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद हारुन रशीद ने कार्यकताओं के साथ झंडा तोलन किया

**समाज जागरण**

गोड्डा 26 1 2026 दिन सोमवार को जनता दल यूनाइटेड के युवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद हारुन रशीद ने गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के साथ अपने आवास पर झंडा तोलन किया हारून रशीद ने कहा कि यह गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर ने संविधान का गठन कर आज के ही दिन संविधान को सोपा गया था और इस संविधान के तत्व धिन हम लोगों को आजादी का सांस और सभी वर्ग हिंदू मुस्लिम सिख इसाई की भाईचारा का परिधि परिवर्तित मूल्यांकन का पता चला और आज के दिन गणतंत्र दिवस जो झंडा तोलण किया जाता है जिसे हम लोग झंडा तोलन तोलन



का काम करते हैं यह राष्ट्रीय झंडा मेरे देश की शान है इस झंडा तोलन में महागामा प्रखंड अध्यक्ष निर्मल कुमार दास ने कहा कि समाज का सभी वर्गों के साथ मिलजुल कर चलेंगे जो दुख सुख में साथ परिवर्तित करेंगे झंडा तोलन में उपस्थित युवा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद शमी असलम जिला उपाध्यक्ष इबादत अंसारी बुआरीजोर प्रखंड अध्यक्ष युवा मोहम्मद इब्राहिम अंसारी रंजन शुक्ला मोहम्मद अख्तर अंसारी राम नारायण मोदी चंदन कुमार रविदास मोहम्मद हसन रशीद मोहम्मद शाहनवाज खान मोहम्मद फतेह आलम मोहम्मद सद्दाम हुसैन प्रभु कुमार शर्मा सदानंद शर्मा सुखदेव कुमार स्मृति कुमार सिंह शिवम कुमार आदि सैकड़ो का कार्यकर्ता इस झंडा तोलन में उपस्थित थे

# पटना के पालीगंज में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गणतंत्र दिवस

**समाज जागरण पटना जिला
संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के सभी इलाको में सोमवार को गणतंत्र दिवस का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

जानकारी के अनुसार यह पर्व भारतीय संविधान लागू होने की याद दिलाती है। यह स्वतंत्र भारत की बहुत बड़ी जश्न है जिसे राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया गया। इसको लेकर प्रशासन की ओर से सभी इलाके में चौकसी बढ़ा दी गयी। सभी सरकारी तथा गैर सरकारी भवनों, संस्थानों से लेकर कार्यालयों में संस्थानों के प्रमुखों द्वारा झंडोतोलन किया गया। इसके बाद वक्ताओं द्वारा भारतीय संविधान को याद करते हुए लोगो को सम्बोधित करते हुए आपसी भाईचारे तथा शांति सौहार्द्य बनाए रखने की अपील किया गया। इसी कड़ी में पालीगंज अनुमंडल परिसर में अनुमंडलाधिकारी चंदन कुमार,



एसडीपीओ राजीवचन्द्र सिंह ने झंडोतोलन किया। जबकि पालीगंज अनुमंडल अस्पताल परिसर में उपाधीक्षक आभा कुमार, प्रखण्ड कार्यालय परिसर में प्रमुख अनिशा देवी, पालीगंज नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष बीरेंद्र बैठा ने झंडोतोलन किया। वही दुल्हिन बाजार प्रखण्ड कार्यालय परिसर में प्रमुख रेखा देवी, थाना परिसर में थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने झंडोतोलन किया। पियरपुरा थाना परिसर में थानाध्यक्ष रंजन कुमार, खिरिमोड थाना परिसर में थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार, मेरा पतौना पंचायत भवन पर मुखिया विजय यादव, सेल्हौरि बेलहरी पंचायत भवन पर मुखिया रेखा कुमारी, कल्याणपुर पैपुरा पंचायत भवन पर मुखिया सह पालीगंज मुखिया संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष आनन्द कुमार सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज शर्मा, भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शिवेंद्रधारी सिंह, रवि कुमार, पटना जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष सह बिक्रम विधानसभा प्रभारी बिनोद कुमार पालीगंज विधानसभा संयोजक नारायण कुमार, दुल्हिन बाजार 20 सूत्री उपाध्यक्ष इंद्रजीत कुमार उर्फ सिंधु ने भी अपने अपने आवास व कार्यालयों पर झंडोतोलन किया। उन सभी ने लोगो को बधाई तथा शुभकामनाएं दी।

# पटना जिले के पालीगंज में निजी विद्यालयों की मनमानी

## प्रत्येक वर्ष बदली जा रही हैं महंगी पुस्तके, शिक्षा बिभाग चुप्प

**समाज जागरण पटना जिला
संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज में निजी विद्यालयों की मनमानी से बच्चे तथा अविभावक परेशान है। प्रत्येक वर्ष महंगी पुस्तके बदली जाने के कारण अविभावकों पर आर्थिक दवाव बढ़ गयी है। पुस्तक या तो अपने ही विद्यालयों में उपलब्ध होती है या तो किसी खास दुकानों में। पूरी की पूरी सिस्टम कमीशन के चक्कर मे जुटी है। जबकि शिक्षा बिभाग इसपर कार्यवाई करने के बजाए चुप्पी साधे बैठी है। वही एल के जी की कक्षा की सभी पुस्तको की कीमत एक हजार रुपये से अधिक होती है। मंगलवार को दुकान ढूंढते पहुंचे एक बच्चे की अविभावक ने बताया कि मेरे दो बच्चे एक ही निजी विद्यालय में पढ़ते है। एक पहली कक्षा मे है



तो दूसरा दूसरी कक्षा में पढ़ता है। मुझे उम्मीद थी कि इस वर्ष एक बच्चा के लिए पुस्तक खरीदनी पड़ेगी। लेकिन पुनः सभी कक्षाओं की पुस्तक बदल दी गयी। जिसके कारण अब दोनो के लिए पुस्तके खरीदनी पड़ रही है। सरकारी विद्यालयों में अच्छी पढ़ाई नही होती जिसके कारण बच्चों को निजी विद्यालय में नामांकन कराया था। लेकिन निजी विद्यालय वाले मनमानी कर रहे है। जिसके कारण बच्चों की भविष्य की चिंता से परेशान हूँ। इसपर सरकार की शिक्षा बिभाग ठोस कदम उठाने के बजाए चुप्पी साधे बैठी है। यह हालत किसी एक निजी विद्यालय की नही है बल्कि सभी निजी विद्यालयों का यही हाल है।

# (डाक विभाग और स्टॉक होल्डिंग सर्विसेज लिमिटेड (एसएसएल) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।

**समाज जागरण**

(बाएं से दाएं) श्रीमती राजुल भट्ट, डीडीजी(एफएस), श्रीमती वंदिता कौल, सचिव (डाक), और श्री प्रभात कुमार दुबे, एमडी और सीईओ, स्टॉक होल्डिंग सर्विसेज लिमिटेड

इस सहयोग का मकसद भारतीय डाक की पहुंच और भरोसे का इस्तेमाल करके संगठित और नियमित पूंजी बाजार में नागरिकों की ज्यादा भागीदारी को बढ़ावा देना है। इस समझौते के अंतर्गत, नागरिकों को आधिकारिक प्लेटफॉर्म और चुने हुए डाकघर पर उपलब्ध ऑनबोर्डिंग लिंक और क्यूआर कोड जैसी डिजिटल सुविधाओं के जरिए एसएसएल की सेवाओं तक पहुंचने में मदद मिलेगी। इन सेवाओं में डीमैट और ट्रेडिंग अकाउंट खोलना, म्यूचुअल फंड में निवेश, आईपीओ में हिस्सा लेना और दूसरे मंजूर निवेश उत्पाद शामिल हैं।

इस साझेदारी का एक मुख्य केन्द्र वित्तीय जागरूकता और निवेशक शिक्षा है। एसएसएल, डाक विभाग के सहयोग से, फाइनेंशियल मार्केट में सोच-समझकर भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए निवेशक शिक्षा और फाइनेंशियल साक्षरता कार्यक्रम आयोजित करेगा, खासकर पहली बार निवेश करने वालों और ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों के नागरिकों के बीच।

इस अवसर पर, श्रीमती वंदिता कौल, सचिव (डाक), ने कहा कि यह सहयोग वित्तीय समावेशन के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दिखाता है और विकसित भारत 2047 की कल्पना के साथ मेल खाता है। उन्होंने बताया कि यह पहल भारतीय डाक के बड़े नेटवर्क और हाल के डिजिटल बदलाव का इस्तेमाल करके पूंजीगत बाजार में नागरिकों की व्यापक और सुरक्षित भागीदारी को संभव बनाएगी। श्री प्रभात कुमार दुबे, एमडी और सीईओ, स्टॉक होल्डिंग सर्विसेज लिमिटेड, ने इस पहल के लिए डाक विभाग के साथ जुड़ने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि एसएसएल पूरे देश में पारदर्शी और नियमित पूंजी बाजार सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने और निवेशकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# गणतंत्र दिवस पर चांडिल डैम तिरंगे की रोशनी से जगमगाया, विधायक सविता महतो ने किया लाइट का उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण,
संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ः गणतंत्र दिवस की संध्या ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने चांडिल डैम में लगाए गए तिरंगे की रोशनी से जगमगाने वाले लाइट का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर लाइट का शुभारंभ किया। उद्घाटन के साथ ही पूरा चांडिल डैम क्षेत्र केसरिया, सफेद और हरे रंग की रोशनी से जगमगा उठा, जिससे देशभक्ति का माहौल बन गया। विधायक सविता महतो ने कहा कि यह पहल राष्ट्रीय गौरव और एकता का प्रतीक है तथा इससे चांडिल डैम की सुंदरता और पर्यटन महत्व को भी बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान विधायक ने पैदल चल कर डैम में लगे लाइटें का निरीक्षण किए। वही डैम के ऊपर लगे सभी स्ट्रीट



लाइटों पर भी तिरंगे रंग का लाइट से जगमगा उठा। जिससे विहंगम दृश्य से डैम परिसर जगमगा उठा। इस दौरान डैम के सभी 13 रेडियल गेट को 5 सेंटीमीटर करके एक घंटा के लिए खोला गया, जिसमें कुल 80 कुमेस पानी नदी में छोड़ा गया। लोगों ने तिरंगे की रोशनी से सजे चांडिल डैम की सराहना करते हुए इसे ऐतिहासिक क्षण बताया। इस मौके पर मुख्य अभियंता राम निवास प्रसाद, डैम डिविजन 2 के कार्यपालक अभियंता संजय कुमार सिंह, सहायक अभियंता जयंत कुमार महतो, कनीय अभियंता प्रदीप कुमार, झामुमो केंद्रीय सदस्य ओम प्रकाश लायेक, काबलू महतो, सर्दीप नायेक, राहुल वर्मा स्थानीय लोग, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

# नारायण आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में 77वाँ गणतंत्र दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया

**दैनिक समाज जागरण,
संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ :-चांडिल प्रखंड के लुपुंगडीह स्थित नारायण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) परिसर में देश का 77वाँ गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, अनुशासन एवं देशभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसे संस्थान के संस्थापक सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. जटाशंकर पांडे ने संपन्न किया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान गाया गया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया।

इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए डॉ. जटाशंकर पांडे जी ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की गरिमा एवं राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। आज के युवाओं को संविधान की भावना को




समझते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा के माध्यम से युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं और विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

डॉ. पांडे जी ने संविधान निमार्ताओं और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि हमारा कर्तव्य है कि हम अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने दायित्वों का भी ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, मेहनत और राष्ट्रसेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान के विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर संस्थान के सभी शिक्षकगण शांति राम महतो, प्रकाश महतो, देवाशीष मंडल, शुभम साहू, पवन महतो, गौरव महतो, कृष्णा पद महतो, अजय मंडल, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं जय हिंद के उद्घोष के साथ किया गया।

# पटना में कुएं से हुआ लापता युवक का शव बरामद

**समाज जागरण पटना जिला
संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा थाना क्षेत्र से एक लापता युवक का शव गांव के कुएं से बरामद किया गया है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और फॉरेंसिक टीम को भी सूचना दी गई है।



जानकारी के अनुसार बिहटा थाना क्षेत्र की है। मृतक की पहचान दरियापुर गांव निवासी सर्वा पासवान के 33 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है। राकेश कुमार बीती रात अपने घर से लापता हो गए थे। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अगले दिन सुबह गांव के कुछ लोगों ने कुएं में शव होने की सूचना दी, जिसके बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। कुएं में शव पड़े होने की खबर मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। परिजनों ने जब शव को देखा तो वह राकेश कुमार का ही निकला। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मृतक के पिता सर्वा पासवान का कहना है कि उनके बेटे के शरीर पर कई जगह पिटाई के निशान थे। उन्होंने आशंका जताई कि राकेश की पहले बेरहमी से पिटाई की गई और फिर उसकी हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया गया। पिता का कहना है कि राकेश का किसी से विवाद नहीं था, लेकिन जिस तरह से उसका शव मिला है, उससे साफ लगता है कि यह कोई हादसा नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या हो सकती है। परिजनों का आरोप है कि राकेश की हत्या कर साक्ष्य छिपाने के इरादे से शव को करीब 20 फीट गहरे कुएं में फेंका गया है। इस बात ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है। मृतक के बड़े भाई बालकृष्ण पासवान उर्फ छोटे पासवान ने बताया कि राकेश कुमार कल शाम करीब 5 बजे घर से खाना खाकर निकले थे। उन्होंने किसी को यह नहीं बताया था कि वे कहां जा रहे हैं। रात होने तक जब वह घर नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में खोजबीन शुरू की गई, लेकिन राकेश का कोई पता नहीं चल सका। सुबह गांव के लोगों से सूचना मिली कि राजपुर और दरियापुर गांवों के बीच बधार इलाके में स्थित एक कुएं में शव पड़ा है। घटना की सूचना मिलने के बाद आईआईटी अम्हारा थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष रोशन कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है, ताकि मौत के असली कारणों का पता चल सके। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह कहना जल्दबाजी होगी कि यह हत्या का मामला है या किसी अन्य कारण से मौत हुई है। जांच पूरी होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी की टीम को भी सूचना दी है। एफएसएल टीम घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र करेगी। पुलिस का मानना है कि फॉरेंसिक जांच से यह साफ हो सकेगा कि युवक की मौत कैसे हुई और क्या उसे कुएं में फेंकने से पहले मारा गया था। थानाध्यक्ष रोशन कुमार ने बताया कि फिलहाल हर पहलू से मामले की जांच की जा रही है। हत्या और दुर्घटना दोनों बिंदुओं को ध्यान में रखकर छानबीन की जा रही है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और मृतक के मोबाइल कॉल डिटेल्स सहित अन्य तकनीकी पहलुओं की भी जांच की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद ही मामले की पूरी तस्वीर साफ हो सकेगी।

# टेंगरा ग्राम में एस.एस. क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य शुभारंभ

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर विधान सभा क्षेत्र के बारुण प्रखंड के टेंगरा ग्राम में एस.एस. क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य आयोजन किया गया। टूनार्मेंट का उद्घाटन मुकाबला टीम लखीमपुर एवं टीम बहुआरा के बीच खेला गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण दर्शक उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पर खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस क्रिकेट टूनार्मेंट के आयोजन में अध्यक्ष सत्यम कुमार, सचिव अमन कुमार एवं उप सचिव संतन कुमार की अहम भूमिका रही। वहीं मैच के दौरान अंपायर की जिम्मेदारी प्रिंस कुमार एवं राजू कुमार ने निभाई। मैच का रोमांच बढ़ाने के लिए राजू यादव द्वारा शानदार कमेंट्री की गई। आयोजन को सफल बनाने में नीतीश, विवेक, मोनू एवं देवा ने



सहयोग प्रदान किया। टूनार्मेंट के शुभारंभ अवसर पर कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। इनमें मुखिया अरुण मेहता, पैक्स अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह, सरपंच प्रदीप सिंह, समिति सदस्य गुड्डू यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता शामिल रही। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख ग्रामीणों में प्रेम कुमार सिंह, सत्यनारायण सिंह, कमलेश सिंह, राम जन्म सिंह, प्रसिद्ध नारायण सिंह एवं जवाहर सिंह प्रमुख रूप से मौजूद थे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से युवाओं में खेल भावना का विकास होता है तथा ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। ग्रामीणों ने भी आयोजन समिति की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे और आयोजनों की उम्मीद जताई। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों को भरपूर मनोरंजन मिला। आयोजन समिति ने बताया कि टूनार्मेंट में आगे भी कई रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे।

# थौआपाड़ा में पंचायत सरकार भवन का भव्य उद्घाटन, ग्रामीण विकास और सुशासन को मिली नई दिशा

### बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण का लिया गया सामूहिक संकल्प

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

सबकी योजना, सबका विकास अभियान के तहत किशनगंज जिले के ग्राम पंचायत टेउसा अंतर्गत थौआपाड़ा में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का भव्य उद्घाटन समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर झंडा तोलन के उपरांत आयोजित इस कार्यक्रम में पंचायत सरकार भवन का विधिवत उद्घाटन किया गया। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह भवन अब पंचायत स्तर पर प्रशासनिक कार्यों, जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा ग्रामीण विकास गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा।




उद्घाटन समारोह टेउसा पंचायत की मुखिया साजेदा खातून की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किशनगंज सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद आजाद तथा सदर विधायक कमरुल होदा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद मैनुद्दीन, सरपंच मुदस्सिर आलम, पंचायत समिति सदस्य मोहम्मद सुफियान एवं मोहम्मद असलम, वार्ड सदस्य चंन्दर पासवान, मनोज कुमार सिंह सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि, पंचायत कर्मी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद एवं विधायक ने पंचायत सरकार भवन को ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर ही विभिन्न आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता से ग्रामीणों को समय, श्रम और धन की बचत होगी तथा प्रशासन और आम जनता के बीच की दूरी भी कम होगी। इससे सुशासन को मजबूती मिलेगी और योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचेगा।

कार्यक्रम के दौरान एक सराहनीय सामाजिक पहल के तहत बाल विवाह रोकथाम को लेकर सामूहिक शपथ दिलाई गई। मुखिया साजेदा खातून ने कहा कि समाज से बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संकल्प व्यक्त किया कि बेटियों की शादी 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद ही की जाएगी तथा पंचायत स्तर पर लोगों को इसके प्रति लगातार जागरूक किया जाएगा। मुखिया ने जानकारी दी कि पंचायत सरकार भवन के क्रियाशील होने से अब ग्रामीणों को विभिन्न कार्यों के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। यहां मजदूरों का पंजीकरण, भूमि से संबंधित दस्तावेजों का निष्पादन, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने सहित अन्य आवश्यक सेवाएं पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त कन्या विवाह योजना, कृषि से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ भी पंचायत सरकार भवन के माध्यम से ग्रामीणों को प्राप्त होंगे।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने पंचायतवासियों को नए पंचायत सरकार भवन की शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि यह भवन टेउसा पंचायत को विकास के पथ पर नई ऊंचाइयों तक ले जाने में मील का पत्थर साबित होगा। ग्रामीणों ने भी पंचायत सरकार भवन के निर्माण पर खुशी जाहिर करते हुए इसे जनहित में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

# किशनगंजः मिलिया कॉन्वेंट इंग्लिश स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया, आन-बान-शान से फहराया तिरंगा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

77वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर किशनगंज के वेरियाडांगी ब्लॉक स्थित मिलिया कॉन्वेंट इंग्लिश स्कूल परिसर में देशभक्ति और उल्लास के वातावरण में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आन-बान-शान से तिरंगा फहराया गया, जिसके पश्चात राष्ट्रगान गूंज उठा और पूरा वातावरण देशप्रेम से सराबोर हो गया। ध्वजारोहण विद्यालय के निदेशक मो. दानिश इकबाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और संविधान के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



इस अवसर पर आरजेडी के राष्ट्रीय सचिव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सह विद्यालय के निदेशक मो. दानिश इकबाल ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान की गरिमा, लोकतंत्र की शक्ति और नागरिक कर्तव्यों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि मिलिया कॉन्वेंट इंग्लिश स्कूल बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और आधुनिक ज्ञान प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। विद्यालय परिसर भारत माता की जय और जय हिंद के नारों से गूंज उठा।

समारोह के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया तथा देश की एकता, अखंडता एवं समृद्धि के लिए कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में एडमिन सनी कुमार, प्रोफेसर रंजीत कुमार, राकेश कुमार, प्रोफेसर आदिल, प्रोफेसर तालिब, समसुल, राहिल, शिक्षक जुबेर हसन, सागर कुमार, डोली कुमारी, सुनैना एवं शगुफा हाशमी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# किशनगंजः 77वें गणतंत्र दिवस पर भव्य समारोह, प्रमंडलीय आयुक्त ने फहराया तिरंगा; झांकियों ने मोहा मन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज**

किशनगंज। 77वें गणतंत्र दिवस के गौर वशाली अवसर पर आज किशनगंज शहर के ऐतिहासिक शहीद अशफाक उल्लाह खां स्टेडि यम में मुख्य राजकीय समारोह का आयोजन बेहद हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर पूर्णिया प्रमंडल के आयुक्त राजेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विधिवत झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दी। प्रशासनिक और राजनीतिक हस्तियों की रही मौजूदगी समारोह के दौरान जिले के आला अधिकारी और



जनप्रतिनिधि एक साथ मंच पर नजर आए। झंडोत्तोलन के समय मुख्य रूप से निम्नलिखित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थेः विशाल राज, जिलाधिकारी संतोष कुमार, पुलिस अधीक्षक कमरुल होदा, सदर विधायक, पूर्व विधायक इजहारुल हुसैन, उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार झा एवं जिले के अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी.

कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहीं विभिन्न विभागों की झांकियां ध्वजारोहण के पश्चात स्टेडियम में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा भव्य झांकियां निकाली गईं। इन झांकियों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और जिले के विकास कार्यों का जीवंत प्रदर्शन किया गया। स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और समाज कल्याण विभाग की झांकियों ने दर्शकों का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित गणतंत्र दिवस के इस पावन मौके पर जिले के विकास और समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। प्रमंडलीय आयुक्त और जिला पदाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों और नागरिकों को मेमेंटो (स्मृति चिन्ह) प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। अधिकारियों ने अपने संबोधन में जिले की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और भविष्य में किशनगंज को

# किशनगंजः एमजीएम मेडिकल कॉलेज में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंजः 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर माता गुजरी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय ध्वज आन-बान-शान के साथ ध्वजारोहण किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर कॉलेज की टॉपर छात्रा ने गर्व के साथ ध्वजारोहण किया, जिससे पूरे परिसर में देशभक्ति और उत्साह का माहौल बन गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और कॉलेज के रजिस्ट्रार डॉ. इच्छित भारत ने छात्रों और अतिथियों को संबोधित किया। अपने भाषण में उन्होंने राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों, युवाओं की भूमिका



और देशभक्ति के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर ट्रस्टी राम अवतार जालान, गौरी शंकर अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहे। छात्रों ने राष्ट्रीय गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को और भी जीवंत और प्रेरणादायक बनाया। समारोह का समापन तिरंगे के सम्मान और राष्ट्रभक्ति के संदेश के साथ हुआ। आयोजकों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में देशभक्ति की भावना और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

# बैसा गोपालगंज एवं डेरामारी स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र का राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों की दिशा में जिले की बड़ी उपलब्धि

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

27 जनवरी। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक समय पर, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने की दिशा में किशनगंज जिले ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। जिले के बैसा गोपालगंज एवं डेरामारी स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र का राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन (एन क्यूएएस) के अंतर्गत सफल प्रमाणीकरण किया गया है। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाएँ अब राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हैं। सिविल सर्जन डॉ० राज कुमार चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय मूल्यांककों द्वारा किए गए गहन मूल्यांकन के उपरांत बैसा




गोपालगंज स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र को 82.86 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं, जिसके आधार पर इसे गुणवत्ता प्रमाणित घोषित किया गया है। वहीं डेरामारी स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र को 78.19 प्रतिशत अंक के साथ गुणवत्ता प्रमाणित (सशर्त) का दर्जा प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी विशाल राज ने कहा कि स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों का राष्ट्रीय प्रमाणीकरण यह सुनिश्चित करता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक भी सुरक्षित, सम्मानजनक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हों। ग्राम पंचायत डेरामारी के मुखिया शाहबाज आलम ने इस अवसर पर कहा कि डेरामारी स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन मिलना पूरे पंचायत के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीणों का सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर भरोसा और मजबूत होगा तथा लोगों को बेहतर इलाज, समय पर जांच एवं आवश्यक दवाएँ अपने गांव में ही उपलब्ध होंगी। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों के प्रयासों की सराहना करते हुए पंचायत स्तर से हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

सिविल सर्जन ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणीकरण किसी एक दिन की उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह निरंतर निगरानी एवं सुधार की प्रक्रिया का परिणाम है। इससे आम जनता का सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर विश्वास मजबूत होता है।

राष्ट्रीय मूल्यांककों द्वारा दोनों केंद्रों पर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएँ, टीकाकरण, गैर-संचारी रोगों की जांच, नियमित बाह्य रोगी सेवाएँ, दवा उपलब्धता, स्वच्छता एवं रोगी संतुष्टि सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत मूल्यांकन किया गया।

स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोकथाम, समय पर जांच एवं उपचार की सुविधा मिलने से आम नागरिकों को बड़ी राहत मिल रही है। यह उपलब्धि जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# किशनगंज में बैंक हड़ताल का जोरदार प्रदर्शन, सरकार के खिलाफ नारेबाजी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर देशव्यापी बैंक हड़ताल के तहत मंगलवार को किशनगंज में भी बैंक कर्मियों ने कामकाज ठप कर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। विभिन्न बैंकों के कर्मचारी यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले शहर में जुलूस निकालते हुए सरकार विरोधी नारे लगाते नजर आए। बैंक कर्मियों ने गांधी चौक पर एकत्र होकर जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को सार्वजनिक रूप से रखा। उन्होंने कहा कि पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करना उनकी प्रमुख मांगों में शामिल है। वर्तमान व्यवस्था में रविवार की छुट्टी के बावजूद कार्य का दबाव बना रहता है, जिससे




कर्मचारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने शनिवार को भी अवकाश देने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे बैंक कर्मियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक, जीवन बीमा निगम तथा भारतीय सामान्य बीमा निगम में पहले से ही पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू है, जबकि बैंक कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बैंकों में कार्य का दबाव अत्यंत अधिक और तनावपूर्ण होता जा रहा है, ऐसे में कार्य-दिवसों की संख्या कम किया जाना आवश्यक है। बैंक कर्मियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# 179.280 लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिले में मद्यनिषेध अधिनियम के तहत उत्पाद विभाग द्वारा शराब तस्करों एवं शराब का सेवन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई



करते हुए एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। उत्पाद विभाग के निरीक्षक संगम कुमार विद्यार्थी, सहायक अवर निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह, सिपाही रंजन कुमार एवं राजकुमार पांडे की टीम ने जिले के मोजाबाड़ी पुल के पास जांच अभियान चलाया। इस दौरान एक सफेद रंग की कार को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें से 179.280 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। मौके से मोहम्मद आशिक, निवासी जिला अररिया, को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर का सदर अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण कराने के बाद मद्यनिषेध अधिनियम के तहत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उत्पाद विभाग ने बताया कि जिले में शराब तस्करी के खिलाफ आगे भी सघन अभियान जारी रहेगा।

# किशनगंज में बाल विवाह रोकने और महिलाओं को जागरूक करने का अभियान

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज के वन स्टॉप सेंटर महिला हेल्पलाइन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता सोनी कुमारी, अधिकार मित्र राजेश शर्मा, वन स्टॉप सेंटर केंद्र प्रशासक रौशनी परवीन, अंजू दास, सुबोध कुमार और सुशील कुमार झा उपस्थित थे। अभियान का उद्देश्य बाल विवाह को रोकना और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। पैनल अधिवक्ता सोनी कुमारी ने कहा कि बाल विवाह महिलाओं के जीवन को प्रभावित करता है और उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य अवसरों से वंचित करता है। अधिकार मित्र राजेश शर्मा ने बताया कि समाज में




जागरूकता फैलाकर और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सचेत कर बाल विवाह को रोका जा सकता है। वहीं, वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक रौशनी परवीन ने कहा कि उनका केंद्र महिलाओं को चिकित्सा, कानूनी सहायता और परामर्श जैसी सेवाएँ प्रदान करता है और बाल विवाह के पीड़ितों को भी मदद करता है।

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं ने भी अपने विचार साझा किए और बाल विवाह रोकने के लिए समर्थन व्यक्त किया।

# किशनगंज में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, हेलमेट नहीं पहनने वालों को यमराज ने चेताया

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

27 जनवरी। संतोष कुमार, पुलिस अधीक्षक, किशनगंज के निदेशानुसार पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) के नेतृत्व में जिले में विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक करना और सड़क हादसों को कम करना है। अभियान के दौरान नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें हेलमेट नहीं पहनने वाले लोगों को यमराज के रूपांतरण के माध्यम से चेताया गया। इस नाट्य प्रस्तुति में लोगों को दिखाया गया कि सड़क पर सुरक्षा नियमों का पालन न करने पर




गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इस अभिनव तरीके ने बच्चों और युवाओं सहित आम जनता का ध्यान सड़क सुरक्षा की ओर आकर्षित किया। साथ ही यातायात पुलिस ने हेलमेट का वितरण कर लोगों को सुरक्षित और जिम्मेदार यातायात का संदेश दिया। अभियान में नागरिकों को सड़क पर अनुशासन बनाए रखने, यातायात संकेतों का पालन करने और हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

पुलिस प्रशासन ने बताया कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ दुर्घटनाओं में कमी लाने और नागरिकों में नियम पालन की आदत डालने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# बिजली करेंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत परिजनों में पसरा मातम

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी एक मजदूर की मौत बिजली की करेंट लगने से हो गई है।घटना सोमवार की है ।मृतक मजदूर की पहचान बलिराम राम के 30 वर्षीय पुत्र संजय राम के रूप में



हुई।मिली जानकारी के अनुसार संजय राम थाना क्षेत्र के बारा गांव में एक मकान के निर्माण में काम कर रहा था जहां बिजली की करेंट के चपेट में आ गया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई।तत्काली इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया ।वहीं सूचना पर पहुंची नबीनगर थाना पुलिस ने आस पास के लोगों का बयान दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन को सौंप दिया। वहीं परिजन शव को रात्रि 8 बजे से मंगलवार की सुबह 10 बजे तक मुआवजा की मांग को लेकर अड़े रहे बाद को लोगों द्वारा समझाने बुझाने और उचित आश्वासन के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।इधर हादसे के बाद परिजन के बीच कोहराम मचा है।

# निजी शिक्षण संस्थानों सहित अन्य संस्थाओं में दिखा गणतंत्र दिवस का जलवा

**दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर के निजी शिक्षण संस्थानों सहित अन्य संस्थाओं में गणतंत्र दिवस काफी धूमधाम और उल्लास से मनाया गया ।वही छोटे छोटे बच्चों में भी काफी उल्लास देखा गया। कुशल युवा कार्यक्रम के तहत कौशल विकास केंद्र नबीनगर में सेंटर समन्वयक रवि कुमार ने तिरंगा फहराया।इधर निजी विद्यालय आर टी कॉन्वेंट में प्रधानाध्यापक शिवकेश कुमार सिंह,राजा गोपाल इंग्लिश स्कूल मे प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ,परफेक्ट क्लासेज में निदेशक रविन्द्र कुमार ने राष्ट्रीय झंडा को शान से लहराया और तिरंगे को सलामी दिया।इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा आकर्षक ठंग से सजावट किया किया और रंगोली भी बनाई गई।वही बच्चों के बीच राष्ट्रीय मिठाई भी वितरित किया गया। आर टी कॉन्वेंट स्कूल में बच्चों ने इस अवसर पर देश भक्ति से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया जहां बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे



और बच्चों में उत्साह वर्धन किया।इधर प्रखंड कॉंग्रेस कार्यालय परिसर में कॉंग्रेस एवम नबीनगर अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष संतन सिंह ने राष्ट्रीय झंडा फहराया।राजद कार्यालय में प्रखण्ड अध्यक्ष जगन यादव , नबीनगर रोड रेलवे स्टेशन परिसर में स्टेशन प्रबंधक पौलुस हेंब्रम ने राष्ट्रीय झंडा फहराया।उधर सुरार गांव के दूर्गा मैदान में नबीनगर थर्मल पावर विस्थापित किसान मजदूर वेलफेयर समिति के अध्यक्ष राम प्रसाद सिंह ने झंडोतोलन किया।इस अवसर पर किसानों और मजदूरों के बीच गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

# देशभक्ति का ज्वार : नबीनगर में आन बान और शान से तिरंगे को दी गई सलामी

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) सोमवार को नबीनगर प्रखंड में 77 वें गणतंत्र दिवस पूरे गरिमा,उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।मुख्य समारोह अनुग्रह नारायण स्टेडियम में मनाया गया जहां नबीनगर के प्रखंड प्रमुख चित्रा कुमारी ने राष्ट्रीय तिरंगा फहराया और तिरंगे को सलामी दिया।वहीं स्कूली बच्चों ने बैंड धुन बजाया।इस अवसर पर अमर शहीदों को याद कर अमर रहे का जयघोष किया गया। मौके पर बीडीओ अरुण सिंह,सीओ निकहत प्रवीण, पुलिस इंस्पेक्टर सूरज कुमार, बीपीआरओ मुकेश कुमार,बीईओ राज नारायण राय,जदयू नेता सूर्यबंश सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष संतन सिंह,शिक्षक धनंजय सिंह,इंदल सिंह,अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति के सचिव शंकर प्रसाद,दरियादिल दरगाही सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।वहीं पुलिस सर्किल कार्यालय में इंस्पेक्टर सूरज कुमार,नबीनगर थाना परिसर में थानाध्यक्ष मृतुन्जय कुमार उपाध्याय



ने ध्वजारोहण किया और तिरंगे को सलामी दिया।नगर पंचायत कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी किशोर भारती, अध्यक्ष प्रतिनिधि बिपिन सिंह, एवम वार्ड पार्षदों एवं अन्य गणमान्य लोगों की मौजूदगी में नगर अध्यक्षा प्रियंका सिंह ने राष्ट्रीय झंडा तिरंगा लहराई।इधर रेफरल अस्पताल परिसर मे प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अभय कुमार,बीआरसी में बीईओ राजनारायण राय, प्रखण्ड कार्यालय परिसर में प्रमुख चित्रा कुमारी ने ध्वजारोहण किया।कन्या मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक देव बिहारी सिंह,कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य सरोज कुमार,उच्च माध्यमिक विद्यालय जनकपुर पोखरा में प्राचार्य उमाकांत सिंह ,उर्दू मध्य विद्यालय परसिया में प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश अग्रवाल, मध्य विद्यालय टंडवा में प्रधानाध्यापक बिनोद दास, मध्य बिद्यालय नबीनगर में प्रधानाध्यापक परिमल सिन्हा ने राष्ट्रीय झंडे तिरंगे को शान से लहराया।इधर नबीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना में थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल,बड़ेम थाना में थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी,टंडवा थाना में थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह, माली थाना में थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय और नरारी कला खुर्द थाना में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने गणतंत्र दिवस पर दिवस पर शान से तिरंगा फहराया।

# अनूपपुर ग्रामीण मंडल मीडिया प्रभारी अखिलेश सिंह ने प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार से की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मांग

**समाज जागरण**
**अनूपपुर, वरगंवा अमलाई**



अनूपपुर ग्रामीण मंडल के मीडिया प्रभारी अखिलेश सिंह ने अनूपपुर के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार के अनूपपुर के वरगवां अमलाई नगर परिषद आगमन के दौरान एक ज्ञापन सौंपते हुए बरगवां अमलाई नगर परिषद क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) संचालित किए जाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि अमलाई स्टेडियम के पास स्थित कोल इंडिया द्वारा संचालित डिस्पेंसरी भवन कई वर्षों से अनुपयोगी पड़ा है, क्योंकि वहां डॉक्टरों का बैठना बंद हो चुका है। ऐसे में इस भवन का उपयोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में किया जा सकता है, जिससे न केवल जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी बल्कि शासन को नई इमारत निर्माण पर होने वाले राजस्व खर्च से भी बचत होगी। लगभग 10,000 की आबादी वाले इस क्षेत्र में आज तक कोई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं है, जिसके कारण स्थानीय नागरिकों को 20 किलोमीटर दूर चिकित्सा सुविधाओं के लिए जाना पड़ता है। यह स्थिति कहीं न कहीं प्रशासनिक व्यवस्था की कमी को भी उजागर करती है। अखिलेश सिंह ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि उक्त डिस्पेंसरी भवन में शीघ्र ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को समय पर और सुलभ चिकित्सा सुविधा मिल सके। इस अवसर पर सौरभ सिंह, नीरज नामदेव, रवि दुबे सहित मंडल के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने फहराया तिरंगा...

**समाज जागरण**

शहडोल। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर अटल निलय जिला कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने किया झंडावंदन। मंगलवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया है कि 26 जनवरी 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 'अटल निलय' जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने फहराया तिरंगा...झंडावंदन कर सामूहिक राष्ट्रगान के पश्चात उपस्थित कार्यकताओं में मिष्ठान वितरित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां भारती जी की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की की गई शुरूआत। झंडा वंदन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह जी झंडा वंदन कार्यक्रम में हुई शामिल विधायक व जिला अध्यक्ष ने समस्त कार्यकताओं को गणतंत्र दिवस की दी बधाई...इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने समस्त देशवासी प्रदेशवासी एवं जिले वासियों को गणतंत्र दिवस बधाई देते हुए कहा कि आज राष्ट्रीय पर्व की खुशियां चहुओर मनाई जा रही है। हम आजादी का अमृतकाल के रूप में इस पर्व पर संकल्प ले कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाएं पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित करे। जिलाध्यक्ष श्रीमती



चपरा ने कहा की आज 26 जनवरी ही वह खास दिन है, जब भारत का संविधान लागू हुआ था। यह दिन भारत को एक स्वतंत्र, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित करने का प्रतीक है। गणतंत्र दिवस भारत के लोकतांत्रिक लोकतंत्र का त्योहार है, जो हमें याद दिलाता है कि हम सब बराबर हैं और देश के शासन में हमारी भी भागीदारी है। यह दिन देश को कई कलाकारों, संरचनाओं और धर्मों को एकजुट होने का अवसर देता है। गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान के महत्व की याद दिलाता है, जो हमारी शक्तियों और अखंडता को परिभाषित करता है। झंडावंदन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह जी, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश जगवानी, कैलाश तिवारी, राजेश्वर उदानियां, योगेंद्र चतु वेदी, संजय मित्तल, महेश भागदेव, सुभाष सोनी, सत्यभामा गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, संतोष लोहानी, जिला महामंत्री अमित मिश्रा जिला मंत्री सौरभ गोले, कोषा ध्यक्ष अमित गुप्ता बंटी, कार्यालय मंत्री अंकुश शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट, मंडल अध्यक्ष मृदुल मिश्रा, मनोज सिंह आर्मो, सुशील शर्मा, अमित बजाज, दिनेश दीक्षित,अभिषेक चौकसे, राजाराम पांडे, सुरेश चतुवेर्दी, आदित्य चपरा,अरुण पटेल, रियाज खान, सचिन गुप्ता, सुनीता तर्किहार, श्रीमती निभा गुप्ता, नीलम चतुवेर्दी, रचना श्रीवास्तव,निर्मला गुप्ता, संचिता सरवटे, रेखा त्रिपाठी रूपा चतुवेर्दी, ऋतुराज गुप्ता, होलकर सिंह परस्ते,प्रवीण नामदेव, आशीष तिवारी, राहुल द्विवेदी,बाबू खान, शकील खान, नवेंदुशेखर त्रिपाठी, राहुल सोनी, सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण रहे उपस्थित।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर शिक्षक हरेराम सिंह हुए सम्मानित

**समाज जागरण**



बुढार ।गणतंत्र दिवस के पावन अव सर पर शासकीय सांदीपनि विद्या लय के ऊजार्वान शिक्षक हरेराम सिंह को शिक्षा ,NCC एवं अनुशासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए विद्या यक जय सिंह मरावी एवं नगर परिषद अध्यक्षा श्रीमती शालिनी सरावगी द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडि यम में सामुहिक गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान सम्मानित किया गया। साथ ही इन्हें अपने विद्यालय में बेस्ट टीचर ऑफ द ईयर के अवार्ड से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि शिक्षक हरेराम सिंह पूर्व में भी जिला कलेक्टर शहडोल सहित आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल द्वारा भी शिक्षा के क्षेत्र में अपने नवाचारों और उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हो चुके है।समस्त नगर वासियों ने इनकी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# गणतंत्र दिवस पर शर्मनाक : मैहर के सरकारी स्कूल में रद्दी कॉपियों और किताबों के फटे पन्नों पर बच्चों को परोसा गया भोजन

**समाज जागरण**



मैहर। 26 जनवरी को देश जहां गणतंत्र दिवस की 77वीं वर्षगांठ का जश्न मना रहा था, वहीं मध्य प्रदेश के मैहर जिले में एक सरकारी स्कूल की तस्वीरें शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल रही थीं। शासकीय हाई स्कूल भटिगंवा में मिड-डे मील (मध्याह्न भोजन) के नाम पर बच्चों को थाली या डिस्पोजेबल पत्तल तक नसीब नहीं हुई। इसके बजाय रद्दी कॉपियों और किताबों के फटे पन्नों पर भोजन परोसा गया। जिसमें मजबूरी में छात्र-छात्राओं ने खाया। यह घटना न केवल बच्चों के स्वास्थ्य और गरिमा पर सवाल उठाती है, बल्कि स्कूल प्रबंधन की लापरवाही को भी उजागर करती है। जबकि एमडीएम के लिए स्कूलों में बच्चो के लिए बाकायदा थाली होती है। फिर भी नजारे ऐसी की सवाल उठना लाजमी है।

**किताबों के पन्नों को फाड़कर बिछाया गया-ः**

गणतंत्र दिवस के मौके पर स्कूल में ध्वजारोहण और अन्य कार्यक्रमों की धूम रही। इसके बाद विशेष भोज के रूप में मिड-डे मील का आयोजन किया गया था। लेकिन जो दृश्य सामने आया वह बेहद हैरान करने वाला था। वायरल हुई तस्वीरों और वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि बच्चे स्कूल परिसर के मैदान में जमीन पर बैठे हैं। उनके सामने न कोई थाली है, न प्लेट। पुरानी कॉपियों और किताबों के पन्नों को फाड़कर बिछाया गया था, जिन पर स्याही के दाग और गंदगी साफ नजर आ रही है। इन्हीं कागजों पर हलवा और पुड़ी परोसी गई।

**कागजों पर ही भोजन ग्रहण करते दिख रहे-ः**

बच्चे इन अस्वास्थ्यकर कागजों पर ही भोजन ग्रहण करते दिख रहे हैं। बच्चे मासूम हैं, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने उनकी सेहत और सम्मान की कोई परवाह नहीं की। मानों स्कूल का दिवाला निकल गया हो। इसलिए रद्दी कागजों में निवाला परोस दिया गया। इस घटना से अभिभावकों में भी गुस्सा है और उन्होंने स्कूल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

**जांच के लिए डीपीसी ने दी बीआरसी को जिम्मेदारी-ः**

इस पूरे मामले पर जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) विष्णु त्रिपाठी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा स्कूल का वायरल वीडियो हमारे संज्ञान में आया है। हमने तत्काल इसे ब्लॉक रिसोर्स सेंटर (बीआरसी) को भेज दिया है और उनसे मौके पर जाकर वस्तुस्थिति का पता लगाने के निर्देश दिए हैं। हम जांच कराएंगे कि इसमें कौन दोषी है। दोष सिद्ध होने पर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर सामने आई-ः**

वहीं शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार, मिड-डे मील योजना के तहत बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए सरकारी फंड जारी होता है। इसमें थाली या पत्तल जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की होती है। लेकिन इस घटना से योजना की जमीनी हकीकत पर सवाल उठ रहे हैं। यह घटना गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर सामने आई है। जिस पर सवाल उठ रहे हैं। आगे कार्रवाई जो हो पर नवागत जिले मैहर के साथ मप्र की साख पर भी बट्टा लग रहे हैं।

# डोला में भव्य श्री महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**समाज जागरण विजय तिवारी**



अनूपपुर। महाकाल जी की असीम कृपा से नगर परिषद डोला के वार्ड क्रमांक 03 स्थित शिव मंदिर प्रांगण में श्री महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा प्रवचन का आयोजन 29 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक भव्य रूप से किया जा रहा है। यह आयोजन क्षेत्रीय जनसहयोग से संपन्न होगा, जिसमें समस्त श्रद्धालुजन सादर आमंत्रित हैं। कार्यक्रम की शुरूआत 27 जनवरी 2026, मगलवार को कलश यात्रा एवं मंडप प्रवेश के साथ होगी। इस अवसर पर आवाहित देवी-देवताओं का विधिवत पूजन दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा। श्रीमद्भागवत कथा प्रवचन का शुभारंभ 29 जनवरी 2026, गुरुवार से होगा, जो प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से हरि इच्छा तक चलता रहेगा। कथा समाप्ति व आरती के उपरांत स्थानी भक्ति संगीत मंडली के द्वारा भजन गायन का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ के अंतर्गत 05 फरवरी 2026, गुरुवार को उपनयन संस्कार एवं सामूहिक कन्याविवाह का आयोजन किया गया है वहीं 06 फरवरी 2026, शुक्रवार को पूणार्हुति, हवन एवं महाभंडारे के साथ इस विराट धार्मिक अनुष्ठान का समापन के उपरांर दोपहर 12 बजे से महा भंडारे का वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति ने जान कारी दी है कि इच्छुक परिवार इस महायज्ञ के दौरान अपनी पुत्री/पुत्र का सामूहिक विवाह भी संपन्न करा सकते हैं।

**भव्य कलश यात्रा ने बढ़ाई नगर की शोभा**

महायज्ञ के शुभारंभ से पूर्व 27 जनवरी की शाम 3:00 बजे नगर परिषद डोला के वार्ड क्रमांक 03 स्थित शिव मंदिर प्रांगण से भगवान की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा वार्ड क्रमांक 05 स्थित जगत जननी मां जगदंबा मंदिर से होते हुए वार्ड क्रमांक 01 के हनुमान मंदिर में भ्रमण करती हुई नगर के विभिन्न वार्डों से गुजरकर पुनः वार्ड क्रमांक 03 शिव मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। इस कलश यात्रा में नगर परिषद डोला की प्रथम अध्यक्ष श्रीमती रीनू सुरेश कोल उपाध्यक्ष रविशंकर तिवारी, समस्त पार्षदगण, नगर के वरिष्ठ समाजसेवी, भक्तगण, मातृशक्ति नन्हे मुन्ने बच्चे सहित विभिन्न समुदायों के लोगों ने सहभागिता कर नगर की शोभा बढ़ाई। श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से ओत-प्रोत इस यात्रा ने पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से इस पुण्य आयोजन में सहभागी बनकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।

# न्याय के नाम पर नया विभाजन?

**समाज जागरण चैतन्य मिश्रा**

अनूपपुर ।बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री का इस्तीफा केवल एक प्रशासनिक घटना नहीं है। यह उस गहरी बेचैनी का संकेत है, जो आज देश के शैक्षणिक परिसरों और समाज के भीतर लगातार बढ़ रही है। यूजीसी के Promotion of Equity in Higher Education Institutions Reg ulations, 2026 को लेकर चल रही बहस अब कागजों तक सीमित नहीं रही। यह सड़कों, सोशल मीडिया और सत्ता के गलियारों तक पहुंच चुकी है। प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्यों पर कथित हमले और यूजीसी के नए नियम, दोनों ही मुद्दों ने अलंकार अग्निहोत्री को भीतर से विचलित किया। उनका आरोप है कि ये नियम कैंपस में जातिगत भेदभाव रोकने के बजाय सवर्ण छात्रों के लिए नए प्रकार के उत्पीड़न का रास्ता खोल सकते हैं। यह चिंता इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि जब कानून और नियम असुरक्षा की भावना पैदा करने लगें, तो उनके मूल उद्देश्य पर सवाल उठना स्वाभाविक है।सोशल मीडिया पर यूजीसी के नए प्रावधानों की तुलना एससी-एसटी एक्ट से की जा रही है। सामान्य वर्ग के छात्र खुद को निशाने पर महसूस कर रहे हैं। सबसे ज्यादा विवाद इस बात को लेकर है कि नए नियमों में ओबीसी को भी ह्यजातिगत भेदभावह्न की श्रेणी में शामिल किया गया है। सवाल सीधा है। जिन वर्गों को पहले से आरक्षण और अन्य संरचनात्मक सुविधाएं मिल रही हैं, उन्हें उसी तराजू में रखना क्या बाकी छात्रों के साथ न्याय है? इसी संदर्भ में मैं एक व्यंग्यात्मक लेकिन कड़वा तर्क रखा। अगर सच में जाति ही हर समस्या की जड़ है, तो क्यों न हम सब कुछ बांट लें। अपने-अपने स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी अलग कर लें। अपनी जाति के अध्यापक, प्रॉक्टर, डीन और विभागाध्यक्ष रखें। मेडिकल कॉलेज भी अलग हों, जहां अपनी ही जाति के डॉक्टर पढ़ाएं, और डॉक्टर बनकर निकलने वाले यह कसम खाएं कि इलाज भी केवल अपनी जाति का ही करेंगे।यहीं नहीं रुकते। अस्पताल अलग हों, डॉक्टर अलग हों। किसान और जमीन भी बांट ली जाए। अपनी जाति के किसानों द्वारा उगाया गया अनाज ही खाया जाए। सेनाएं भी बांट ली जाएं, अपनी-अपनी रेजिमेंट बना ली जाए और तय कर लिया जाए कि आपात स्थिति में कौन आगे जाएगा। और अगर बात यहां तक पहुंचती है, तो वे 525 रियासतें भी लौटा दी जाएं, जिन्हें अखंड भारत के लिए दान किया गया था। जमींदारी उन्मूलन में ली गई जमीनें भी वापस कर दी जाएं। बाकी सब आप रख लें। आप अपना देश बना लें, हम अपना बना लेते हैं।यह कटाक्ष नहीं है। यह उस सोच का आईना है, जो समाज को लगातार छोटे-छोटे खांचों में बांटने पर आमादा है।असल समस्या यह है कि हमारे देश में ओबीसी की कोई स्पष्ट और सर्वमान्य परिभाषा आज तक तय नहीं हो पाई। जाट हरियाणा में सवर्ण हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश और राजस्थान में ओबीसी माने जाते हैं, जबकि तीनों राज्यों के जाटों में आपसी वैवाहिक संबंध होते हैं। ऐसे में अगर हरियाणा का एक जाट, यूपी के जाट का उत्पीड़न करता है, तो क्या यूजीसी इसे अपने नियमों के तहत जातिगत भेदभाव मानेगी? यहीं आकर नियम असहज हो जाते हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार में वैश्य समुदाय की कई जातियां ओबीसी सूची में शामिल हैं, जबकि उनके पास धन, जमीन और राजनीतिक ताकत की कोई कमी नहीं है। उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत तक कई ओबीसी जातियां सामाजिक और राजनीतिक रूप से प्रभावशाली मानी जाती हैं। खेती, दबदबा और सत्ता में उनकी मजबूत भागीदारी है। ऐसे में यह आशंका स्वाभाविक है कि कमजोर को न्याय दिलाने की कोशिश में कहीं नए अन्याय का रास्ता न खुल जाए।न्याय का अर्थ यह नहीं कि बहुसंख्यक खुश रहें। न्याय का मतलब है कि हर व्यक्ति खुद को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे। अगर किसी एक के साथ भी अन्याय होता है, तो वह पूरे न्याय तंत्र को खारिज करने के लिए पर्याप्त है। यूजीसी के नियमों पर बहस इसी बुनियादी सवाल से शुरू होनी चाहिए कि हम किस तरह का समाज बनाना चाहते हैं। बराबरी का या स्थायी अविश्वास का।इक्विटी का रास्ता विभाजन से नहीं, भरोसे और संतुलन से निकलता है। अगर नियम डर पैदा करें, तो उन्हें दोबारा देखने की जरूरत है। वरना हम शिक्षा का भविष्य नहीं गढ़ रहे, बल्कि समाज में नई दीवारें खड़ी कर रहे होंगे।

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजनगर नगर परिषद में "एक शाम शहीदों के नाम"

**समाज जागरण**

अनूपपुर जिले के बंनगवा नगर परिषद में गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी की रात एक भव्य "एक शाम शहीदों के नाम" कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कोतमा से आए प्रसिद्ध संगीतकार संदीप शिवहरे एवं उनकी टीम ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह, उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह और नगर परिषद अधिकारी राममिलन तिवारी लेखपाल राजेश मिश्रा वरिष्ठ भाजपा नेता आधाराम बैंस गजेंद्र सिंह सिकरवार, प्रेमचंद यादव, धर्मेंद्र सिंह, सुरेश गौतम कमलेश चतुवेर्दी महेश जेठानी सहित सैकड़ो की तादाद में देश प्रेमी महिला पुरुष और बच्चे उपस्थित होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाएं

**कोतमा के कलाकारों की प्रस्तुतियों से गूंजा बनगवाँ**

कार्यक्रम की शुरूआत कोतमा से आए संगीतकारों द्वारा देशभक्ति गीतों और सुरीली धुनों के साथ की गई। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर पूरे माहौल को उत्स वमय बना दिया। कभी देशभक्ति गीतों ने जोश भर दिया तो कभी पुराने फिल्मी गीतों ने दर्शकों को भावनाओं में डुबो दिया। मंच पर बेहतर लाइटिंग और साउंड सिस्टम की व्यवस्था ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। नगरवासियों ने कलाकारों की हर प्रस्तुति पर तालियों की गूंज से स्वागत किया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी संगीत का भरपूर आनंद लेते नजर आए। आयोजन की सफलता के लिए नगर परिषद के कर्मचारियों और आयोजकों की सराहना की गई। कार्यक्रम के मध्य अमर नामक सफाई कर्मचारी को मंच पर प्रस्तुति देने का अवसर मिला। उन्होंने प्रसिद्ध गीत जाने कहां गए वो दिन को बेहद भावनात्मक अंदाज में प्रस्तुत किया। उनकी मधुर आवाज और भावपूर्ण अभिव्यक्ति ने पूरे पंडाल को तालियों से गूंजा दिया। अमर की उत्कृष्ट प्रस्तुति से प्रभावित होकर नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह ने कहा कि नगर परिषद बनगवाँ हर प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए सदैव तत्पर है और ऐसे कलाकार समाज के लिए प्रेरणा हैं।

# मेगा कांटेक्ट नीति के विरोध में संजय गाँधी ताप परियोजना के ठेकेदारो ने सौंपा ज्ञापन

**ठेकेदारो के समर्थन में उतरी कांग्रेस**

**समाज जागरण**



बिरसिंहपुर पाली --- मध्यप्रदेश पावर जनरेंटिग कंपनी लिमिटेड में शुरू हो रही मेगा कांटेक्ट प्रणाली के विरोध में आज संजय गाँधी ताप परियोजना में एम एस एम ई संस्था में पंजीबद्ध सूक्ष्म एवं लघु ठेकेदारो ने थर्मल पावर के चीफ इंजीनियर को एक ज्ञापन सौंपते हुए मेगा कांटेक्ट प्रणाली का विरोध जताया है,यह आक्रोश एम पी पी जी सी एल के व्दारा किये गये प्रावधानों के विरोध में था।इस प्रक्रिया से संजय गाँधी ताप परियोजना में कार्यरत सैकड़ों लघु,सूक्ष्म ठेकेदारो को निविदा प्रक्रिया से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है, जिससे परियोजना में कार्यरत सैकड़ों ठेकेदारो के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा होने जा रहा है,और इसी के परिणामस्वरूप ठेकेदारो में व्यापक तौर पर असंतोष है जिसके विरोध में कांटेक्टर एशोसि एशन संजय गाँधी ताप परि योजना ने मुख्य अभियंता ( उत्पादन) संजय गाँधी ताप परियोजना को ज्ञापन सौंप कर इस मेगा कांटेक्ट नीति को बंद कराने की मांग की है। कांटेक्टर एशोसिएशन ने जंयत चौधरी जी केन्द्रीय मंत्री कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार समेत अन्य 27 लोगों को भी पत्र भेंजकर निवेदन किया है कि परियोजना के शुभारंभ से ही हम ठेकेदारो ने परियोजना में कार्य करते हुए अपने परिवार का भरण पोषण का काम करते आ रहें हैं। अभी तक मध्यप्रदेश पावर जनरेंटिग कंपनी के व्दारा अलग अलग निविदा प्रक्रिया का पालन किया जाता रहा है जिससे सबको कार्य का समान अवसर मिलता रहा है, ठेकेदार को उसकी कार्य क्षमता के अनुरूप कार्य मिलता रहा है, लेकिन मेगा कांटेक्ट नीति से छोटे और मध्यम ठेकेदारो को निविदा प्रक्रिया से ही बाहर कर दिया गया है। कांटेक्टर एशोसिएशन ने विनम्रता पूर्वक बताया है कि किसी भी उद्योग का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक हाथों को रोजगार उपलब्ध कराने की होती है, और इसीलिए परियोजना में एम एस एम ई के तहत ठेकेदारो का पंजीयन किया गया था और उस आधार पर उन्हें निविदाएं प्रदान की जाती रही है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री भी इसी उदेश्य को लेकर काम करते आ रहें हैं। देश में लघु और सूक्ष्म उद्यमियों को आगे बढाने का काम करने की नीति के उलट फेर मध्यप्रदेश पावर जनरेंटिग कंपनी के कतिपय उच्च प्रबंधन ने मेगा कांटेक्ट प्रणाली लागू कर छोटे उद्यमियों को नेस्तनाबूत करने का बीड़ा उठाया जा रहा है। मेगा कांटेक्ट प्रणाली से पूंजी पति और बड़े व्यवसायियों को सीधा लाभ पहुचाने से जहाँ एक ओर छोटे उद्यमियों के जीवन में संकट के बादल छा रहें हैं, वही पर मेगा कांटेक्ट प्रणाली से प्रतिस्पर्धा में कमी आने के कारण परियोजना में अतिरिक्त भार पडने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। संजय गाँधी ताप परियोजना के कांटेक्टर एशोसिएशन ने अपनी जायज मांग को पूरी करने का आग्रह किया है, साथ ही मांग पूरी न होने पर चरण बद्ध आंदोलन छेडने की चेतावनी दी है। उधर काग्रेस ने भी संजय गाँधी ताप परियोजना के लघु एवं छोटे ठेकेदारो की मांग के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश पावर जनरेंटिग कंपनी को अपना तुगलकी फरमान शीघ्र वापस लेना चाहिए, काग्रेस हर एक ऐसी नीतियों का विरोध करती है जो आम जनता के विरोध में है। ब्लाक काग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा की भाजपा सरकार शुरू से ही पूंजीपतियों और उद्योग पतियों को लाभ पहुंचाने का काम करती है, मेगा कांटेक्ट प्रणाली उसकी एक झलक है, अगर समय रहते मध्यप्रदेश पावर जनरेंटिग कंपनी इस तुगलकी फरमान को वापस नहीं लेती तो इसके विरोध में राज्य व्यापी आंदोलन छेडा जायेगा।

# रेल कॉरिडोर से प्रभावित किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**चार गुना मुआवजा और स्थायी नौकरी की उठाई मांग**

**समाज जागरण गौरव द्विवेदीअनूपपुर।**



थर्मल एनर्जी अनूपपुर प्रा.लि. (अडानी ग्रुप) द्वारा प्रस्तावित रेल कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपने अधिकारों की मांग की। ग्राम कटकोना, बैहाटोला, मैनटोला, डोंगरियाखुर्द, मांठाडांड, कोरयाखुर्द, कोठी एवं तरसिली के किसान इस भूमि अधिग्रहण से प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान जिला पंचायत सदस्य रामजी रिंकू मिश्रा,जनपद सदस्य रामखेलावन तिवारी, उपसरपंच श्याम मुरारी शर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रभावित किसान उपस्थित रहे। किसानों ने एकजुट होकर भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के तहत न्यायोचित मुआवजा और पुनर्वास की मांग रखी। किसानों ने बताया कि उनकी पुस्तैनी भूमि ही आजीविका का मुख्य आधार है। रेल कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण होने से वे हमेशा के लिए अपनी जमीन से वंचित हो जाएंगे और परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। प्रभावित गांव विशिष्ट ग्राम की श्रेणी में आते हैं,

जहां 12 डिसमिल तक भूमि का मूल्यांकन वर्गमीटर की दर से तथा शेष भूमि का मूल्यांकन कृषि भूमि की दर से किया जाता है। ज्ञापन में मांग की गई कि विगत तीन वर्षों की बिक्री छांटकर सर्वाधिक औसत विक्रय मूल्य के आधार पर चार गुना मुआवजा दिया जाए। साथ ही भूमि पर स्थित पेड़-पौधे, कुएं, मकान, तालाब एवं अन्य परि संपत्तियों का पृथक से मुआवजा तथा तोषण एवं प्रतिकर राशि भी प्रदान की जाए। इसके अलावा किसानों ने यह भी मांग रखी कि प्रत्येक प्रभावित किसान परिवार के प्रत्येक आश्रित बालिग सदस्य को थर्मल एनर्जी अनूपपुर प्रा.लि. में स्थायी नौकरी दी जाए, ताकि भूमि अधिग्रहण के बाद उनके परिवारों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

# पाली वन विभाग ने किया अनुभूति कार्यक्रम मॉडल विद्यालय के छात्रों को करवाया जंगल का भ्रमण, पर्यावरण और जंगल सुरक्षा की दिलाई शपथ

**समाज जागरण**



विजय तिवारी उमरियाः---- उमरिया जिले के वन परिक्षेत्र पाली के बीट बरमटोला के पटपरिहा हार में उप वनमण्डलाधिकारी दिगेंद्र सिंह पटेल,वन परिक्षेत्र अधिकारी सचिन कांत की की उपस्थिति में सामाजिक अनुभूति का आयोजन किया गया। छात्र/छात्राओं को जंगल के प्रति जागरूक करने, जंगल के महत्व और वन्य प्राणियों की जानकारी देने के लिए वन परिक्षेत्र पाली में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन हुआ। 'मैं भी बाघ' की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम मे मॉडल विद्यालय के कुल 120 छात्र-छात्राओं को जंगल का भ्रमण करवाया। छात्रों को भ्रमण के दौरान पेड़ों की प्रजातियां, उनके महत्व,वन्य प्राणी और उनके व्यवहार के बारे में बताया गया। मास्टर ट्रेनर वन पाली सुशील बैगा और वन रक्षक वीरेंद्र शर्मा ने छात्रों को भ्रमण के दौरान पेड़ों की प्रजातियां, उनके महत्व, वन्य प्राणी और उनके व्यवहार के बारे में बताया। कार्यक्रम समापन पर वन परिक्षेत्र अधिकारी सचिन कांत ने छात्रों को अपने जीवन मे लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने के लिए टिप्स दिए। यहां दिन भर की गतिविधियों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता भी रखी। जिसमें विजेता छात्रों पुरूस्कृत किया गया जंगल भ्रमण पर गए सभी लोगों ने पर्यावरण और जंगल की सुरक्षा करने की शपथ भी ली जिसके बाद सभी छात्र/ छात्राओं को प्रणाम पत्र वितरण किया गया।इस दौरान शांति कोल,देव सिंह वनरक्षक,माखन लाल द्विवेदी बनरक्षक,संजय प्रजापति बनरक्ष, किशनलाल नंदा, सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।